रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 167, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 पीएम के लिए विपक्ष जैसे शब्दों का...

सेंसेक्स	81,343.46 +626.91
डॉलर	83.635 +0.033

रांची सर्राफा

10 ग्राम	01 किलो
73,610	99,990

न्यूज ब्रीफ

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 26 जुलाई से होगा शुरू

रांची। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 26 जुलाई को शुरू होगा और दो अगस्त तक चलेगा। सत्र चलाने के लिए राज्यपाल की तरफ से मंजूरी मिल गई है। इस सत्र में सरकार की तरफ से कई विधेयक पारित होने की संभावना है। इसमें कुल छह कार्यदिवस होंगे। इस दौरान 29 जुलाई को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। 30 जुलाई को अनुपूरक बजट पर चर्चा की जाएगी। हालांकि, आने वाले चुनाव के मद्देनजर सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है।

श्रीलंका दौरे में सूर्यकुमार बने टी20 टीम के कप्तान

नई दिल्ली। श्रीलंका दौरे के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। जबकि, शुभमन गिल को उपकप्तान की कमान सौंपी गई है। रियान पराग, शिवम दुबे और रिंकू सिंह को टी-20 में मौका दिया गया है। वहीं, वनडे सीरीज में टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। विराट कोहली, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलते नजर आएंगे। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

दुनिया मानती है 'भारत जल्द ही बनेगा महाशक्ति'

तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत का रोजगार बाजार बढ़ रहा है और दुनिया भर के प्रमुख लोग इस बात की भविष्यवाणी कर रहे हैं कि भारत जल्द ही एक महाशक्ति बनेगा। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, ''वित्त वर्ष 2014-23 में देश में 12.5 करोड़ नौकरियां पैदा होने, ईपीएफओ ग्राहकों की संख्या दोगुनी होने और 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, भारत का भविष्य उज्ज्वल दिखता है।

इसके साथ ही एक पोस्टर भी पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, द ग्रेट इंडियन जॉब स्टोरी, इस पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने जो पोस्ट किया है, उसके अनुसार 69 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। जबकि, ऐसा मानने वाले दुनिया में लोगों का औसत 38 प्रतिशत है। यह घरेलू खपत के कारण हुआ है कि भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और ब्रिक्स और जी7 शिखर सम्मेलन जैसे मंचों पर उसका प्रभाव बढ़ा है। इसमें यह स्पष्ट तौर पर दशार्या गया है कि वित्त वर्ष 2014-23 तक 12.5 करोड़ नौकरियां देश में सृजित हुईं यानी प्रति वर्ष औसतन 2 करोड़ नौकरियां भारत में पैदा हुईं। वहीं, श्रमिकों की आय में 56% वृद्धि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान हुई है। इसके साथ ही इसमें दिखाया गया है कि भारत का एआई बाजार 2027 तक 77 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से एक आंकड़ा जारी किया गया था, जिसमें बताया गया था कि भारत में वित्त वर्ष 2014 से लेकर वित्त वर्ष 2023 के बीच 12.5 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

2014-23 में देश में 12.5 करोड़ नौकरियां पैदा हुई

2022-23 के दौरान श्रमिकों की आय में 56% वृद्धि हुई

कंस्ट्रक्शन सेक्टर में रोजगार के अवसर में काफी इजाफा हुआ है : प्रधानमंत्री मोदी

वहीं, वित्त वर्ष 2004 से वित्त वर्ष 2014 के बीच 6.6 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा हुए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एमएसएमई मंत्रालय के पास पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20 करोड़ को पार कर गया है। एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर 4 जुलाई तक के आंकड़े के अनुसार, 4.68 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई में 20.20 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसमें से 2.3 करोड़ नौकरियां जीएसटी

शेष पेज 11 पर...

मुख्यमंत्री हेमंत ने लोगों की समस्याएं सुनीं

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों से समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए आवेदनों का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया।

मैकलुस्कीगंज में रोड कंस्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों ने की फायरिंग, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के मैकलुस्कीगंज में गुरुवार दोपहर नक्सलियों ने रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस दौरान गोली लगने से कंपनी का एक कर्मी भूपेंद्र यादव बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। वारदात के बाद इलाके में दहशत है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस सर्च ऑपरेशन में जुटी है। मैकलुस्कीगंज रांची से करीब 70 किलोमीटर दूर है। करीब डेढ़ माह पहले 28 मई को भी नक्सलियों ने मैकलुस्कीगंज-खलारी रोड पर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का काम करा रही कंपनी के एक मालवाहक कंटेनर के साथ एक मजदूर को जिंदा जला दिया था। माना जा रहा है कि नक्सलियों ने लेवी (रंगदारी) की मांग को लेकर हमला किया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मियों के अनुसार, बीते मंगलवार को भी नक्सलियों ने मजदूरों के साथ मारपीट की थी। उन्होंने लेवी दिए बगैर काम चालू रखने पर गंभीर परिणाम की धमकी दी थी। इसके बाद कंपनी की ओर से पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई गई थी। इस घटना के दो दिन बाद गुरुवार दोपहर नक्सलियों का हथियारबंद दस्ता साइट पर पहुंचा और अंधाधुंध तरीके से फायरिंग करने लगा। इससे साइट पर भगदड़ मच गई। मजदूर और कर्मी इधर-उधर भागे। इसी दौरान कंपनी के मुंशी भूपेंद्र यादव को गोली लगी और वह गिर पड़े। नक्सलियों के जाने के बाद उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया।

राजस्व कर्मचारी चालीस हजार घूस लेते गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

दारू। हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को दारू प्रखंड कार्यालय से एक राजस्व कर्मचारी सीमंत दत्त को चालिस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीमंत दत्त पर यह आरोप है कि उन्होंने संतोष राम से 23 डिसमिल जमीन का म्यूटेशन करने के एवज में साठ हजार रुपये की मांग की थी। इसकी सूचना उन्होंने एसीबी को दी। एसीबी ने मामले के सत्यापान के बाद जाल बिछाया। जिसके तहत चालीस हजार रुपया घूस लेते हुए एसीबी की टीम ने दत्त को धर दबोचा। एसीबी ने दत्त से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली है। इसके बाद, सीमंत दत्त को एसीबी के हजारीबाग कार्यालय ले जाया गया, जहां उनसे डीएसपी स्तर के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि भ्रष्टाचार की इस जड़ में कितनी गहराई है।

एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले

सीबीआई व राज्य सरकार ट्रायल जल्द पूरा कराएं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन में देरी पर सीबीआई और राज्य सरकार को ट्रायल जल्द पूरा करवाने की सख्त हिदायत दी है। गुरुवार को कोर्ट ने मौखिक कहा कि एमपी-एमएलए के अपराधिक मामले को जल्द क्यों नहीं निपटाया जा रहा है। कुछ मामलों में गवाही की प्रक्रिया काफी धीमी है, गवाहों को जल्द लाकर ट्रायल प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए, ताकि जल्द से जल्द जजमेंट हो सके। ट्रायल में देरी से गवाहों पर भी असर पड़ता है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई के शपथ पत्र में सटीक जानकारी नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जताई है।

» चीफ जस्टिस सारंगी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई के शपथ पत्र में सटीक जानकारी नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जताई है

झारखण्ड उच्च न्यायालय

कोर्ट ने सीबीआई से मौखिक रूप से कहा कि कोर्ट द्वारा कई आदेश पारित करने के बाद भी आपके द्वारा शपथ पत्र में इस बात का जिक्र नहीं है कि कैसे एमपी- एमएलए के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करेंगे। अभी एमपी एमएलए के खिलाफ दर्ज अपराधिक मामलों के निष्पादन की गति काफी धीमी है। कोर्ट ने राज्य सरकार एवं सीबीआई दोनों को एक सप्ताह में यह बताने को कहा है कि एमपी झ एमएलए के मामलों में ट्रायल को जल्द पूरा करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इन दोनों को इस संबंध में शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा गया है। गुरुवार को खंडपीठ ने झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के जल्द निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में मामले में निदेशक अभियोजन कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए थे। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि निचली अदालत में एमपी-एमएलए के मामले में अगर अदालत से वे रिहा कर दिए गए हैं, तो इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विटल अपील दाखिल की गई है या नहीं।

शेष पेज 11 पर...

वाहन की विंडशील्ड पर फास्टैग नहीं लगा होने पर देना होगा दोगुना टोल

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वाहन की विंडशील्ड पर फास्टैग नहीं लगा होने पर दोगुना टोल वसूलने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकतार्ओं को जानबूझकर वाहन की विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से रोकने के लिए, एनएचएआई ने ऐसे उपयोगकतार्ओं से दोगुना उपयोगकर्ता शुल्क वसूलने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विंडस्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

आज कल


अतिक्रमण की भेंट चढ़े बरसाती नाले
अफसरों को भेंट चढ़ाने वालों की कमी कहां है आजकल।
अतिक्रमणकारी

नीट पेपर लीक केस में पटना एम्स के चार मेडिकल छात्र हिरासत में

एजेंसी

पटना । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) और अंडर ग्रेजुएट (यूजी) पेपर लीक केस में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के चार मेडिकल छात्रों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उनके मोबाइल फोन और लैपटॉप संघीय एजेंसी ने जब्त कर लिए हैं। वर्ष 2021 बैच के इन छात्रों को बुधवार रात उनके छात्रावास से हिरासत में लिया गया। इसके बाद 14 घंटे तक अज्ञात स्थान पर पूछताछ की गई।

शेष पेज 11 पर

छात्रों के लैपटॉप और मोबाइल भी जब्त

> *सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों का फोन आया था कि एक मामले की जांच के लिए कुछ छात्रों से पूछताछ करनी है। इसके बाद सीबीआई के अधिकारी यहां आए और पहले सिर्फ एक छात्र को ले गए। उसके बाद दो अन्य छात्रों को ले गए। एक छात्र खुद उनके पास गया। चारों छात्र सीबीआई के पास हैं। उन्होंने बताया कि जो चारों छात्र सीबीआई के पास हैं, उनमें सीवान निवासी चंदन सिंह, पटना के रहने वाले कुमार शानू, धनबाद के रहने वाले (फिलहाल पटना में रहते हैं) राहुल आनंद (सभी तृतीय वर्ष) तथा अररिया निवासी करम जैन (द्वितीय वर्ष) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों के लैपटॉप और मोबाइल को भी सीबीआई साथ ले गई है और उनके कमरों को सील कर दिया गया है।*
>
> **जीके पॉल,** कार्यकारी निदेशक, एम्स- पटना।

यूपी के गोंडा में बड़ा रेल हादसा : डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 5 डिब्बे पटरी से उतरे

4 की दर्दनाक मौत, 20 लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की 5 बोगियां पटरी से उतर गई हैं। 3 बोगियां पूरी तरह पलट गई हैं। अब तक 4 यात्रियों की मौत की सूचना मिली है। बड़ी संख्या में यात्री घायल हैं। क्षतिग्रस्त बोगियों में एक एसी बोगी भी शामिल है। ट्रेन का गोंडा स्टेशन पर स्टापेज था। स्पीड कम होने से बड़ा हादसा टल गया है। हादसा गोंडा-गोरखपुर रेल मार्ग पर मोतीगंज के पिकौरा गांव के पास हुआ। रेलवे व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। लखनऊ गोरखपुर रूट ब्लॉक हुआ है। ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोका गया है। बलरामपुर समेत आसपास के जिलों में अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है।

हेल्पलाइन नंबर जारी

कमर्शियल कंट्रोल :	9957555984
फुर्केटिंग (एफकेजी):	9957555966
मारियानी (एमएक्सएन):	6001882410
सिमलगुड़ी (एसएलजीआर):	8789543798
तिनसुकिया (एनटीएसके):	9957555959
डिब्रूगढ़ (डीबीआरजी):	9957555960

इंडिया

गैर शैक्षणिक कार्यों से बदहाल विद्यालय और चमकते प्राइवेट स्कूल

सुनील बादल

झारखंड में विद्यालय स्तर की निजी शिक्षा व्यवस्था ने एक बड़े उद्योग का रूप ले लिया है और बड़े व्यावसायिक घराने तक भारी भरकम पूंजी लगाकर स्कूल खोल रहे हैं जबकि कभी बड़े सरकारी अधिकारी से लेकर सफल नागरिक देने वाले सरकारी विद्यालय करोड़ों खर्च कर भी परिणाम नहीं देने के कारण हाशिए पर चले गए हैं । यूनेस्को की रिपोर्ट में भारत की विद्यालयी शिक्षा पर चिंता व्यक्त की है तो यह हमारे लिए आत्म मंथन का समय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे देश में एक लाख स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। पूरे देश में 11.16 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसमें 69 प्रतिशत पद ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की दशा और दिशा को समझने के लिए ये आंकड़े पर्याप्त हैं।भारत जैसे असमान विकास और ग्रामीण बहुलता वाले देश में सरकारी स्कूल की विशेष महत्ता है, क्योंकि निजी स्कूल अपने विस्तार में सीमित और स्वरूप में अर्थ-केंद्रित होते हैं। लेकिन विडंबना देखिए कि जहां सरकारी स्कूल उपेक्षा के शिकार हैं, वहीं निजी स्कूल के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि सरकारी स्कूल हमारे उद्देश्यों के अनुरूप सफल नहीं हो पाए हैं, लेकिन इसके लिए केवल सरकारी स्कूलों को उत्तरदायी ठहराना उचित नहीं होगा, अपितु इसके लिए हमारा सोच, हमारा घरेलू और सामाजिक परिवेश भी जिम्मेदार है, जिसमें निजी स्कूल में पढ़ने वाले को एक सामाजिक प्रतिष्ठा की दृष्टि से तथा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले को अपेक्षाकृत तिरष्कृत दृष्टि से देखा जाता है, भले ही उसमें पढ़ने वाले बच्चे कितने भी प्रतिभाशाली क्यों न हों। उपभोक्तावाद के इस युग में प्रतिभा से ज्यादा 'मार्केटिंग' और प्रतिष्ठा महत्व रखती है, जिसमें सरकारी स्कूल पिछड़ जाते हैं। समय-समय पर इस अंतराल को कम करने की कोशिश की जाती है, लेकिन दुर्भाग्यवश वे सफल नहीं हो पाते। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अगस्त 2015 में अपने एक

निर्णय में यह आदेश दिया था कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव अगले छह माह में योजना तैयार करें कि कैसे सरकारी कर्मचारियों और लोक सेवकों के बच्चे केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे। देश के अभिजात्य वर्ग ने इसे अपने 'स्टेटस' पर एक प्रहार माना और यह आदेश महज एक कागजी पत्र बनकर रह गया।निजी स्कूलों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है और कुछ लोगों की दृष्टि में वे 'सफलता के नए प्रतिमान' गढ़ रहे हैं। लेकिन यह भी सच है कि हमारे सारे निजी संस्थान मिलकर भी प्रतिभाशाली विचारक, विज्ञानी आदि पैदा नहीं कर सकते। हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय परिवेश से दूर निजी विद्यालय नौकरी और व्यवसाय के लिए फिट अभ्यर्थी दे सकते हैं पर जमीनी सच्चाईयों से अवगत नहीं करा सकते जिस कारण उन्हें योग्य नागरिक नहीं कहा जा सकता । कुछ दिनों पूर्व के सीबीएसई बोर्ड के नतीजों से पता चला है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय संगठन और जवाहर नवोदय विद्यालयों ने पिछले बार की तुलना में 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड्स में शानदार प्रदर्शन किया है। शिक्षाविदों का मानना है कि सरकारी स्कूलों की सफलता आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि वे अपने छात्रों का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं।सरकारी स्कूलों में चाहे कम प्रतिभाशाली छात्र हों या फिर ज्यादा, सब पर ध्यान दिया जाता है। स्कूलों की तरफ से कमजोर छात्रों को स्कूल के बाद अतिरिक्त कक्षाएं भी लगाई जाती हैं। जिसके चलते एक्स्ट्रा क्लासेज की भी जरूरत नहीं पड़ती है। संयम भारद्वाज, नियंत्रक, परीक्षा, सीबीएसई, कहते हैं, "केवीएस और जेएनवी में अच्छे शिक्षकों की भर्ती एक कड़ी चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है। इसके विपरीत पैरवी और राजनीतिक बाध्यता के कारण बहाल शिक्षक गुणवत्ता नहीं दे पाते जबकि राज्य सरकारों के विद्यालय के शिक्षकों को जनगणना, पशुगणना, वोटर लिस्ट बनाने से लेकर गंगा सफाई अभियान,कोविड रोकथाम अभियान,हाथ धुलाई अभियान, पौध रोपण अभियान,विश्व योगा अभियान,अग्निपथ योजना प्रसार अभियान,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड प्रचार प्रसार रिपोर्ट भेजने के कार्यों में लगा दिया जाता है, पाठ्य पुस्तकें समय पर छपकर नहीं आतीं जैसे कारणों से पढ़ाई का माहौल और समय नहीं बचता और परिणाम निराशाजनक होते हैं । 2023 से पीएमश्री आदर्श विद्यालय की बात नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी राज्यों से यह गारंटी लेने की बात कही गई थी, जिनमें शिक्षकों को किसी भी गैर-शैक्षणिक कार्य में न लगाया जाए शामिल था पर यह मात्र घोषणा बनकर रह गई ।

हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस होंगे सुजीत नारायण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी की सेवानिवृत्ति के उपरांत जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद 20 जुलाई से झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यभार संभालेंगे। दरअसल, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी 20 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। चीफ जस्टिस बीआर सारंगी का 19 जुलाई को अंतिम कार्य दिवस है। इस संबंध में भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। चीफ जस्टिस के सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को चीफ जस्टिस कार्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी को 19 जुलाई को हाई कोर्ट परिसर में औपचारिक विदाई दी जाएगी। सुजीत नारायण प्रसाद का जन्म 20 जून 1967 को हुआ था। उन्होंने एमए करने के बाद एलएलबी की पढ़ाई की।

उन्होंने हाई कोर्ट के एडिशनल जज के रूप में साल 2014 में शपथ ली थी। इसके बाद उनका स्थानांतरण ओडिशा हाई कोर्ट में कर दिया गया। इसके बाद 22 नवंबर 2018 को फिर से झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। वह ओडिशा हाई कोर्ट के ज्यूडिशियल एकेडमी के सदस्य भी रह चुके हैं।


ADMISSION OPEN
ST. COLUMBUS SCHOOL
AFFILITED TO CBSE, NEW DELHI | AFFILIATION NO- 3430355 SCHOOL NO- 66554
8789921015 | 7300183080
Direct Admisson in Class XI Science Commerce and Arts
Schoolars Program for Integrated JEE & NEET Coaching
Murgu, Ratu, Ranchi
99.84 % TUSHAR DHANUKA AIR 2403 (JEE- 2024) STATE TOPPER NSEC-2023
95.04 % ADITYA ANAND MISHRA
94.04 % SHERYA SUMAN
98.32 % SUYASH KUMAR PAUL (JEE MAINS 2024)

एक नजर

बाइक की टक्कर में एक युवक घायल

मांडर। रांची- मेदनीनगर मुख्यपथ पर स्थित शर्मा इंटरप्राइजेज के निकट हुई दो बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घटना गुरूवार शाम 8 बजे की है। बताया जाता है चान्हो के डोंबाटोली गांव के रहने वाले 18 वर्षीय मनीष टोप्पो अपने साथी जूली टोप्पो के साथ बाइक में अपने घर वापस जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर विपरीत दिशा से आरहे एक बाइक से सीधे भिड़ंत हो गया। जिससे मनीष घायल हो गया, घायल अवस्था में उसे रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी गम्भीर स्तिथि को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। बाकी को हल्की चोटे आई सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

ओरमांझी के हरचंडा में मुहर्रम मेला लगा

ओरमांझी । प्रखंड के हरचंडा गांव में गुरुवार को मुहर्रम कमेटी द्वारा ताजिया मिलन सह मेला का आयोजन किया गया। मेला में सैकड़ों लोग शामिल हुए, कई गांवों के अखाड़ों की टीम ने अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। आयोजन समिति के द्वारा अच्छे अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करनेवाले खेलधारियों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। छोटे बच्चों ने भी जमकर लाठी खेली। दर्जनों मिठाई, बांसुरी और बैलून की दुकानें मेले का मुख्य आकर्षण थीं। चौधरी ने कहा कि मुहर्रम में पहले ताजिया बनाकर गांव में घुमाई जाती थी और लोग लाठी खेलते थे।

एचइसी बचाओ समिति की श्रम व उद्योग मंत्री के साथ वार्ता आज

रांची। एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के प्रतिनिधियों की शुक्रवार को डोरंडा के नेपाल हाउस में श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मांग को लेकर दिन के 12 बजे वार्ता होगी। समिति से सीटू नेता भवन सिंह ने बताया की वाता में राजद से महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के अलावा 11 एवं एचइसी बचाओ समिति से 14 प्रतिनिधि वार्ता में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री से एचईसी प्रबंधन द्वारा लगातार श्रम कानून तोड़ने के खिलाफ कार्रवाई की मांग और जल्द ही अगली बैठक निर्धारित कर एचईसी के सक्षम पदाधिकारियों को प्रतिनिधि के तौर पर बुलाकर त्रिपक्षीय वार्ता की।

चान्हो में मुहर्रम मेले का आयोजन, अखाड़ाधारियों ने किया प्रदर्शन

इंसानियत के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दी थी

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो मुहर्रम मेला सह शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को चान्हो में किया गया। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी चान्हो के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी की अगुवाई में विभिन्न गांवों से आए अखाड़ाधारियों ने खेल का प्रदर्शन किया। बाजारटांड़ में आयोजित मेला सह शस्त्र चालन प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सेंट्रल मुहर्रम एक्शन कमेटी के अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी, मो० मोजीबुल्लाह ने तलवार भांजकर किया। कार्यक्रम में बंधु तिर्की ने कहा कि हुसैन ने सत्य, धर्म, न्याय और इंसानियत के लिए अपने प्राणों की कुबार्नी दी थी। उनके जीवन से सीख लेने की जरूरत है। मौके पर अजित सिंह, हुसैन अंसरी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर शफीक अंसारी की अगुवाई में सेंट्रल कर्बला मुहर्रम एक्शन कमेटी द्वारा अस्त्र-शास्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सोनी तबस्सुम, असीर अंसारी, एनामुल हक, इन्फाज अंसारी, अहमद अंसारी मौजूद थे।

हेरिटेज भवन का हुआ उद्घाटन

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के पुराने भवन को अब हेरिटेज (विरासत) भवन के रूप में जाना जाएगा। चीफ जस्टिस डॉ. बीआर सारंगी ने गुरुवार को हेरिटेज भवन का उद्घाटन किया। पुराने भवन में हाईकोर्ट का मध्यस्थता केंद्र और आर्बिट्रेशन सेंटर का भी उद्घाटन किया गया है। पुराने हाईकोर्ट के ह्वाईट हॉल में म्यूजियम ऑफ जस्टिस बनाया जाएगा। इसमें राज्य में अब तक की न्यायिक गतिविधियों से जुड़ी वस्तुओं और पुराने रिकॉर्ड को रखा जाएगा। पुराने हाईकोर्ट परिसर में कुछ वर्ष पहले एक नया भवन बनाया गया था। उसके निचले तल पर मध्यस्थता केंद्र और पहले तल्ले पर आर्बिट्रेशन सेंटर होगा। हाईकोर्ट के पुराने भवन में सिर्फ म्यूजियम बनेगा। मौके पर चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, हाईकोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल मो शकीर, रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे, एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार सहित हाईकोर्ट के पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

न्यूज | बॉक्स

कुरमी/ कुड़मी समन्वय समिति की बैठक संपन्न

सिल्ली। कुरमी/ कुडमी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रमुख साथियों का बैठक गुरुवार को समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रधान कार्यालय पतराहातु सिल्ली रांची में संयोजक लालचन महतो कि अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रुप से 23 जुलाई को देवेन सेवा संघ जगबन्धु कलोनी जमशेदपुर के आहुत बैठक कि तैयारी का समीक्षा एवं सफलता के सम्बन्ध में गहन विचार विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के फाउंडर सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रमंडल प्रभारियों, जिला प्रभारियों,कोर कमिटी के सदस्यों, प्रखंड प्रभारियों एवं प्रमुख समाजसेवियों को व्यक्तिगत रुप से सूचित किया जाए तथा इसका जिम्मेदारी संयोजक लालचन महतो, बंगाल प्रभारी सुभेन्दु माहातो पुरुलिया , निवारण चन्द्र माहातो बागमुन्डी , दिनेश चंद्र महतो सोनुआ पश्चिमी सिंहभूम,(कोल्हान प्रमंडल प्रभारी), प्रभु दयाल महतो पुर्व प्रमुख गोमिया सह उत्तरी छोटानागपुर एवं संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी को सौंपी गई है। इस बैठक में समाज के वर्तमान परिस्थितियों, जो अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने के लिए आगे कि रणनीति बनाने, समाज में एकजुटता कायम रखने के साथ साथ समाज के महत्वपूर्ण समस्याओं के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में चौकीदार की मौत

चान्हो। एनएच 39 पर थाना क्षेत्र के चटवल मोड़ के निकट हुए सड़क हादसे में चान्हों थाना के चौकीदार चालीस वर्षीय ननकू लोहार की मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार के दोपहर लगभग 12:00 की है। थाना से सोंस जाने के क्रम में चटवल मोड़ के निकट उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे बनी नाली के ऊपर चढ़ते हुए बिजली के पोल से जा टकराया। इस हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनके गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ननकू रघुनाथपुर पंचायत के चंपाडीह गांव के रहने वाले थे। उनका एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। अपने परिजन परिवार के हुए इकलौते कमाऊ सदस्य थे। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी असामाजिक मौत पर थाना प्रभारी अजीम अंसारी, चौकीदार संघ के किसुन मुंडा, शिवचरण लोहार, रघुनाथपुर मुखिया महादेव उरांव आदि ने शोक व्यक्त किया।

मृतका के परिजन से मिलकर दी सांत्वना

मांडर। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रोशन तिग्गा ने गुरुवार को मृतक निकेत उरांव के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया ।साथ ही उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता भी दी। आगे उन्होंने कहा कि दुःख की घड़ी में मैं आपके साथ हूं। विदित हो कि रमेश उरांव के पांच वर्षीय पुत्र निकेत उरांव की मौत गांव स्थित ईटा भट्ठा के टंकी में डूब जाने से हो गई थी। मौके पर नेल्सन तिर्की, गुलजार अंसारी, उस्मान अंसारी, फिरोज अंसारी, गैना उरांव, सोमेश्वर उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे **रांची** ।

झारखंड हाई कोर्ट ने प्रधान स्वास्थ्य सचिव से पूछा

बिना लाइसेंस के खुल रहे नर्सिंग होम व हॉस्पिटलों पर क्या कार्रवाई की जा रही

नवीन मेल संवाददाता। रांची झारखंड हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान झारखंड के प्रधान स्वास्थ्य सचिव से पूछा है कि झारखंड में बगैर लाइसेंस के खुल रहे नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटलों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बी सारंगी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कोर्ट में वर्चुअल उपस्थित रहे स्वास्थ्य सचिव से यह भी पूछा है कि नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटलों में फायर फाइटिंग की सुविधा, बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम आदि की व्यवस्था है या नहीं इसकी भी जानकारी दें। हाई कोर्ट ने इन दोनों बिंदुओं पर स्वास्थ्य सचिव से विस्तृत जवाब मांगा है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्वास्थ्य सचिव से मौखिक कहा कि राजधानी रांची सहित झारखंड के कई जिलों में बिना रजिस्ट्रेशन के नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटलों कैसे संचालित हो रहे हैं? इसपर स्वास्थ्य सचिव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अस्पताल एवं नर्सिंग होम को खोलने के लिए क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पहले प्रोविजनल लाइसेंस मिलता है, बाद में इन्हें स्थाई लाइसेंस दिया जाता है लेकिन नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटलों को स्थाई लाइसेंस देने में समय की अवधि ज्यादा लग जाती है।

पाकुड़ में सांप्रदायिक टकराव

बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का नतीजाः बाउरी

रांची। झारखंड के पाकुड़ जिले के इलामी और तारानगर गांव में गुरुवार को सांप्रदायिक टकराव की घटना को लेकर भाजपा नेताओं ने विधि-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि यह घटना बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य सरकार से मिलने वाले संरक्षण का नतीजा है। लोगों का आरोप है कि एक लड़की की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने से उत्पन्न विवाद के बाद तारानगर गांव में हिंदू परिवारों पर हमले किए गए। बीच-बचाव में आई पुलिस पर भी जमकर पथराव हुआ। झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोशल मीडिया पर लिखा, बांग्लादेशियों के गढ़ पाकुड़ के तारानगर गांव में हेमंत सरकार के संरक्षण में संप्रदाय विशेष द्वारा हिंदू परिवारों पर हमला किए जाने की सूचना मिली है। गांववासी डरे हुए हैं और स्थिति तनावपूर्ण है। इस गांव में 30 हिंदू परिवार रहते हैं। इससे पूर्व संगठित रूप से पाकुड़ के ही गोपीनाथपुर गांव में ऐसी घटना हो चुकी है, जिसे अब एक बार पुनः दोहराया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए सीएम हेमंत सोरेन को टैग किया।

2 समूहों के बीच हुई झड़प की जांच करने महुदी पहुंचे बीजेपी के नेता

रांची । बड़कागांव विधानसभा के महूदी गांव में मोहर्रम के मौके पर 2 समूहों के बीच हुई झड़प के बाद भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मामले की जांच करने महूदी गांव पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, राजमहल विधायक अनंत ओझा, गोड्डा विधायक अमित मंडल, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक किशुन दास, जमुआ विधायक केदार हाजरा, बीजेपी प्रदेश के उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बीजेपी प्रतिनिधि मंडल को महूदी के ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से मुस्लिम समाज को जुलूस निकालने का लाइसेंस राज्य सरकार दे रही वैसे ही हिंदू समाज को भी दे। महादी के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भारत में आज भी आजादी के बाद से संविधान के आधार पर कानून व्यवस्था चलाई जा रही है।

लापुंग प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में पहुंचे डॉक्टर परमेश्वर भगत

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग

पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत गुरुवार को लापुंग प्रखंड अंतर्गत देवगांव पंचायत के पोला नदी टोली, हुलसू और महुगांव पंचायत के कथकुंवारी, झोरा टोली, ससन टोली, जरिया मंगरा टोली, जरिया, जमाकेल सहित विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के साथ बैठक कर जन समस्याओं की जानकारी ली। लापुंग के पोला नदी टोली में ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि गांव में आज भी लोग नदी का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने लापुंग प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में भ्रमण कर ग्रामीणों से उनके समस्याओं से रुबरु हुए एवं गरीब मजदूर असहाय बिमारी से पीड़ित लोगों का हाल-चाल जाना। जरिया जमाकेल गांव में जल मीनार के अभाव में लोग प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। यहां पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने सड़क, बिजली कटौती, सिंचाई के लिए डिप बोरिंग, मनरेगा से सम्बंधित समस्या, स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ना मिलना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन में विलम्ब सहित कई तरह की समस्याओं से पूर्व डीडीसी को अवगत कराया । ग्रामीणों ने उनसे कहा कि अब बदलाव की जरूरत है। हम लोग 20 वर्षों से समस्याओं को झेल रहे हैं। पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने सभी समस्याओं से अवगत होने के पश्चात उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए वरीय पदाधिकारी से मिलकर जल्द ही ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने झारखंड में बाबा बैद्यनाथ के किये दर्शन

सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की मंगलकामना की

नवीन मेल संवाददाता। रांची ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने झारखंड में बाबा बैद्यनाथ, बाबा बासुकीनाथ (फौजदारी बाबा) के दर्शन किये। राज्यपाल रघुवर दास ने बैद्यनाथ धाम मंदिर में दर्शन-पूजन किया और झारखंड, ओडिशा समेत पूरे देश के लोगों के लिए सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा, बाबा के दर्शन के लिए पूरे सावन में देश-दुनिया के काफी भक्त आते हैं। उसको ध्यान में रखते हुए मैं सावन के पहले ही बाबा बैद्यनाथ और फौजदारी बाबा दोनों से आशीर्वाद लेने आया था। उनका आशीर्वाद मिला। दोनों से मैंने प्रार्थना की कि सावन के महीने में जो भी भक्त दर्शन के लिए आएं, उन सभी की मनोकामना को पूर्ण करें। झारखंड, ओडिशा समेत पूरे देश में सुख समृद्धि आए। उन्होंने आगे कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ओडिशा की जनता से वादा करते हुए जो घोषणा की थी उसके अनुरूप जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का हिसाब जनता को दिया जाएगा। रघुवर दास ने ओडिशा के पुरी स्थित मंदिर के रत्न भंडार को लेकर कहा, राज्य की वर्तमान सरकार ने रत्न भंडार को खोलने का जो निर्णय लिया, उसके लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्य के पूरे मंत्रिमंडल को बहुत-बहुत साधुवाद और धन्यवाद। उन्होंने ओडिशा की जनता की 46 साल की मांग सुनी।

ओबीसी मोर्चा ने कृषि मंत्री कौ सौंपा मांगपत्र

रांची। विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में जातीय सर्वेक्षण करने का कार्य प्रारंभ करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने गुरुवार को कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिसूचित 7 जिले में ओबीसी आरक्षण लागू करने, ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने और ओबीसी समुदाय को सीएनटी एक्ट से अलग करने या उन्हें विशेष सुविधा देने की मांग की गई। मंत्री ने कैबिनेट में चर्चा करने के साथ नेतृत्व से मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया है। मौके पर उमेश जायसवाल, दिलीप वर्मा, प्रभात शर्मा, दीनानाथ प्रसाद उपस्थित थे।

मतदाताओं के घर-घर सत्यापन कार्य का किया गया निरीक्षण

रांची । अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में, विधान सभा क्षेत्र 63, रांची के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत बी.एल. ओ के द्वारा किए जा रहे मतदाताओं का घर घर सत्यापन का कार्य का निरीक्षण किया गया। इनके द्वारा बूथ संख्या-212, 214, 215, 358, 359, 368 के मतदाताओं के घर जाकर नाम जोड़ने, नाम हटाने, मतदाता सूची में सुधार संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया की कुछ छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य लंबित है, बी. एल. ओ को निर्देश दिया गया की सभी मतदाताओं का नाम तुरंत जोड़ा जाए। साथ ही मतदाताओं को आग्रह किया गया की बी. एल. ओ. द्वारा चिपकाए गए स्टिकर को ना उखाड़ा जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल आएंगे रांची

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव की आहट के बीच भाजपा नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। इस बीच 20 जुलाई को धुर्वा के जगन्नाथ मैदान में झारखंड भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। क्योंकि विस्तारित कार्यसमिति को खुद भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। अभी तक के प्लान के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीएसएफ के विमान से 1.40 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। यहां से दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर करीब सवा घंटा यानी 3.15 तक रहेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद अमित शाह करीब 4 बजे प्रदेश भाजपा के हरमू रोड स्थित दफ्तर आएंगे और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करेंगे। यहां करीब 1 घंटा तक रुकने का कार्यक्रम है। इसके बाद वह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से करीब 7.30 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री के रांची आगमन को लेकर पुलिस की तरफ से विशेष तैयारी की गई है। उनके रूट लाइन पर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती रहेगी। अभी तक के प्लान के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री 20 जुलाई को ही रांची आने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा कई मायनों में अहम होगा। एक तरफ विधानसभा चुनाव का शंखनाद केंद्रीय गृह मंत्री करेंगे वहीं, दूसरी ओर संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेताओं के साथ बैठक भी करने वाले हैं। झारखंड बीजेपी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक 20 जुलाई को होनी है जिसे संबोधित करते हुए अमित शाह मंडल से लेकर के प्रदेश स्तर के नेताओं को चुनाव जीतने का मंत्र देंगे। धुर्वा के जगन्नाथ मैदान में आगामी 20 जुलाई को बीजेपी की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होनी है। इस कार्यक्रम में राज्य भर से 25000 से अधिक भाजपा के विभिन्न स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। विधानसभा चुनाव की कमान संभालने वाले केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी भी मौजूद रहेंगे।

रांची और गुमला से मिलीं दुर्लभ प्रजाति की तितलियां

नवीन मेल संवाददाता। रांची

संत जेवियर्स कॉलेज रांची के जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह रायपत एवं डॉ मनोज कुमार के मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर विभाग के सत्र 2021-2023 के छात्र देबासिशि महतो एवं जॉन ओसगा ने तितलियों के सर्वे के दौरान रांची के टैगोरहिल से तितली की दुर्लभ प्रजाति पोलियुरा अग्रारियस की खोज की है। इस खोज के शोधपत्र को जू प्रिंट वैज्ञानिक शोधपत्रिका ने अपने जुलाई अंक मे स्थान दिया है। पूर्व में प्राध्यापकों के मार्गदर्शन मे सत्र 2022-2024 की छात्रा दीपशिखा साहू ने भी तितलियों के सर्वे के दौरान झारखंड राज्य के गुमला के ढोडरी टोली क्षेत्र से दुर्लभ पापिलियो पोलिमेंस्टर प्रजाति के तितली की पहली बार खोज की। यह शोधपत्र मोर्फोलोजिकल विवरण के साथ ईजेपीएमआर नामक शोधपत्रिका के जून, 2024 अंक मे प्रकाशित हुआ था। डॉ मनोज कुमार ने बताया कि दोनों ही दुर्लभ प्रजाति की तितलियों का झारखंड में मिलना महत्वपूर्ण खोज है। उन्होने बताया की पोलियुरा अग्रारियस प्रजाति भारत के पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, और मध्यप्रदेश आदि राज्यों में पाया जाता है, मगर झारखंड में इस प्रजाति के मिलने का यह पहला मामला प्रकाश में आया है। वहीं अभी तक माना जाता था कि पापिलियो पोलिमेंस्टर सिर्फ दक्षिण भारत और श्रीलंका मे पायी जाने वाली एक स्वाल्लोटेल प्रजाति की तितली है।


दुर्लभ प्रजाति की तितलियों का झारखंड में मिलना महत्वपूर्ण खोज है।

विद्यार्थी तितलियों के विविधता पर शोध कर रहे हैं

ज्ञात हो कि डॉ मनोज कुमार के मार्गदर्शन मे स्नातकोत्तर जीवविज्ञान विभाग के एंटोमोलोजी स्पेशलाइजेशन के विद्यार्थी निरंतर तितलियों के विविधता पर शोध कर रहे हैं। अभी तक उनके मार्गदर्शन में विभिन्न वैज्ञानिक शोध पत्रिकायों में एंटोमोलोजी स्पेशलाइजेशन के विद्यार्थियों के कई शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह रायपत ने बताया कि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा, एसजे, उप प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे एवं डॉ फादर अजय मिंज एसजे के मार्गदर्शन मे कॉलेज प्रबंधन हमेशा शोध कार्यों को बढ़ावा देता रहा है, और यह दोनों प्रजातियों की खोज इसी समर्थन और मार्गदर्शन का नतीजा है। उन्होंने कहा की ये खोज और शोध प्रकाशन छात्रों के मेहनत और अथक प्रयास का नतीजा है।



पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

रांची। खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की मिल रही शिकायत पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, मोनी कुमारी ने गुरुवार को अनुभाजन क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। वार्ड संख्या-02 के जन वितरण प्रणाली दुकानों में वेइंग मशीन पर अलग से वजन (बटखरा) रख कर कम वजन कर खाद्यान्न की आपूर्ति एवं किसी को सिर्फ गेहूं तो किसी को सिर्फ चावल देने की शिकायत मिली थी। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा विनोद कुमार सिंह (अनुज्ञप्ति सं॰-119/87), कलावती देवी (अनुज्ञप्ति सं॰-02/17) शकुन्तला देवी (अनुज्ञप्ति सं॰-46/2018) के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। एसओआर द्वारा तीनों डीलरों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

जाकिर हुसैन पार्क से सुजाता चौक तक हटाया गया अतिक्रमण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी में अतिक्रमण हटाने का क्रम लगातार जारी है। गुरुवार को जाकिर हुसैन पार्क से सुजाता चौक (बीग बाजार) तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौकान सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया गया साथ ही फुटपाथ पर रखी दुकानदारों के सामान को भी जब्त कर लिया गया। रांची पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी इस अभियान में शामिल थे। ट्रैफिक डीएसपी-1 प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौराण जब्त समानों को नगर निगम ऑफिस में फाइन जमा कर दुकानदार वापस से सकते हैं। राजधानी रांची के लिए अतिक्रमण जाम का प्रमुख कारण बना हुआ है। आए दिन जहां-तहां दुकान लगाने और गाड़ियां पार्क करने शहर में जाम की समस्या बनी रहती है। इससे लोगों को काफी दिक्कतो का शामना करना पड़ता है।

अतिक्रमण हटाने का शुरूआत जकीर हुसैन पार्क से किया गया। उसके बाद एसबीआई हेड ऑफिस, रेडियम रोड चौक, कमिशनर ऑफिस, डीडीसी ऑफिस, नगर निगम होते हुए फिरायालाल से आगे बढ़ते हुए सुजाता चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। इस अतिक्रण विरोधी अभियान के इंचार्ज एसआई सिकंदर बेसरा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए हाई कोर्ट का भी निर्देश प्राप्त हुआ है। अभी हमलोगो ने रेडियम रोड चौक को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कराया है।

जब्त समानों को नगर निगम ऑफिस में फाइन जमा कर दुकानदार वापस से सकते हैं

अतिक्रमण हटाने के लिए हाई कोर्ट का भी निर्देश प्राप्त हुआ है : एसआई सिकंदर बेसरा

> हमलोग ये अभियान जाकिर हुसैन पार्क से चला रहे हैं, यह बीग बाजार तक चलेगा। अभी ये अभियान प्रति दिन चलेगा, मेरे नेतृत्व में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। रोड़ के दोनो तरफ अतिक्रमण से जाम की समस्या हो रही है। इसे देखते हुए आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।
>
> ट्रैफिक डीएसपी-1- प्रमोद कुमार केशरी

राज्य में 20 के बाद मूसलाधार बारिश होगी

रांची। झारखंड में 20 जुलाई के बाद मूसलाधार बारिश होनी की उम्मीद है। मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि झारखंड के दक्षिणी हिस्सों और कोल्हान में तेज बारिश के आसार हैं। बता दें कि झारखंड में कम हो रही बारिश की वजह से लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। रांची सहित राज्य के कई जिलों में इसका असर दिखने लगा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन दोनों ही कमजोर हुए हैं। इस वजह से इन दिनों अच्छी बारिश नहीं हो रही है। 20 जुलाई के बाद राज्य के जिन इलाकों मे भारी बारिश होगी उनमें झारखंड के दक्षिणी हिस्से शामिल हैं। कोल्हान में तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने भारी बारिश का लेकर अलर्ट भी जारी किया है। देवघर, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री तक रहने की संभावना है।

माउथ कैंसर की रोकथाम के लिए वर्चुअल मोड में प्रशिक्षण शुरू

रांची। माउथ कैंसर की रोकथाम, पहचान और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखण्ड की नर्सों के लिए वर्चुअल मोड में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम गुरुवार को रांची सदर अस्पताल परिसर के झारखण्ड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल से प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नर्सिंग सेल, ईसीएचओ इंडिया और झारखण्ड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल के सहयोग से प्रारंभ किया गया है। पहले बैच में 90 नर्सों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम तीन महीने में वर्चुअल मोड में पूरा होगा, जिसमें डेढ़-डेढ़ घंटे के कुल छः सेशन होंगे। ओरल कैंसर], डायग्नोसिस, स्क्रीनिंग सहित अन्य प्रमुख बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत नर्सों को ट्रेनिंग दी जायेगी, ताकि मुंह के कैंसर की रोकथाम में मदद मिल सके।

निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे विश्वविद्यालय प्रशासन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल रित्विक राज के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात किया। वहीं विश्वविद्यालय के आईटी विभाग में मार्क्स हेरा फेरी कर नामांकन में हो रहे गोरखधंधे को लेकर पुनः डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन करवाने को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के शिव प्रकाश शुक्ला ने कुलपति से कहा कि आईटी विभाग में नामांकन में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। इसकी निष्पक्षता से जांच की जाए। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आईटी विभाग में जितने भी नामांकन हुए हैं, सभी का पुनः डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करने का आदेश दिया। डॉक्यूमेंट की दोबारा जांच होते ही मार्क्स में हेरा फेरी के कई मामले सामने आए। मामला उजागर होते ही युवा आजसू के सदस्यों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति से सभी विभाग में इस सत्र के नामांकन डाक्यूमेंट्स की पुनः जांच करने की मांग की। सुमित साहू ने कहा कि अगर 48 घंटे में दोषियों पर कार्रवाई कर उन्हें पदमुक्त एवं विश्वविद्यालय परिसर में दलाल प्रवृत्ति के लोगों का प्रवेश वर्जित नहीं किया गया तो युवा आजसू विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेगी। मौके पर मौजूद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आईटी विभाग में जितने भी नामांकन मार्क्स की हेरा फेरी करके की गई हैं, उन सभी नामांकन को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाएगा एवं आईटी विभाग के क्लर्क को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त किया जाता है। इस मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है जो 48 घंटे में सभी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

जगन्नाथपुर मेले में छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर आफत

अधिक शुल्क वसूली से डिवाइडर पर लगाये दुकान

रांची। राजधानी का प्रसिद्ध जगन्नाथपुर मेला संपन्न हो चुका है। रथयात्रा के मौके पर यहां वर्षों से मेला लगता आ रहा है। मेला में यहां कई प्रदेशाों के कारिगर अपने उत्पाद लेकर आते हैं ताकि ठीकठाक कमाई हो जाए। लेकिन इस वर्ष मेला में आये अधिकर कारीगर परेशान दिखे। अच्छी बिक्री नहीं होने व मेला शुल्क ज्यादा होने से इस बार उन्हें निराश होना पड़। मालूम हो कि मेले में पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री ज्यादा होती है, इसमें ढोल-मांदर, गुलेल, लाठी-डंडा, परंपरागत हथियार, घर के सामान आदि शामिल हैं। एक तो बिक्री अच्छी नहीं हुई दूसरे दुकानदारों से ठेकेदारों द्वारा अधिक शुल्क वसूली ने कारीगरों की कमर तोड़ दी। मेले में आए कुछ करीगरों ने बताया कि इस बार तो खाने-पीने, रोजी-रोटी पर बन आई। ऐसे में अगले साल मेले में आने को लेकर उनमें खास उत्साह नहीं दिखा। इसकी जानकारी मेला प्रबंधक समिति को भी मिल चुकी है। अब उन्हें मेले को सजीव और आर्थिक रूप से व्यावहार्य बनाए रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।

– अमृता कुमारी, पत्रकारिता विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची।

बिक्री घटी, सड़क भी जाम हुई

मारवाड़ी कॉलेज में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई शुरू हो : विशाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार से मिला व मांग पत्र सौंपा। मौके पर विशाल कुमार यादव ने कहा मारवाड़ी महाविद्यालय में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई शुरू करने, बीसीए-बीकॉम की सेकेंड शिफ्ट शुरू करने का प्रपोजल तैयार कर रांची विश्वविद्यालय भेजें। विगत कुछ दिनों पहले ही मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य से पत्राचार एवं मौखिक रूप से इन सभी मसलों पर बातचीत हुई थी। इस पर उन्होंने कहा था कि विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना महाविद्यालय में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई एवं बीसीए, बीकॉम का सेकंड शिफ्ट प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। इसके बाद युवा आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू व डायरेक्टर वोकेशनल स्टडीज से इस मामले को लेकर गहन वार्ता हुई। वार्ता के उपरांत रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू एवं डायरेक्टर वोकेशनल स्टडीज ने कहा मारवाड़ी महाविद्यालय से उन्हें इस मामले पर अभी तक कोई प्रपोजल प्राप्त नहीं हुआ है।

जयराम महतो ने हाईकोर्ट से मांगी अग्रिम जमानत

रांची। जेबीकेएसएस अध्यक्ष जयराम महतो ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए झारखंड हाईकोर्ट में गुहार लगायी है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। फिलहाल जयराम महतो की अग्रिम याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। इससे पहले 18 जून को रांची सिविल कोर्ट ने जयराम महतो को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अब उन्होंने हाईकोर्ट का रूख किया है। बता दें कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया था। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी।

रिम्स की अव्यवस्था से परेशान हैं मरीज और उनके परिजन

रिम्स में पिछले 11 महीने से लिफ्ट ऑपरेटरों को नहीं मिला है वेतन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के सूदूरवर्ती गांवों के लोगों का मानना है कि मरीज को रिम्स ले जाया जाए तो यह जीवनदायी अस्पताल सबका कल्याण करेगी। इसी भरोसे और उम्मीद के साथ मरीज के परिजन रिम्स आते हैं। लेकिन आने के बाद की स्थिति को जब वे देखते हैं तो उन्हें घोर निराशा हाथ लगती है। लिफ्ट खराब हैं अब मरीज उपर के तल्ले पर कैसे जायें। इसके अलावा शौचालय जाते हैं तो बदबू से परेशान हो जाते हैं। वहीं शौचालय भी टूटा मिलता है। यहां तक कि शौचालय में दरवाजा भी नहीं है। साफ-सफाई भी कोशों दूर है। सुपर स्पेशलिस्ट बिल्डिंग में फर्श पर खून के धब्बे बिखरे हुए हैं। खून के धब्बे पूरे क्षेत्र को प्रदुषित करते हैं। महामारी फैलने का खतरा बना रहता है।

इस संबंध में सांसद संजय सेठ ने कहा था कि अब मरीजों के परिजनों को बरामदे में नहीं सोना होगा। परंतु 310 बेड के आश्रय गृह के उद्घाटन के बावजूद मरीजों के परिजन को आश्रय गृह की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अभी भी मरीज के परिजन बरामदे में ही रात-दिन गुजारते हैं। रिम्स में अपने दर्द का बयां करते हुए रांची के कडरू निवासी मरीज आसमा खातून की बेटी राहिला आसिफ ने कहा कि उनकी मां पर छत का टुकड़ा गिर गया था जिससे उनकी कंधे और पंजरे टूट गए हैं। ट्रामा सेन्टर के इलाज के बाद आईसीयू में रखा गया था। आईसीयू में स्टेबल होने के बाद मरीज आसमा खातून को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट करना था परंतु वह अभी भी पिछले पांच दिन से उन्हें आईसीयू में ही रखा जा रहा है।

STAIRS
EXIT
9
1st FLOOR

रिम्स में 10.6 किलो के स्तन ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रिम्स को एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल हुई है। गुरुवार को रिम्स के सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग के डाक्टरों ने एक 60 वर्षीय महिला से 10.6 किलोग्राम का स्तन ट्यूमर सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर के हटाया गया है। पिछले 15 वर्षों से इस बीमारी से पीड़ित महिला के जीवन की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो गई थी और ट्यूमर के आकार के कारण चलने-फिरने और दैनिक गतिविधियों को करने में असमर्थ हो गई थी। कुछ समय पहले वह रिम्स में बेहतर इलाज के लिए भर्ती हुई थी। उम्र और कई हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण यह अत्यधिक जोखिम भरी सर्जरी थी, जिसे प्रोफेसर शीतल मलुआ के मार्गदर्शन में सर्जरी व निश्चेतना विभाग के चिकित्सकों की ओर से अत्यंत कुशलता और सटीकता के साथ पूरा किया गया। सर्जिकल टीम में डॉ कृष्ण मुरारी, डॉ खुशबू रानी, डॉ जेनिथ एच केरकेट्टा, डॉ अभिषेक साव और डॉ नेयाज शामिल थे निश्चेतना की टीम में डॉ विश्वनाथ, डॉ भारती और डॉ प्रियंका शामिल थीं। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में काफी तेजी से सुधार हो रहा है।

न्यूज बॉक्स

शतरंज प्रतियोगिता में विक्रम कुमार और शांभवी कुमारी बने प्रथम विजेता

एक दिवसीय
स्व. श्री हरि नारायण सिंह मेमोरियल
चेस प्रतियोगिता

रांची। रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल सीसीएल में गुरुवार को एक दिवसीय स्व हरि नारायण सिंह शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कर्ता रिलेशंस और इस प्रतियोगिता के प्रायोजक अजय सिंह थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल के लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में बालक वर्ग केविक्रम कुमार प्रथम,अर्पित कुमार द्वितीय औरअपूर्व कुमार तृतीय स्थान पर विजयी हुए। जबकि बालिका वर्ग में शांभवी कुमारी प्रथम,श्रेया कुमारी द्वितीय औरअनीशा कुमारी तृतीय स्थान पर विजयी रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एन आचार्य, समाजसेविका बिंदु देवी,अल्पाइन इन्फोटेक के निदेशक अजय कुमार सिंह, वीणा सिंह,संजय सिंह, विभा सिंह, रूद्र कुमार सिंह,जय श्रीवास्तव,शुभम चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटे अनूप का एयरपोर्ट पर स्वागत

रांची। अंडर -15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर लौटे अनूप कुमार का गुरुवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर झारखंड कुश्ती संघ और झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अनूप कुमार का रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर बाजे गाजे, फूल बुके, माला से झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार के जरिये भव्य स्वागत किया गया। साथ में जेएसएसपीएस के अधिकारी पुष्पा हांसदा, मुकुल टोप्पो, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह शामिल थे। मौके पर कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक राजीव रंजन और कुश्ती खिलाड़ी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के बाद जेएसएसपीएसअकादमी में सीईओ जी के राठौर और उनकी टीम ने भी अनूप से मिलकर उसे खूब सारी बधाईयां दी। उल्लेखनीय है कि 16 जुलाई से 18 जुलाई तक थाईलैंड में आयोजित अंडर-15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में अनूप कुमार ने भारतीय कुश्ती टीम की झोली में रजत पदक जीतकर न केवल अपने राज्य झारखंड, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है।

मारवाड़ी युवा मंच ने किया बच्चों के बीच स्टेशनरी का वितरण

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में 9 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने गुरुवार को पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में राणी सती विद्यालय राणी सती मन्दिर लेन मे बच्चों के बीच ड्रॉइंग कॉपी, कलरिंग बुक एवं स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक मंच के युवा सदस्य मुकेश जांगिड़ एवं रवि गोयल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष दीपक गोयनका, मनीष लोधा, निवर्तमान अध्यक्ष अमित चौधरी, निकुंज पोद्दार, अंकित टांटिया, विकाश गोयल, विकाश अग्रवाल, अजय खैतान, अमित जांगिड़ एवं अन्य युवा सदस्य उपस्थित थे।

चांदन द्वादशी पर श्याम बाबा को अर्पित किया गया खीर चूरमा का भोग

रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 7 बजे से 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया । भोग के मुख्य यजमान मनोज सिंघानिया अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्वप्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं सिंघानिया परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को ठंडा शुद्ध पिय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था । आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 250 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आईपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डालटनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

गांवों के समग्र विकास के लिए हों एकजुट एक दूसरे की मदद को रहें तत्पर : मोहन भागवत

विकास एक निरंतर प्रक्रिया, एक साथ सबका विकास हो इसी में देश और समाज का हित

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

विकास भारती, बिशुनपुर ने गुरुवार को ब ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि गांवों के समग्र विकास को लेकर एकजुट होने की जरूरत है। एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहें। मोहन भागवत ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। एक साथ सबका विकास हो इसी में देश और समाज का हित है कऔर जो लोग अपने पास से संसाधन लगाकर लोगों की सेवा करते हैं वही बड़े होते हैं कलगातार एकजुट होकर कार्य करने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है। एक दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास और जो अपने साधनों से सेवा करते हैं, वे महान हैं, जिनके पास सबकुछ है और जो किसी की सेवा नहीं करते, वे कुछ नहीं हैं। कई आदिवासी क्षेत्रों का विकास भले ही समुचित न हो, लेकिन मिलजुल कर लगातार काम करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मनुष्य आज जीवन जी रहा है, वह प्रकृति के अनुकूल नहीं है। जल्द ही अगर हम प्रकृति का दोहन करना बंद नहीं करते तो इसका मनुष्य जाति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सृष्टि के संपूर्ण जीव-जाति से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। हमें प्रकृति से पोषण पाने के लिए प्रकृति को भी पोषित करना होगा।

सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिले, इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं : अशोक भगत

ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता
18 जुलाई 2024
आयो... विकास भारती बिशुनपुर

विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से संस्था लगातार लोगों के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। हमने 10 करोड़ पेड़ लगाए गए। सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले, इस दिशा में भी कार्यकर्ता लगातार काम कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, अरुण उरांव, प्रवीण सिंह, किरणमाला, शिव शंकर उरांव, विनय लाल. संजय कुमार, रंजन चौधरी, आशा लकड़ा सहित काफी संख्या में संघ के अतिथि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद मोहन भागवत सहित अन्य अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। सरसंघचालक के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की तैनाती गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था में इंस्पेक्टर गुमला, एसडीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य प्रखंडों से आए हुए पदाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात थे। बिना पास के कार्यक्रम स्थल पर किसी की एंट्री नहीं थी।

हृदय नंद तिवारी के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार

रांची। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम के सीए हृदय नंद तिवारी के खिलाफ कोर्ट ने इश्तेहार जारी कर दिया है। गुरुवार को पीएमएल के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की विशेष कोर्ट ने हृदय नंद तिवारी के खिलाफ इश्तेहार जारी किया है। हृदय नंद तिवारी गढ़वा जिला के कचहरी रोड का रहने वाला है। उनपर वीरेंद्र राम के द्वारा टेंडर घोटाला के जरिए कमाए गए पैसों को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर वाइट मनी में तब्दील करने का आरोप है। मामले में दाखिल पूरक अभियोजन शिकायत(चार्जशीट) पर अदालत ने 22 अगस्त 2023 को संज्ञान लिया था। इसमें हृदय नंद तिवारी का भी नाम था। इसी के बाद से उसकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। इस मामले में पूर्व मंत्री आमलगीर आलम, उनका पीएस संजीव कुमार लाल और उसके नौकर जहांगीर, बीरेंद्र राम सहित 13 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल है।

न्यूज बॉक्स

राज्यपाल से मिले राज्यसभा सांसद

रांची । राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को राज्य सभा सांसद एम थंबीदुरई ने राज भवन में मुलाकात की। इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया।

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने की जमानत याचिका दाखिल

रांची। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अपनी जमानत के लिए गुरुवार को गुहार लगाई है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है ईडी की ओर से दाखिल की गई आरोप पत्र पर कोर्ट संज्ञान भी ले चुका है। आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था।पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव और उसके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.20 करोड़ रुपए बरामद हुए थे।

महिला नक्सली जया दी रिम्स रेफर

राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची
केन्द्रीय आकस्मिकी
CENTRAL EMERGENCY
प्रवेश द्वार

गिरिडीह। गिरिडीह जेल में बंद महिला नक्सली जया दी उर्फ चिंता को भारी सुरक्षाा व्यवस्था के बीच रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। नक्सली प्रयाग की पत्नी जया को चौथे स्टेज का कैंसर होने के साथ हाईपॉवर का जॉन्डिस भी निकला। पिछले कुछ दिनों से जेल में बंद होने के बाद जया की तबीयत अधिक खराब होना शुरू हुआ, तो उसे जेल के चिकित्सक से इलाज कराया गया। इस दौरान जेल के चिकित्सक रिम्स रेफर करने का सुझाव दिया, तो सिविल सर्जन के जरिए ही जया को रेफर कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन हुआ और गुरुवार को उसे सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। इधर इसी महिला नक्सली जया को धनबाद के असर्फी अस्पताल में नाम छिपाकर इलाज कराने के आरोप में बिहार के जमुई के सिकंदरा थाना क्षेत्र के पतंबर गांव के ग्रामीण चिकित्सक डा. शोभाकांत पांडेय और उसकी महिला मददगार जमुआ थाना क्षेत्र के गणियाडीह गांव निवासी पार्वती हांसदा उर्फ पारो के खिलाफ खुखरा थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। खुखरा थाना में थाना प्रभारी निरंजन कच्छप के फर्द बयान के आधार पर चिकित्सक और महिला मददगार पारो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. क्योंकि पूछताछ में दोनों ने कबूला कि उनदोनों ने ही जया को धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराए थे, और जया का नाम छिपाकर इलाज करा रहे थे।

मुख्यमंत्री ने रिम्स के पुनर्विकास व विस्तार योजना की ली जानकारी

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह ने मुलाकात कर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह के बीच राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के नए पुनर्विकास और नये निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कार्य योजना की बिंदुवार जानकारी लेते हुए विभागीय प्रधान सचिव को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार उपस्थित थे।

गोंदा सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की हो गिरफ्तारी : आरती कुजूर

रांची। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गोंदा थाना पहुंची। वहीं थाना प्रभारी से मामले की जानकारी ली। भाजपा नेत्रियों ने थाना प्रभारी से सभी अभियुक्तों को त्वरित गिरफ्तार करने, नाबालिक बच्ची और उसके परिवार को सुरक्षा देने, पीड़िता को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज खत्म हो गई है। लगातार झारखंड में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना बढ़ी है। इटकी की घटना, मधुपुर की घटना, दुमका की घटना, पाकुड़ में महिलाओं के साथ मारपीट की घटना घटी, लेकिन इन सभी मामलों पर हेमंत सोरेन मौन हैं। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, मंजुलता दुबे, माया सिंह सिसोदिया, अमिता भाटिया, पूजा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, बबली कुमारी शामिल थी।

रंकिणी मंदिर जादुगोड़ा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक कार्यान्वित की जाने वाली अधिसूचित वनभूमि पर पौधरोपण एवं भू-संरक्षण योजना (जनजातीय क्षेत्र उपयोजना) के अन्तर्गत रंकिणी मंदिर, जादुगोड़ा के पास स्थित स्थलों के विकास के लिए कुल 1503.62 लाख (पन्द्रह करोड़ तीन लाख बासठ हजार रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के प्रस्ताव एवं तत्संबंधी योजना प्राधिकृत समिति हेतु संलेख प्रारूप पर अपना अनुमोदन प्रदान किए हैं।

हटिया रेलवे स्टेशन से 14.4 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



रांची । रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 14.4 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तरप्रदेश के एटा निवासी मोहित परासर और बिहार के बेतिया निवासी विकास कुमार सिंह शामिल है। बरामद गांजा की कीमत सात लाख 22 हजार आंकी गयी है। उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने गुरुवार को बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अवैध मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 15027, संबलपुर गोरखपुर एक्स्प्रेस में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया । संदेह के आधार पर उसे व्यक्ति के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से गांजा बरामद किया गया। उसके निशानदेही पर एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । वह अगली बोगी से पकडा गया और उसके पास से भी गांजा बरामद किया गया।

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो ने भाजपा को घुसपैठिया और मदरसा मुद्दे पर घेरा, कहा

भाजपा मुद्दाविहीन हो गयी है, उसकी सही सोच अब सामने आने लगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर भाजपा पर कई गंभीर आरोप लगाये और पार्टी नेताओं को घुसपैठिया और मदरसा जैसे मुद्दों पर घेरा। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के नेता जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल इन दिनों कर रहे हैं, उससे जहर की बू आने लगी है। कहा, भाजपा जो इन दिनों मुद्दाविहीन है, उसकी सही सोच अब सामने आने लगी है। पीएम नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं। सबका विश्वास की बात करते हैं। लेकिन भाजपा के एक नेता का कहना है कि सबका साथ नहीं, जो हमारे साथ, उसका विकास। भट्टाचार्य ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने शायद ही, एक भी मुसलमान उम्मीदवार उतारा हो। भट्टाचार्य ने आगे कहा, भाजपा विधानसभा में भी मुसलमान उम्मीदवार को टिकट देने से कतराती है। राजस्थान में सिर्फ एक सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट देती है। भाजपा की ओर से एक बड़ी मुस्लिम आबादी की कहीं से भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है। कहा, भाजपा की ये धारणा पहले से स्थापित है। कहा, सीधा ये कह देना कि भाजपा में अब अल्पसंख्यक मोर्चा की अब जरूरत ही नहीं है, इसको बंद कर देना चाहिये, इससे भाजपा की असली सोच जाहिर होती है। कहा, झारखंड आकर भाजपा के नेता दो ही मुद्दों की बात करते हैं। एक घुसपैठिया और दूसरा मदरसा। लेकिन गृहमंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार घुसपैठ के सबसे अधिक प्रयास त्रिपुरा में होते हैं और सफल भी होते हैं। सुप्रियो ने कहा, त्रिपुरा में पिछले 8 साल से भाजपा का शासन है। भाजपा के पास 10 साल से सीमा सुरक्षा का जिम्मा है। कहा, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा स्वीकार भी करते हैं कि सबसे अधिक घुसपैठ असम में हुई है। इसके बाद रोज एक नया-नया ट्विट बाबूलाल मरांडी करते हैं। कहा, क्या सच्चाई है क्या सच्चाई नहीं है, ये भाजपा के नेता भी नहीं बता पायेंगे।

घुसपैठिया मुसलमान को हेमंत सरकार में जमाई का दर्जा : प्रतुल

झारखंड मुक्ति मोर्चा बाबूलाल फोबिया से ग्रसित, ट्वीट से भी हो जाता है भयभीत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार 1,2 और 3 में बांग्लादेशी मुसलमान घुसपैठियों को जमाई का दर्जा प्राप्त है। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद राज्य सरकार इन घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर निकालने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही।इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय में शपथ पत्र भी उपायुक्त की जगह कनीय अधिकारी दे रहे हैं। यह साफ दिखता है कि घुसपैठियों के मुद्दे पर राज्य सरकार तुष्टिकरण की आग में अंधी हो गई है। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए संकल्पित है। सत्ता में आने पर वह हर प्रयास करेगी कि यह बांग्लादेशी घुसपैठियें इन आदिवासी बेटियों से ठग कर विवाह कर लव जिहाद ,लैंड जिहाद और पॉलिटिकल जिहाद ना कर पाए । राज्य सरकार के ही स्पेशल ब्रांच ने 2 जून, 2023 को पत्र लिखकर इस बात को स्वीकारा था कि संताल के मदरसों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम घुसपैठियों को ठहराया जाता है। उनके दस्तावेज भी तैयार किए जाते हैं।फिर उन्हें बसाया जाता है।प्रतुल ने कहा सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण हेमंत सरकार लागातर मुस्लिम घुसपैठियों को आदिवासियों के हक पर डाका डालने दे रही है। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ ,सबका विकास, सबका विश्वास के फामूर्ले पर काम करती है। वह वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति पर विश्वास नहीं करती । प्रतुल ने कहा अब समय आ गया कि एक बार यह रियलिटी चेक हो कि इन मदरसों से मुसलमान बच्चों को वास्तविकता में कितना फायदा मिल रहा है।अगर इन बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए तो यह समाज में अपना बेहतर योगदान दे पाएंगे। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण इन मुस्लिम बच्चों का विकास नहीं चाहती।

राज्य में हिंदू समाज को अल्पसंख्यक बनाने की हो रही साजिश : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री प्रकाश गुरुवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवम विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा परिवार की नही बल्कि सभी वर्गों की पार्टी है। भाजपा का स्वरूप सर्व स्पर्शी और सर्व व्यापी है। यह पार्टी जन की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही आज तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी विश्राम नही लेना है। एक लक्ष्य पूरा हुआ है दूसरा अभी बाकी है। कहा कि केंद्र में मजबूत सरकार बनाने के बाद अब झारखंड के ठगबंधन सरकार को भी उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने न केवल विकास को बाधित किया बल्कि राज्य की खनिज संपदा, जल- जंगल, जमीन को लूटने और लुटवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि अभी बेल पर छूटे है लेकिन भ्रष्टाचार की कोई शिकन तक नही। आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने में देर नहीं की। उन्होंने कहा कि ठगबंधन सरकार ने आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा महिला किसान मजदूर सभी वर्ग को धोखा दिया। युवा आज नौकरी के लिए दर-दर भटक रहा है। किसान अपने बकाए के लिए तरस रहा। बहन बेटियां घरों में सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे हालात में यह सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षण कर रही। राज्य में पाकिस्तान जिंदाबाद, फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारा लगाने वाले निर्भीक हैं। कहा कि राज्य की डेमोग्राफी बदल रही।

झारखंड में विकास शून्यता की है स्थिति, अपराधी हैं बेखौफ : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हेमंत सोरेन सरकार के सारे वादे फेल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता 24 घंटे 365 दिन पार्टी के लिए समर्पित है। केवल चुनाव में नही बल्कि प्रतिदिन पार्टी की नीतियों,कार्यक्रमों के लिए जनता के पास जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सम्मान पार्टी का फर्ज है। मरांडी ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार यह जनता के आशीर्वाद एवम कार्यकर्ता के प्रयास और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों से लगातार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित की सेवा में समर्पित है। लेकिन राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाने ,भटकाने और अटकाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम ने इंडी गठबंधन को आइना दिखाया है। राज्य में जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि झारखंड केवल लूट, झूठ और भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। आज खान, खनिज ,बालू, पत्थर की लूट मची है। अपराधी बेखौफ हैं। जेल से रंगदारी मांगी जा रही। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दिया जा रहा। संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही। उन्होंने कहा कि राज्य में देश विरोधी ताकतें सक्रिय है। सत्ताधारी गठबंधन वोट बैंक के कारण उनका संरक्षण कर रहा।कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इस भ्रष्ट निकम्मी सरकार को सबक सिखाने केलिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमे बार बार केंद्र सरकार की उपलब्धियों और हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करने केलिए जन जन तक जाना है।

22 को चैंबर भवन में बीएसएनएल के शिविर का आयोजन

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दूरसंचार उप समिति की बैठक गुरूवार को चैंबर भवन में आयोजित हुई। बैठक कि अध्यक्षता उप समिति चेयरमैन अनीश सिंह ने की। बैठक में आगामी 22 जुलाई सोमवार को चेंबर भवन में आयोजित की जाने वाली बीएसएनल की सिम पोर्टिंग कैंप के कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में चर्चा हुई। उप समिति अध्यक्ष अनीश सिंह ने बताया कि 22 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक चेंबर भवन में बीएसएनल का एक सिम पोर्टिंग कैंप का आयोजन किया गया है। जहां पर आम जन अपने किसी भी सिम को बीएसएनएल के 4जी सिम में पोर्ट करा सकते हैं साथ ही बीएसएनएल के पुराने उपभोक्ता अपने 3 जी सिम को 4जी सिम में एक्सचेंज कराकर नया सिम ले सकते हैं। जो भी व्यक्ति बीएसएनएल के नए कनेक्शन को लेना चाहते हैं वह भी इस कैंप में आकर नया सिम इशू करा सकते हैं।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में व्याख्यानमाला का आयोजन

युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी, हमें देश की गरिमा व सम्मान का ध्यान रखना चाहिए : शंकरानन्द

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय शिक्षण मण्डल झारखण्ड प्रांत व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विवि के सभागार में एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया । जिसका विषय 'विजन फॉर विकसित भारत' था। इस व्याख्यान माला कार्यक्रम के मुख्यवक्ता अखिल भारतीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मंडल के बीआर शंकरानन्द थे और व्याख्यान माला की अध्यक्षता प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। शंकरानन्द ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने देश की गरिमा व सम्मान का सर्वोच्च प्राथमिकता में ध्यान रखना चाहिए। ये युवाओं का भारत युवाओं के द्वारा और युवाओं के हित के लिए सतत निर्वद्ध रूप से निर्विघ्न प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत माता विश्व सिंहासन पर विराजमान होंगी । ये युवाओं का प्रमुख दायित्व भी है। आज के युवा कल के भविष्य है यही युवा देश गढ़ने का कार्य करेंगे। इनका सकारात्मक सोंच से ही यह संभव है। इसी कड़ी में विजन फॉर विकसित भारत के अन्तर्गत यह शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश भर में किया गया। इसका समापन 15 से 17 नवम्बर को दिल्ली में होना निश्चित हुआ है। इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि विजन फॉर विकसित भारत शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के विभिन्न विषयों को विस्तार से बताये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और 100वर्ष पूरे होने तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के कंधों पर भारत को विकसित बनाने का भार है। उन्होंने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों में नैतिक शिक्षा को एक अनिवार्य अवयव के तौर पर रखा गया है, जो विद्यार्थियों के विकसित भारत की संकल्पना में सहायक भूमिका का निर्वहन करेगा।

राष्ट्रपति मुर्मू से मिलीं महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी

राष्ट्रपति ने स्वीकारा गोड्डा आने का निमंत्रण



रांची। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मौके पर ममता कुमारी ने राष्ट्रपति को पोड़ैयाहाट के पूर्व विधायक और पति स्वर्गीय प्रशांत मंडल पर लिखी किताब प्रशांत हमारे दिल में भेंट की। मुलाकात के दौरान ममता कुमारी ने राष्ट्रपति को गोड्डा आने का निमंत्रण दिया, जिसे राष्ट्रपति ने सहर्ष स्वीकार किया। इससे पहले बातचीत के क्रम में ममता कुमारी ने मुर्मू को झारखंड की वास्तविक स्थिति, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और आयोग के जरिये की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

एक नजर

नाली निर्माण में कोताही ठेकेदार की मनमानी से यात्री परेशान

भुरकुंडा। भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड में विधायक मद से हो रहे नाली निर्माण में ठेकेदार की कोताही से यात्री परेशान हैं। यहां नाली निर्माण के लिए 8 जुलाई को गड्ढा खोदा गया था। इसके तीन दिन बाद सरफेस की ढलाई कर रॉड बांधा गया। इसके बाद लगातार चार दिनों तक काम ठप रहा, जिससे यात्रियों की परेशानी दोगुणा बढ़ गई। एक ओर जहां पैदल यात्री तड़प कर गड्ढा पार करने को विवश दिखे, वहीं बाइक सवार भी खतरा मोल लेकर गड्ढे से आवागमन करने को मजबूर थे। हालांकि नाली निर्माण को लेकर रास्ता बंद किया गया था, लेकिन इससे संबंधित कोई सूचना नहीं लगाए जाने के कारण लोग गड्ढे के सामने पहुंच जा रहे थे। इस पूरी स्थिति के लिए लोग ठेकेदार को कसूरवार मान रहे हैं। उनका कहना है कि अत्यंत व्यस्त क्षेत्र में शीघ्र कार्य पूरा करने की बजाय ठेकेदार कोताही बरत रहे हैं।

मारवाड़ी युवा मंच ने जरूरतमंद को दी सिलाई मशीन

रामगढ़। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा के 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को जरूरतमंद लड़की को सिलाई मशीन सौंप कर सम्मानित किया। यह नंद किशोर अग्रवाल के सम्मान उद्यमिता विकास के अंतर्गत एक जरूरतमंद को सौंपा गया। जो सिलाई में निपुण होने के बावजूद भी पैसे के अभाव में सिलाई मशीन नहीं ले पा रही थी। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा के सदस्यों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया और एक सिलाई मशीन प्रदान किया गया। सिलाई मशीन पाकर उक्त लड़की ने मंच का आभार व्यक्त किया। कहा कि इससे मुझे वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वावलंबी भी बनने का मौका मिलेगा। मौके पर मंच के सदस्य आशीष अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, आयुष बजाज, राहुल बेरलिया, प्रदीप अग्रवाल, संतोष गोकुलका, नीतेश बेरलिया मौजूद थे।

गुरु पूर्णिमा पर बन रहा दुर्लभ संयोग

श्रद्धालुओं की पूरी होंगी कामनाएं

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ पंचांग के अनुसार इस वर्ष 21 जुलाई 2024 दिन रविवार को गुरु पूर्णिमा मनाया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के दिन सुबह 5 बजकर 57 मिनट से सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जो पूरे दिनभर रहेगा। इसके अलावा उत्तराषाढ़ा नक्षत्र भोर से लेकर मध्यरात्रि 12 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। साथ ही प्रीति योग, विष्कुंभ योग का निर्माण हो रहा है। ग्रहों की स्थिति की बात करें, तो कर्क राशि में सूर्य और शुक्र विराजमान है, जिससे दोनों ग्रहों की युति से शुक्रादित्य योग बन रहा है। प्रसिद्ध ज्योतिषी मिथलेश तिवारी ने गुरुवार को मीडिया से बार करते हुए यह कहा। उन्होंने बताया कि वृषभ राशि में मंगल और गुरु बृहस्पति विराजमान रहेंगे। साथ ही राहु मीन में, केतु कन्या राशि में और शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में है, जिससे शश राजयोग बन रहा है। बुध सिंह राशि में और चंद्रमा मकर राशि विराजमान रहेंगे। गुरु के वृषभ राशि में रहने से कुबेर राजयोग बन रहा है। सूर्य और शनि षडाष्टक योग का निर्माण कर रहे हैं। जिससे इस बार के गुरू पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी।

वृषभ राशि में मंगल और गुरु बृहस्पति विराजमान रहेंगे। साथ ही राहु मीन में, केतु कन्या राशि में और शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में है

क्या है गुरु पूर्णिमा का इतिहास

तिवारी ने बताया की मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान वेद व्यास, जिन्हें हिंदू धर्म का आदि गुरु माना जाता है का जन्म हुआ था। वेदव्यास ने महाभारत, वेदों और पुराणों सहित कई महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों की रचना की थी। इसके अलावा गुरु पूर्णिमा को भगवान कृष्ण ने अपने गुरु ऋषि शांडिल्य को ज्ञान प्रदान करने के लिए चुना था। इसी दिन भगवान बुद्ध ने भी अपने पहले पांच शिष्यों को उपदेश दिया था।

गुरु पूर्णिमा व्रत कथा

मिथलेश तिवारी ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर व्रत-उपवास रखना बहुत ही शुभ व फलदायी माना गया है. जो जातक व्रत करते हैं उन्हें इस दिन कथा अवश्य पढ़नी व सुननी चाहिए. कथा के मुताबिक एक बार महर्षि वेदव्यास ने अपने बाल्यकाल में अपने माता-पिता से प्रभु दर्शन की इच्छा प्रकट की। लेकिन माता सत्यवती ने वेदव्यास की इच्छा को ठुकरा दिया। लेकिन वेदव्यास हठ करने लगे और उनके हठ पर माता ने उन्हें वन जाने की आज्ञा दे दी। माता ने वेदव्यास से यह भी कहा कि जब घर का स्मरण आए तो लौट आना। इसके बाद वेदव्यास तपस्या के लिए वन चले गए और वन में जाकर उन्होंने कठोर तपस्या की। इस तपस्या के पुण्य-प्रताप से वेदव्यास को संस्कृत भाषा में प्रवीणता हासिल हुई। तत्पश्चात उन्होंने चारों वेदों का विस्तार किया और महाभारत, अठारह महापुराणों सहित ब्रह्मसूत्र की रचना की।

दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर मे चार लोग गंभीर, दो रेफर

विष्णुगढ़ । हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद विद्यालय के समीप सड़क पर दो मोटरसाइकल की आमने सामने से बुधवार की शाम टक्कर हो जाने से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे 32 वर्षीय अशोक साव पिता वासदेव साव, 30 वर्षीय गुड़िया देवी पति विनोद मंडल एवं 14 वर्षीय बच्ची अंशिका कुमारी शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसारदोनों मोटरसाइकिल पर सवार नवादा और भूताही मुरगावो के बताए जाते हैं।इस घटना के संबध में मिली जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल सवार नवादा निवासी अशोक साव किसी कार्य को लेकर हॉस्पिटल चौक जा रहे थे, वही दूसरा मोटरसाइकिल सवार भूताही मुरगावो निवासी विनोद मंडल अपनी पत्नी गुड़िया देवी एवं बेटी अंशिका कुमारी के साथ हॉस्पिटल चौक इलाज के लिए डॉक्टर पर जा रहे थे कि इसी दरमियान दोनों मोटरसाइकिल सवार की आपस में भिड़त होकर दुर्घटना हो गई।

न्यूज बॉक्स

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहनों ने कबड्डी व खो-खो इवेंट में जीता गोल्ड

हजारीबाग। विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा शीला अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लोहरदगा में आयोजित 35 वें क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में तरुण वर्ग में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, की बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के तरुण वर्ग के बहन खंड के खो-खो एवं कबड्डी इवेंट में विद्यालय को प्रथम पुरस्कार के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी।बता दें कि बहनों ने विद्यालय के आचार्य राकेश कुमार सिंह एवं रणजीत सिंह यादव के निर्देशन में तैयारी की थी। क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

भगवान जगन्नाथ महोत्सव पर रांची में सम्मानित हुआ हजारीबाग का तरंग ग्रुप

हजारीबाग। कला संस्कृति, युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा राज्यस्तरीय पांच दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव का आयोजन रांची में किया गया था। जहां समापन समारोह के दिन हजारीबाग की लोकप्रिय सांस्कृतिक सह सामाजिक संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग के कलाकारो के द्वारा प्रभु जगन्नाथ,कृष्ण एवं श्री राम पर आधारित सामूहिक डांडिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी थी।बेहतरीन प्रस्तुति की वजह से संस्था को झारखंड के मशहूर लोक कलाकार मनोहर नायक के हाथो सम्मानित किया गया।संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने इस बाबत जानकारी देते हुए कहा कि महोत्सव में पूरे राज्य से चुनिंदा संस्थाओं को प्रदर्शन का मौका मिलता है, लगातार दूसरे वर्ष हमारी संस्था को यह अवसर प्राप्त हुआ। दस सदस्यीय कला दल का चयन कला संस्कृति कार्य निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा जिले में संस्था द्वारा किए गए सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर किया गया। उपरोक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कला संस्कृति विभाग के निर्देशक आशिफ एकराम बतौर विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख के साथ दस सदस्यीय कला दल के दलनायक अमित कुमार गुप्ता एवं शिवानी प्रिया, कोमल खत्री, शैली कुमारी,नंदिनी कुमारी, आकांक्षा कुमारी दीपिका कुमारी,लता कुमारी, प्रतिज्ञा कुमारी, बिट्टू कुमारी,उर्मिला कुमारी के साथ अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। संस्था की इस विशेष उपलब्धि पर हजारीबाग के सभी प्रबुद्धजनों ने अपनी शुभकामनाए एवं बधाई प्रेषित की है।

अज्ञात लोगों ने स्कार्पियो व ट्रैक्टर को किया आग के हवाले

बरही थाना में दर्ज हुए मामले, जांच में जुटी पुलिस

बरही । क्षेत्र ने अपराधियो की गतिविधियां एक बार फिर पनपने लगी है. बीते रात कोल्हुआकला पंचायत के बेला गांव में एक स्कार्पियो और ट्रैक्टर को अपराधियो ने आग के हवाले कर दिया. जिससे दोनों वाहन बुरी तरह जलकर खाक हो गए है. भुक्तभोगी वाहन मालिक सिदिका खातून पति आजाद अंसारी ने बरही थाना में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. आवेदन के अनुसार सफेद रंग की स्कॉर्पियो संख्या जेएच 12 ई 0989 व एक ट्रैक्टर प्रतिदिन की तरह घर के बाहर बने गैराज में खड़ा था. देर रात्रि अज्ञात लोगो ने आग के हवाले कर दिया. जिससे दोनों वाहन बुरी तरह जलकर खाक हो गए हैं. भुक्तभोगी ने आवेदन देकर उचित छान बीन करते हुए अपराधियो की गिरफ्तारी की मांग किया है. आवेदन के आधार पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छान बीन में जुट गई है.

जेबीकेएसएस ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व मुख्य सचिव के नाम सौंपा मांग पत्र

रामगढ़। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया के नेतृत्व में 18 जुलाई को जेबीकेएसएस के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम एवं मुख्य सचिव झारखंड सरकार तथा सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार को संबोधित मांग पत्र सौंपा है । मांग पत्र सौंपते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया ने कहा की झारखंड के वैसे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जिसमें पुरुष लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं, उन्हें दूसरे विद्यालयों में स्थानांतरित करते हुए उनकी जगह महिला लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किया जाए। कहा कि यह विद्यालय छात्राओं का आवासीय विद्यालय है। इस विद्यालय में लगभग 500 छात्राएं पढ़ाई करती हैं तथा प्रत्येक क्लास में 75 छात्राएं पढ़ाई करती है। इसमे 06 से 10+2 तक की पढ़ाई होती है । इस विद्यालय में सभी शिक्षिकाएं, छात्राएं, गार्ड और रसोईया सभी महिलाएं हैं। लेकिन झारखंड में कुछ ऐसे विद्यालय हैं जिसमें अभी भी पुरुष लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं।

सूखा पेड़ बड़ी दुर्घटनाओं को कर रहा है आमंत्रित

विष्णुगढ़। गोमिया एनएच 522 मुख्य सड़क मार्ग के किनारे सूखे पेड़ खतरों से खाली नहीं है, विभागीय अधिकारियों को खबर के माध्यम से कई बार अवगत करा दी गई है। फिर भी अधिकारियों को कान में जूं तक नहीं रेंग रहा हैं।जरा सोचिए बिना बरसात, ना ही आंधी पानी, ना ही तेज हवा, बिना गर्जन के सूखे पेड़ बड़ी आसानी से सड़क पर गिर सकते हैं तो तेज हवा, आंधी पानी के आने पर क्या दुर्दशा होगी।गुरुवार को विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग बैंक ऑफ इंडिया के समीप सूखे पेड़ की डाली टूटकर गिर गई, गलीमत रही कि लोग बाल-बाल बच गए,किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।विष्णुगढ़ थाना के पास भी सूखा पेड़ जो गिरने के कगार पर है,इस सड़क मार्ग पर प्रतिदिन हजारों गाड़ियों का आवागमन होता रहता है।सड़क मार्ग किनारे कई ऐसे सूखे पेड़ हैं जो बड़ी घटना को दस्तक दे रहे हैं।

विधायक अंबा प्रसाद पर राष्ट्र विरोधी ताकतों को संरक्षण देने का सनातनियों ने लगाया आरोप

रामगढ़ । भदानीनगर क्षेत्र के चोरघरा पंचायत के सनातनी युवाओं ने गुरूवार को विधायक अंबा प्रसाद का पुतला जलाया । स्थानीय युवाओं ने चिकोर में फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने एवं महूदी बड़कगाव की घटना के खिलाफ अक्रोशा जताया है। युवाओं ने कहा की राष्ट्र विरोधी लोगों को विधायक संरक्षण दे रहीं हैं। युवाओं ने कहा कि अपने निजी हित एवं वोट बैंक के लिए विधायक ने राष्ट्र के सम्मान एवं हिंदुत्व के स्वाभिमान से समझौता कर लिया है।

महुदी के युवाओं ने भी विधायक अंबा प्रसाद पर सनातनी युवाओं पर लाठीचार्ज करवाने का आरोप लगाया था। पुतला दहन में मंटू पटेल, विश्वरंजन सिन्हा, श्रवण कुमार, राजनारायण कुमार, विजय साव, सुरेंद्र साव, सुनील चौधरी, राजन सिंह, प्रमोद सोनी, विवेक पासवान, मुकेश, मिट्ठू पासवान, दीपक कुमार, ऋषि करमाली, राजन नायक आदि शामिल थे।

चिकोर में फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने एवं महूदी की घटना का किया विरोध, युवाओं ने कहा कि राष्ट्र विरोधी लोगों को विधायक संरक्षण दे रहीं हैं

सड़क निर्माण नहीं हुआ तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत पंचायत चेचकपी के ग्राम सिजुआ, पिपराही, लस्करी, धोबारी जो पहाड़ी क्षेत्र से गिरा हुआ है,की आबादी लगभग पांच हजार है।इन स्थानों में आवागमन की व्यवस्था बदतर है।विदित हो कि सड़क बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया था, लेकिन केन्द्र में सरकार बन जाने के बाद भी कोई इस रोड का देखने के लिए नहीं आया। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग लोकसभा चुनाव के समय वोट बहिष्कार किया थे, इसके बाद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के द्वारा आश्वासन देने पर हम लोग एक मुस्त बीजेपी सरकार को वोट किया। लेकिन अभी का रास्ता हल्की बारिश होने के बाद चलने लायक नहीं रह जाता है।वहीं चेचकपी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि इन स्थानों पर जल सड़क निर्माण नहीं किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में वोट का हम सब बहिष्कार करेंगे ।कहा सिजुआ में कोई बीमार पड़ जाय तो कोई भी गाड़ी यहां पहुंच कर पेसेंट ले जाना नहीं चाहते ।इस कारण रास्ते में कई बार बीमार व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणो में कहा यदि इस बार हम लोग की मांग अनसुना किया गया और आवागमन की व्यवस्था नहीं बना तो आने वाला समय में हम लोग पूर्ण रूप से विधानसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे और अनिश्चितकालीन प्रखंड तथा जिला में धरना देंगे ।

21 जुलाई को मैराथन दौड़ का होगा भव्य आयोजन

दौड़ में सफलता पाने वाले को मिलेगी सहयोग राशि

कार्यक्रम की शुरूआत गांधी मैदान से सुबह 5:30 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ होगी। इस दौड़ में 18 वर्ष आयु से ऊपर के सभी छात्र-छात्राएं, महिलाएं एवं पुरुष होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग शहर को स्वच्छ समृद्ध और हरियाली मय बनाने की दृष्टिकोण से 21 जुलाई को भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद एवं फिजिकल डिफेंस एकेडमी के विशेष सहयोग से खुला मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है इस आयोजन में करीब 5000 से भी अधिक महिलाएं पुरुष शामिल होकर अपने शहर हजारीबाग में दौड़ेंगे। यह कार्यक्रम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ समृद्ध एवं हरियाली मय बनाने की दृष्टिकोण से किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी मैदान से सुबह 5:30 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ होगी। इस दौड़ में 18 वर्ष आयु से ऊपर के सभी छात्र-छात्राएं, महिलाएं एवं पुरुष सम्मिलित हो सकते हैं। इस कार्यक्रम के बीच पौधा रोपण भी किया जाएगा साथ ही संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे जो समाज के प्रति पर्यावरण संरक्षण को लेकर संदेश जन-जन के बीच समर्पित होगा। गांधी मैदान से प्रारंभ होकर पीटीसी चौक, डीवीसी चौक, त्रिमूर्ति चौक, नूरा,इंद्रपुरी चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक, बंशीलाल चौक, गाड़ीखाना, पुराना बस स्टैंड, डिस्टिक मोड, पीटीसी चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर समाप्त होगी।

मोहन भागवत के आशीर्वाद और मार्गदर्शन मेरे लिए सौभाग्य : हर्ष

राष्ट्रीय सेवा संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग गुमला जिला के बिशनपुर में स्थित विकास भारती में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर मोहन भागवत के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस बीच राष्ट्रीय सेवा संघ के प्रज्ञा प्रवाह के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। इस बीच श्री अजमेरा ने अपने सेवा कार्यों को विस्तार पूर्वक मोहन भागवत के समक्ष रखा। मोहन भागवत 10 दिन के दौरे पर झारखंड पधारे हैं इस बीच उन्होंने रांची, बोकारो गुमला सहित कई अन्य जिले का भ्रमण किया है,गुमला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा झारखंडी गीत प्रस्तुत किया गया तालिया की गड़गड़ाहट के बीच मोहन भागवत सहित कई अन्य अतिथियों ने बच्चों का मान सम्मान बढ़ाया। राष्ट्रीय सेवा संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि गांव के दिनचर्या और आदर्श बड़े शहरों में नहीं मिलती है,वहां पर तो बड़े-बड़े टेक्नोलॉजी लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही है, कोरोना काल के बाद लोग अपनों की ओर अग्रेषित नजर आ रहे है, कोरोना जैसी विषम परिस्थिति ने हमें अपनों के संग रहना सिखा दिया है भले ही यह प्रस्तुति ईश्वर दोबारा कभी भी लेकर नहीं आए आए , हम सभी को एक साथ मिलकर एक जुटता के साथ रहना चाहिए। हर्ष अजमेरा ने कहा की गुरुवार को गुमला में अभिभावक स्वरूप सरसंघचालक मोहन भागवत का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद मुझे सेवा के प्रति काफी प्रबल और सजक बनाएगा। इनसे मिलना मेरे जीवन के लिए ऐतिहासिक पल था,अपनी सेवा कार्यों के विषय में इन्हें विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने सेवा कार्यों की प्रशंसा की इन्होंने कहा कि सदैव समाज की सेवा पूरे लगन और उत्साह के साथ करते रहिए।

ाेहन भागवत 10 दिन के दौरे पर झारखंड पधारे हैं इस बीच उन्होंने रांची, बोकारो गुमला सहित कई अन्य जिले का भ्रमण किया है

सिरका परियोजना को मिली नई ग्रेडर मशीन

रामगढ़। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका परियोजना को नया ग्रेडर मशीन मिला है। जिसको लेकर बुधवार को उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल रांची के एक्सवेशन जीएम सुबोध कुमार उपस्थित थे। जिनका स्वागत सिरका परियोजना पदाधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर किया। सीसीएलकर्मी प्रशांत बेल्थरिया ने विधि विधान के साथ नया ग्रेडर मशीन का पूजा पाठ किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर ग्रेडर मशीन का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सिरका को नया ग्रेडर मशीन मिलने से कोयला का बेहतर उत्पादन के साथ-साथ सड़के भी सुरक्षित रहेगी। इससे पहले सिरका कोलियरी में दूसरे कोलियरी ग्रेडर मशीन मंगाकर कार्य किया जाता था। अब ये समस्या दूर हो जायेगी। उद्घाटन के मौके पर अरगड्डा महाप्रबंधक संजय कुमार झा, परियोजना पदाधिकारी श्रीकांत शर्मा, रंजीत सिंह, डीके सिंह, शांता कुमार, कुंवर महतो, लाल मोहन सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

मांग

मुख्यमंत्री से मिले झामुमो बरही विस प्रभारी, दी बधाई

प्रत्याशी चयन में स्थानीयता को दी जायेगी प्राथमिकता : सीएम

नवीन मेल संवाददाता। बरही झारखंड मुक्ति मोर्चा के बरही विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य बिनोद विश्वकर्मा रांची स्थित आवास पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया. उन्होंने पुष्पगुच्छ देकर तीसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने के लिए बधाई दी. बरही विस के राजनीति हालातों से अवगत कराया. आगामी विस चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी के रूप में स्वयं का दावा पेश किया. उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से भी अधिक समय से वह झामुमो से जुड़कर बरही विस में पार्टी को मजबूत करने का काम किया है. परंतु विस चुनाव के दौरान गठबंधन कर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को तोड़ने का काम किया है. इससे कार्यकर्ताओं ने असंतुष्टि की भावना बनी रहती है. उन्होंने सीएम से बरही विस क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश करते हुए उम्मीदवार बनाने की मांग की. आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जनता का प्यार और विश्वास अवश्य प्राप्त होगा. सीएम सोरेन ने भी उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आगामी विस चुनाव प्रत्याशी चयन में स्थानीयता को प्राथमिकता दी जाएगी. आप सभी समर्पित कार्यकर्ता अभी से ही चुनाव की तैयारियो में लग जाएं. सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें.

बिनोद विश्वकर्मा ने स्वयं को आगामी विस चुनाव का प्रत्याशी बताया

30 वर्षों से भी अधिक समय से वह झामुमो से जुड़कर बरही विस में पार्टी को मजबूत करने का काम किया है

श्री शतचंडी महायज्ञ आयोजन समिति ने किया गया भव्य जागरण का आयोजन

रामगढ़। रांची रोड बीआरएल डैम कॉलोनी में आयोजित श्री श्री शतचंडी महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा बुधवार की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह, संजीत सिंह एवं वार्ड नंबर 6 के पार्षद चिंतामणि महतो उपस्थित हुए। अतिथियों ने संयुक्त रूप से जागरण का उदघाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है। क्योंकि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का काफी महत्व है। ऐसे आयोजनों से लोगों के बीच भक्ति की भावना का प्रसार होता है। साथ ही जिस क्षेत्र में इस प्रकार का धार्मिक आयोजन होता है वहां प्रभु की कृपा से खुशहाली और समृद्धि आती है। श्री महतो ने कहा कि आयोजन समिति की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मनोज कुमार महतो ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमें का जहां भी आयोजन होगा मैं उसमें अपना सहयोग जारी रखुंगा। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं, जागरण के दौरान बनारस से आए कलाकरों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेश कर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

एक नजर

सात दिनी सप्तचंडी महायज्ञ विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न

डोमचांच। डोमचांच के नावाडीह में आयोजित सात दिनी श्रीश्री 108 सप्तचंडी महायज्ञ सह एकादशी व्रत उद्यापन का समापन गुरुवार को महाभंडारा के साथ किया गया। इस दौरान हवन, ब्राह्मण भोजन, कन्या भोजन और रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया। पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विभिन्न देवी-देवताओं के नाम हवन किया। हवन करने को लेकर गांव के साथ-साथ आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। सात दिनों तक चलने वाला यज्ञ में प्रवचन सुनने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भंडारा में महाप्रसाद ग्रहण करने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। यज्ञ समिति अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि पूरे सात दिन चले इस महायज्ञ से पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। इस यज्ञ से गांव में सुख, शांति बनी रहेगी।

एनसीसी कैडेटों ने एक पेड मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

झुमरीतिलैया। 45 झारखंड बटालियन कोडरमा के तत्वाधान में बुधवार को सीएच प्लस टू हाई स्कूल झुमरी तिलैया में एक पेड मां के नाम के तहत स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने प्राचार्य मनोज कुमार,एनसीसी इंचार्ज नवीन चौधरी, राधिका, सुबेदार एसडी भगत, बीएचएम मनोज उरांव के साथ सभी शिक्षकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी ली। एनसीसी के छात्रों ने स्कूल के शिक्षकों के साथ मिलकर फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस दौराल प्राचार्य ने कहा कि का पेड़- पौधे के बिना जीवन संभव नहीं है। पेड़ पौधे से ही हमें ऑक्सीजन जैसी प्राण वायु प्राप्त होती है। लेकिन जिस प्रकार से पेड़ों की संख्या कम हो रही है,उसे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

भुरकुंडा में झामुमो पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित

भुरकुंडा। झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुवार को भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया और संचालन सचिव उदय अग्रवाल ने किया। इसमें विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए तैयारी शुरू करने की बात कही गई। तय हुआ कि 5 अगस्त तक पतरातू प्रखंड के सभी 42 पंचायतों में प्रभारी नियुक्ति का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। ताकि उनके नेतृत्व में पार्टी पंचायत स्तर पर खुद को और सशक्त बना सके। आगे बैठक में प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए भदानीनगर मतकमा निवासी योगेंद्र यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, उदय मालाकार, मुकेश राउत, झलकू बेदिया, इस्लाम अंसारी, धर्मदास राम, लक्ष्मी राम, रविंद्र कुमार, प्रमोद ठाकुर, दिनेश ठाकुर, किशोर प्रजापति, सनोज राम, हीरमन राम, आदित्य राम आदि शामिल थे।

दो सौ से अधिक सहायक अध्यापक बरही से सीएम आवास घेराव के लिए करेगे कूच

राज्य से 65,000 व बरही से दो सौ सहायक अध्यापक कल पहुंचेंगे रांची : मनोज

> *वादा खिलाफी और झूठे आश्वासन को लेकर प्रदेश के सहायक अध्यापक सीएम आवास घेराव करेंगे*
>
> *20 जुलाई को सीएम आवास घेराव के लिए रांची कूच करेगे.*

नवीन मेल संवाददाता। बरही अब्दुल कलाम आजाद चिल्ड्रन पार्क में सहायक अध्यापक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमे 20 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए रांची कूच कार्यक्रम पर चर्चा हुई. उक्त जानकारी प्रखंड सचिव मनोज घोष ने दी. उन्होंने बताया कि सीएम हेमंत सोरेन ने सहायक अध्यापकों के साथ वादा खिलाफी की है. वेतनमान, नियमावाली, पीएफ, बीमा आदि मांगो पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया. इससे राज्य के सहायक अध्यापकों में हेमंत सरकार के खिलाफ रोष है. वायदा खिलाफी और झूठे आश्वासन को लेकर प्रदेश के 65000 सहायक अध्यापक 20 जुलाई को सीएम आवास घेराव के लिए रांची कूच करेगे. इस आंदोलन को धार दार बनाने के लिए बरही प्रखंड से 200 सहायक अध्यापकों की टोलियां 20 जुलाई को प्रखंड मैदान से रांची के लिए कूच करेगी. इसी महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर गुरुवार को बरही के चिल्ड्रेन पार्क में दीपक यादव की अध्यक्षता व रंजीत कुमार सिंह के संचालन में बैठक किया. जिसमें बरही प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों सहायक अध्यापक मौजूद थे. बैठक में सबों ने एक सुर में संगठन के निर्णय का साथ देते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कार्यक्रम सफल बनाने का निर्णय लिया.

अधूरे सड़क मामले में ग्रामीण हुए एकजुट, कहा

रोड नहीं तो वोट नहीं

बोलबा। सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से अलिंगुड - कुंदुरमुण्डा उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सड़क मामले को लेकर ग्रामीण हुए एकजुट, निर्णय लिया गया कि रोड नही तो वोट नहीं । इस संबंध में ग्रामीणों ने कुंदुरमुण्डा बाजार टाँड़ में लगातार पाँचवी बैठक आयोजित किया । बैठक में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित हुए । सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखे । बताया गया कि भारत देश के आजाद हुए 76 वर्ष एवं झारखण्ड राज्य अलग हुए 25 वर्ष हो गए । यह इलाका जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है । खूंटी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं जनजातीय मंत्री अर्जुन मुण्डा को इस संबंध कई बार आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग किया गया था । किंतु किसी की एक न सुनी । वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सांसद कड़िया मुण्डा , पूर्व सांसद सह जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक विक्सल कोंगाडी, पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का को भी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया था । लेकिन किसी ने इस सड़क निर्माण पर नही सुनी इस मौके पर बताया गया कि लोगो को कुंदुरमुण्डा, टकबहाल, भुखन टोली, टेम्पो टोली, अलिंगुड़, पालेमुण्डा, बेहरिनबासा आदि छेत्र से प्रखण्ड एवं जिला मुख्यालय जाने के लिए सिर्फ यही एक मात्र सड़क है। जो वर्षो से जर्जर स्थिति में है ।

न्यूज बॉक्स

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोग करें पौधरोपण : उपाधीक्षक

सिमडेगा। सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर में गुरुवार को मणिपाल हेल्थमैम्प की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार ,फिजियोथेरेपी डॉक्टर डॉ संजय,हैल्थमेप के मैनेजर सोनू कुमार द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर उपाधीक्षक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण करने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है। जिस प्रकार से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहा है ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि अपने आसपास अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करते हुए पौधारोपण करवाये। उन्होंने सभी लोगो को पर्यावरण संरक्षण मे अपनी भूमिका निभाने की अपील की।मौके पर फलदार पौधे लगाए गए।

सिमडेगा उपायुक्त ने कार्यालय कक्ष में लगाया जनता दरबार लोगों की सुनी समस्या

सिमडेगा। आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में आने जाने हेतु रास्ता को रैयत द्वारा बंद करने, जमीन बंदोबस्ती कराने, हाथी हमले पर मृत व्यक्ति का मुआवजा राशि भुगतान कर, पंचायत चुनाव 2022 में अधिकृत गाड़ी का राशि भुगतान करने एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

भारत में बाल विवाह खात्मे को लेकर छोटानागपुर कल्याण निकेतन में हुई गोष्ठी का आयोजन

सिमडेगा। भारत में बाल विवाह के खात्मे में कानूनी कारवाइयों और अभियोजन की अहम भूमिका को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए छोटानागपुर कल्याण निकेतन की सचिव प्रियंका सिन्हा ने कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में बताया गया की संस्था द्वारा 60 बाल विवाह रोका गया। इस दौरान उन्होंने 'ह्यटूवाडर्स जस्टिसः इंडिग चाइल्ड मैरिज' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें बाल विवाह के मामलों में कानूनी कार्रवाई की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला गया है।इस रिपोर्ट को इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की शोध टीम ने तैयार किया है और यह इंडिया चाइल्ड प्रोटक्शन फंड द्वारा समर्थित है। संगठन ने सरकार से अपील की है कि वह अपराधियों को सजा सुनिश्चित करें ताकि बाल विवाह के खिलाफ लोगों में कानून का भय पैदा हो सके।रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में देश भर में बाल विवाह की कुल 3563 मामले दर्ज हुए, जिनमें से केवल 181 मामलों को सफलतापूर्वक निपटारा हुआ, यानी लंबित मामलों की दर 92% है।

20 जुलाई को रांची में वृहद कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे भाजपा कार्यकर्ता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला समिति की एक बैठक जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई।बैठक में 20 जुलाई को रांची मे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मौजूदगी में बृहद कार्यसमिति बैठक में सिमडेगा जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं के भाग लेने पर विचार विमर्श हुआ और निर्णय लिया गया की हर मंडल से मंडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा के पदाधिकारी हजारों की संख्या में कार्य समिति बैठक में भाग लेंगे।जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने बताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है, 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन 81 विधानसभा में से 52 विधानसभा सीट में आगे है इस बढ़त को हमें बरकरार रखना है।

उपायुक्त ने मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पूणरीक्षण को लेकर की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराए। वहीं नए फॉर्म जेनरेशन, मतदाता सूची में सुधार, एएसडी वोटर्स, ब्लैक एंड वाइट फोटो बदलने समेत अन्य कार्यों को निर्वाचन आयोग के गाईड लाइन के अनुरूप करने का निर्देश दिया गया। बीएलओ के साथ सुपरवाइजर को अनिवार्य रूप से टैग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के अंदर कार्य करने को लेकर निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण करना हमारी प्राथमिकता है। स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण से ही मतदान प्रतिशत में आशानुरूप वृद्धि होगी।मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

जलडेगा के लतापानी में झारखंड पार्टी की ओर से हुआ सभा का आयोजन

कांग्रेस बीजेपी और झामुमो के झांसे में ना आए जनता : एनोस

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा झारखंड में कांग्रेस भाजपा एवं झामुमो लगातार जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है, सभी लोग धर्म के नाम पर लोगों को लड़ा कर क्षेत्र का विकास पर कोई भी ध्यान नहीं है ।आज राज्य में लगातार लूट भ्रष्टाचार अत्याचार महिलाओं के साथ शोषण की घटना बढ़ रही है, लेकिन यह सरकार सत्ते के नशे में चूर है। उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने गुरुवार को जलडेगा के लतापानी में आयोजित सभा में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ जनता ने झामुमो और कांग्रेस को सत्ता दी थी, उसके विपरीत यहां पर कार्य हो रही है ।वहीं केंद्र में बैठी मोदी सरकार भी लगातार धर्म के नाम पर लोगों पर लड़ाकर वोट ले रही है और काम करने के मामले में पूरी तरह से फेल है ।उन्होंने सभी लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आप सभी एक-एक कार्यकर्ता झारखंड पार्टी के कर्मठ सिपाही बनकर काम करें, जिससे कि दोनों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज हो।झारखंड पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो माटी से जुड़कर आपकी समस्याओं को दूर करेगी।युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान समय युवाओं का है ऐसे में युवा कंधे से कंधे मिलाकर झारखंड पार्टी का सहयोग करें, ताकि जो भी समस्याएं हैं उसे मिलजुल कर दूर करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी जनता के साथ विश्वास घात करने का आरोप लगाया। मौके पर झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतीयस बागे ने भी लोगो को सम्बोधित करते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही सभी लोगों को जुट जाने को कहा।

उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित की समीक्षा बैठक की

सभी योजनाओं के कार्यों को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत संचालित सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन, प्रति गांव पांच योजना का क्रियान्वयन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबूआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, पीएम जन-मन, आधार सीडिंग, सहित मानव दिवस सृजन से संबंधित सभी योजनाओं के कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने सरकार द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप एक सप्ताह के अंदर 80% योजनाओं को इस बारिश के मौसम में पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने इस वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में नींबू का पेड़ लगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला का जलवायु वातावरण नींबू पेड़ के लिए उपयुक्त है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंडों में पशुधन विकास योजना से आच्छादित लाभुकों का शेड निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबूआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है, तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं के

बानो में निकाला गया मोहर्रम जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। बानो बानो में मोहर्रम पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मुहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी., मुहर्रम जुलूस जामा मस्जिद व गौसिया मस्जिद से निकाली गयी।जुलुस बाजार टांड़ होते हुए बिरसा चौक पहुंची।बिरसा चौक पर विभिन्न प्रकार के खिलाड़ियों द्वारा खेल तमाशे एवं करतब दिखाया गया,अस्त शास्त चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं करतब दिखाने वालों को पुरस्कृत भी किया गया, जुलूस में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही.अतिथियो ने संबोधित करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम का पर्व मुहर्रम मनाया जाता है। 61 वीं हिजरी तारीख-ए-इस्लाम में कर्बला की जंग हुई थी। इस जंग में इंसान के लिए और जुर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी गई.इस जंग में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। मुहर्रम एकता और भाईचारे के साथ रहने का सीख देता है। इस अवसर अतिथि जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बांनो प्रमुख सुधीर डांग बीडीओ नैमुदिन अंसारी ,बानो इंस्पेक्टर डी के प्रजापति, थाना प्रभारी विकास कुमार, जेएमएम के सुदीप गुड़िया, बांनो मुखिया विश्व नाथ बड़ाईक, हाजी मो अंजुम , तनवीर हुसैन ,सी आई विलसन, त्रिवेणी प्रसाद लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम का सफल बनाने में अंजुमन गोसिया के सब्बीर आलम, मो मंसुर आलम,सदर ,अंजुमन गौसिया बानो, तजबुल खान नायक सदर, शमशेर आलम मनीर के अलावा अन्य लोगों की अहम भुमिका रही।

भाईचारागी

सिमडेगा में मुहर्रम के जुलूस ने बांधा समां

पूरे देश के लिए मिसाल है जिले की एकता : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सदभावना और भाईचारगी पूर्ण माहौल में गुरुवार को मुहर्रम का विशाल जुलूस निकाला गया। विभिन्न अखाड़ा की रहनुमाई में नगर के सभी अखाड़ा कमिटियों ने अपने अपने निशान के साथ चल रहे थे। डंके और ताशे की धून पर पारंपारिक अस्त्र-शस्त्र का चालन करते हुए जुलूस में शरीक हुए और ईमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए करतब दिखाया। खैरनटोली मोजाहिद मुहल्ला से जुलूस निकल कर मुख्य पथों से गुजरते हुए ईदगाह मुहल्ला पहुंचा। जुलूस मुख्य पथों से होते हुए नीचे बाजार पहुंचा। यहां पर बेहतरीन अंदाज में अस्त्र शस्त्र एवं पारम्परिक हथियार से युद्ध कला का प्रदर्शन किया। इसके बाद जुलूस मुख्य पथों से गुजरते हुए महावीर चौक पर पहुंचा। महावीर चौक पर विभिन्न अखाड़ा के खिलाड़ियों ने अपने अपने अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया। साथ ही दर्शको का भरपूर मनोरंजन भी किया। महावीर चौक पर करीब दो घंटे तक युद्ध कला का प्रदर्शन करने के बाद जुलूस पुनः इस्लामपुर की ओर रवाना हो गया। मौके पर उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत हमें बुराई के खिलाफ लड़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि जिले की एकता पूरे देश में मिशाल की तरह है। इसे हम सभी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि कर्बला में हुसैन का बलिदान बहादुरी और सच्चाई के प्रति समर्पण का एक शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी बड़ी विपत्ति क्यों न हो, अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। मौके पर सेंट्रल मुहर्रम कमिटि के लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

सांथ गांव 200 साल से सांप्रदायिक सद्भाव की पेश कर रहा मिसाल

जयनगर। प्रखंड का सांथ गांव 200 साल से सांप्रदायिक सदभाव की मिसाल पेश करता आ रहा है। गांव में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोग पूरी श्रद्धा और अकीदत से मुहर्रम पर्व मनाते है। हिंदू- मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग एक ही इमाम बाड़ा में अलग- अलग अपने-अपने ताजिया बना कर लगाते हैं। गांव में हिंदु परिवार की ओर से मुहर्रम की ताजिया लगाने की शुरूआत 200 साल पूर्व स्व दुखी धोबी ने संतान प्राप्ति करने को लेकर की थी। उनके निधन के बाद उसी का पुत्र स्व चमन धोबी ने लगभग 20 साल तक लगाया। उनके निधन के बाद उनके पुत्र स्व बंशी धोबी ने भी 15 साल तक लगाया।

भाजपा आदिवासियों को खत्म करने का षड्यंत्र रच रही है : नमन विक्सल

> *आदिवासियों को खत्म करने के लिए भाजपा मुख्यतः तीन तरीकों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है*

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा कोलेबिरा के टेंगराटुकु में गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोलेबिरा बिधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। विधायक ने कहा कि भाजपा आदिवासियों के जीवन, अस्तित्व,पहचान, आजिविका एवं अधिकारों से जुड़े संसाधन जो कि जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति परंपरा, रोजगार, नेतृत्व और संविधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों को छीन कर खत्म करने का षडयंत्र रच रही है। आदिवासियों को खत्म करने के लिए भाजपा मुख्यतः तीन तरिका को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने उपस्थित सभी लोंगो को बिशेष रूप से जागरूक रहने और भाजपा द्वारा प्रायोजित सभी षड्यंत्रों को आम लोगों को बताते हुए जागरूक करने की बात कही। जागरूकता के साथ-साथ सावधान रहकर चुनाव में जवाब देने कहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रचारक हलन कंडुलना,सालोमी बडिंग, सुनैना बडिंग सहित कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर

कारगिल विजय दिवस आज

जमशेदपुर। कारगिल विजय दिवस का 25 वर्ष 19 जुलाई को पूरा हो रहा है। इस उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में रजमत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में शहर के तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक शामिल होंगे। इसके लिए बृहस्पतिवार को शहर से छह सदस्यीय अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की टीम रवाना हुई। जिसमें पीओ सुशील कुमार सिंह, हंसराज सिंह व राजीव रंजन, एचएवी दिनेश सिंह, एसटीजी अजय कुमार सिंह तथा सुबेदार उपेन्द्र प्रसाद सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम मं शामिल होने के बाद सभी 20 जुलाई को दिल्ली से जमशेदपुर लौटेंगे।

मायुमं ने 2 जरुरतमंद बच्चों को लिया गोद

जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में गुरूवार को शिक्षा संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत दयानंद पब्लिक स्कूल, साकची के 2 जरुरतमंद बच्चों को एक साल की शिक्षा प्रदान करने के लिए गोद लिया. यह कार्यक्रम टाटानगर अचीवर्स शाखा के कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल और सदस्य मेघा चौधरी के सौजन्य से पूर्ण हुआ. इसे सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, स्कूल प्रिंसिपल स्वर्णा मिश्रा, शाखा सचिव विजय सोनी, शाखा कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक सौरव अग्रवाल, मेघा चौधरी, शिक्षिका राखी चौधरी आदि का योगदान रहा।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर धारदार हथियार से किया हमला, एक गिरफ्तार

जमशेदपुर। मानगो थाना अंतर्गत क्रॉस रोड नंबर 14 निवासी एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर तीन युवकों ने नाबालिग के भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. घटना बुधवार की है। इस घटना के बाद पीड़ित ने मानगो थाना में जिशान आलम अंसारी, शहनवाज अंसारी और शहजादा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। इधर, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मानगो पुलिस ने आरोपी जिशान को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी 15 साल की बहन स्कूल से जब भी वापस आती है तो आरोपियों द्वारा उससे छेड़खानी की जाती थी। मंगलवार को बहन ने छेड़खानी की बात बताई जिसके बाद आरोपियों से बातचीत कर सुलह कर लिया गया था। बुधवार को सभी ने मिलकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। फिलहाल पुलिस ने जिशान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एसडीओ की कार्रवाई दो लाख के गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बिरसानगर। बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 8 मोची बस्ती निवासी देव कुमार गुप्ता के घर गुरुवार शाम धालभूम एसडीओ पारुल सिंह ने बिरसानगर पुलिस के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से 10 ।890 किलो गांजा बरामद किया गया वहीं 44 हजार रुपये भी जब्त किए गए हैं। एसडीओ ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में गांजा बेचा जा रहा है। इसके बाद पहले उन्होंने इसका सत्यापन किया और फिर बिरसानगर पुलिस की सहायता से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान देव कुमार गप्ता को गिरफ्तार किया गया है जबकि देव का बेटा मनीष फरार हो गया। एसडीओ पारुल सिंह जैसे ही छापेमारी करने के लिए देव के घर में घुसी वैसे ही पहले तो देव की पत्नी ने गांजा से भरा झोला छुपाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान देव की पत्नी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान बैग से कुल 10 ।890 किलो गांजा बरामद किया गया। छापेमारी की वीडियोग्राफी करने के बाद पुलिस देव कुमार को अपने साथ ले गई। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

हाजिरी बनाने से 1097 मास्टर साहेब चूके, एक दिन की सैलरी रुकी

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रिक्त 486 सीटों पर नामांकन का निर्देश

बिना आधार के 45 हजार बच्चों की छात्रवृति रुकी, स्कूलों को मिला 15 दिन का समय

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर

उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बृहस्पतिवार को शिक्षा, कल्याण तथा आईटीडीए की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने पाया कि विभागीय शिथिलता की वजह से लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करें। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि जिले के 1597 स्कूलों में से 1519 में ईको क्लब गठित हैं, शेष विद्यालयों में गठन नहीं हो पाया है। इसी तरह सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कुल 2818 सीटों में 2350 बच्चों का ही नामाकंन हुआ है। रिक्त 468 सीटों पर 31 जुलाई तक नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति ई विद्यावाहिनी में प्रतिदिन दर्ज करने के लिए कहा विद्यालय के प्राचार्य ई-विद्यावाहिनी में बच्चों की उपस्थिति अपलोड कराएं।

समीक्षा में पाया कि 15 जुलाई तक 1597 में 1546 स्कूलों के शिक्षकों द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई थी जिसमें 1097 शिक्षक अनुपस्थित पाये गए। उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त निर्देश दिया कि वैसे शिक्षक जो ई-विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज नहीं कराते हैं उनको अनुपस्थित मानते हुए उस दिन का सैलरी नहीं दें। उसी प्रकार बच्चों की उपस्थिति प्रतिवेदन सिर्फ 844 विद्यालयों द्वारा ही दिया गया। जिसपर सख्त हिदायत दी गई कि प्रतिदिन सभी विद्यालय के प्राचार्य ई-विद्यावाहिनी में बच्चों की उपस्थिति अपलोड करायेंगे। समीक्षा में डुमरिया केजीबीवी के कक्षा 9वीं एवं 11वीं में कुल 42 सीट तथा बहरागोड़ा केजीबीवी के कक्षा 11वीं में रिक्त 11 सीटों पर 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से नामांकन कराने के लिए कहा

1597 में 329 स्कूलों में ही रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

जिले के 1597 स्कूल हैं। जिसमें 239 स्कूलों में ही रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है। बचे हुए स्कूलों में त्वरित कार्य करने के लिए सभी बीडीओ को मनरेगा योजना के तहत इस कार्य को पूरा करने के लिए कहा गया। बैठक में बीईईओ, बीपीओ, केजीबीवी तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के वार्डन तथा शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

सीएचओ की भागीदारी से समुदाय में आयेगा बदलाव : डॉ पुष्पा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग प्रभारी डॉ पुष्पा ने कहा कि मरीजों का पहला सम्पर्क कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सी-एच-ओ) से होता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों को जनता तक पहुचाने की जिम्मेदारी में उनका प्रमुख स्थान है।

डॉ पुष्पा गुरुवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में सीएचओ के लिए आयोजित दो दिवसीय आईईसी/बीसीसी प्रशिक्षण के चौथे बैच को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा की संस्थागत प्रसव, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के बारे में आमजनों को जागरूक करें। उन्होंने परिवार नियोजन की विभिन्न स्थाई और अस्थाई विधियों के प्रयोग के बारे में आम जनों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने पर बल दिया। परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरूषों की भागीदारी को बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा की संचार तकनीक का उपयोग कर क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है।

आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल मांझी ने कहा कि संचार के माध्यम से हम स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को आमजनों तक अच्छे से पहुंचा सकते हैं। सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, यूट्यूब और एक्स हैन्डल के माध्यम से विश्वसनीय और प्रमाणित जानकारी हम लोगों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर आने वाले मरीजों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के बीच स्वच्छ आदत और स्वच्छता व्यवहार अपनाने के लिए भी जागरूक करें। यह प्रशिक्षण आईईसी और सीपीएचसी आयुष्मान आरोग मंदिर (आम) कोषांग के सहयोग से दिया जा रहा है, जिसमें तकनीकी सहयोग यूनिसेफ द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

न्यूज बॉक्स

समर्पण शाखा ने जरूरतमंद महिला को दिया सिलाई मशीन

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर रांची समर्पण शाखा द्वारा 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में 9 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया है। गुरुवार को तीसरे दिन कार्यक्रम शाखा के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल के सम्मान में किया गया। उनके सम्मान में एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन दिया गया। जिससे वह स्वरोजगार कर अपने घर का लालन पोषण कर सके। यह कार्य मारवाड़ी भवन में किया गया। आगे भी शाखा नियमित रूप से जनसेवा के कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम संयोजिका कविता सोमानी, दीपिका मोतिका, चन्द्रकला की देख रेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया , शुभा अग्रवाल,संयोजिका कविता सोमानी, दीपिका मोतिका, पूजा जैन, कविता जालान, पायल जैन, चंद्रकला, पूजा लहरिया उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

उमंग सावन एग्जिबिशन का माहेश्वरी भवन में हुआ आगाज

रांची। उमंग सावन एग्जिबिशन का आगाज 18 - 20 जुलाई स्थानीय माहेश्वरी भवन में हुआ। मेले का शुभारम्भ शंकर भगवान को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। विभिन्न शहरों से आई महिला उद्यमियों का हौसला बढ़ाने के लिए मेले में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महुआ माझी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि सरकार महिला उद्यमियों के लिए पलाश प्लेटफार्म के बारे में बताया और महिलाओं को जो सुविधा दी जा रही है उसके बारे में भी बताया। मेले के पहले दिन ही ग्राहकों का आना शुरू हो गया। लोगों को यहां का कलेक्शन पसंद आ रहा है। मेले में सिल्क मोडाल की साड़ी, इन्दोवेस्टर्न ड्रेस, हैंड क्राफ्ट के वेरिटी जो 40-4000 तक के हैं। हैंड पेंटिंग भी सब को पसंद आ रहा है। साथ में राखी, फुटवियर, ज्वेलरी सभी के कलेक्शन भी एक से बढ़ कर है। उद्घाटन के मौके पर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष किशन साबू, निवर्तमान अध्यक्ष शिव शंकर साबू, दीपक मारू, राजकुमार चितलांगिया, संतोष फलोर, किशन डागा, सुमन चितलांगिया, विनीता चितलांगिया, निधि बियानी, शारदा लड्डा मौजूद थे।

पत्रकार शेख अलाउद्दीन को दी श्रद्धांजलि

ईचागढ़। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक पर गुरुवार को स्थानीय पत्रकार, समाजसेवी व पंचायत प्रतिनिधियों ने दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पत्रकारों ने श्रद्धांजलि सभा में एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। प्रबुद्ध जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अलाउद्दीन अमर रहे, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करो आदि नारे लगाए गए। पत्रकारों ने उनकी मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। मालूम हो कि मंगलवार को उनकी मौत एक सड़क हादसे में हो गई थी। उनकी मौत पर आम से खास सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की है। वहीं एएसआईएम जेडब्लूए के प्रदेश प्रवक्ता अरूण कुमार माझी ने कहा कि शेख अलाउद्दीन की मौत पत्रकारों के लिए अपूर्णीय क्षति है। सड़क दुर्घटना के बाद आज तक वाहन का पुलिस पता लगाकर पकड़ नहीं पाई।

धार्मिक जुलूस में फलस्तीन का झंडा लहराने पर भाजमो ने प्रशासन को घेरा

जमशेदपुर। पिछले दिनों जमशेदपुर शहर के जुगसलाई में एक धार्मिक जुलूस के दौरान कुछ देश विरोधी तत्वों द्वारा फलस्तीन का राष्ट्रीय ध्वज लहराए जाने पर भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जताई. जिला प्रशासन से इस मामले की गहनता से जांच कर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि जमशेदपुर शहर में जिस प्रकार एक समुदाय विशेष द्वारा धार्मिक अखाड़ा जुलूस के दौरान विवादित ढंग से फलस्तीन का झंडा लहराकर सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की कोशिश की गई है। यह घोर निंदनीय है और शहर की अमन-चैन के बिगाड़ने वाला है। अमित शर्मा ने जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो और भाजपा के तमाम आला नेताओं के इस मामले में चुप्पी साध लेने पर भी घेरा है और कहा कि तथाकथित भगवा पार्टी जो स्वयं को हिंदू समाज का सर्वेसर्वा मानती है उसके सांसद और तमाम नेतागण इस मामले में एक रहस्यमय चुप्पी साधे हुए हैं।

डॉ साकेत सोनी ने किया झारखंड में पहला वीएसडी माइक्रो सर्जरी

रांची। लातेहार जिला के बालूमाथ निवासी नंद किशोर साहू की नौ वर्षीय पुत्री को दिल में छेद था। इस बात की जानकारी होते ही परिवार के लोग बहुत परेशान हो गए। इलाज के लिए नंदकिशोर साहु ने अनेकों अस्पतालों की खाक छानी। मगर सभी ने इलाज से साफ मना कर दिया। राज्य से बाहर भी गए मगर इलाज नहीं हो पाया। तभी किसी ने उन्हें डॉ साकेत सोनी के बारे में बताया। ल्स सुपर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में नंद किशोर साहु अपनी बेटी परी कुमारी के साथ गए। डॉ साकेत सोनी ने उन्हें माइक्रोसर्जरी की सलाह दी और शत प्रतिशत सफलता का वादा किया। चूंकि इस वीएसडी माइक्रोसर्जरी का झारखंड में पहला ऑपरेशन था मगर डॉ साकेत ने इसे चैलेंज के रूप में लिया और ऑपरेशन सफल किया। ऑपरेशन के दो दिनों के बाद परी कुमारी को डिस्चार्ज कर दिया गया। अब परी कुमारी बिल्कुल स्वस्थ है। इस संबंध में डॉ साकेत कुमार कहते हैं कि वीएसडी जिसे मेडिकल टर्मिनिलॉजी में वेंट्रीक्यूकर सेपटल डिफेक्ट बोलते है। यह एक जटिल जन्मजात हृदय छिद्र होता है जिसमे अधिकतर केस में ओपन हार्ट सर्जरी की जरूरत पड़ती है और साथ ही समय पर सर्जरी बहुत जरूरी होता है। सही समय पर सर्जरी नहीं होने से फेफड़ों का प्रेशर बढ़ता जाता है और जल्द ही ऑपरेशन के स्टेज को भी पार कर जाता है। नौ साल की बच्ची परी कुमारी को भी यही प्रोबलम था तथा बहुत सारे जगह से मना कर दिया गया था । इसका ऑपरेशन पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मैने माइक्रोसर्जरी विधी से की । कम खर्च में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन है । दिल के किसी भी प्रकार के छिद्र होने से राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

झारखंड के स्कूली बच्चों के लिए होगा वर्ड पावर चैंपियनशिप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के स्कूली बच्चो के लिए देश प्रख्यात अंग्रेजी प्रतियोगिता 'वर्ड पावर चैंपियनशिप' की तर्ज पर राज्यस्तरीय बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मकता (एफएलएन) चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैंपियनशिप की लॉन्चिंग और ट्रॉफी अनावरण गुरुवार को जेईपीसी में किया गया। इसका अनावरण जेईपीसी के निर्देशक आदित्य रंजन ने किया। इस राज्यस्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन मैरिको निहार शांति पाठशाला - लीप फॉर वर्ड के सहयोग से वर्ष 2025 के मार्च महीने में किया जाएगा। इससे पूर्व एफएलएन मास्टर ट्रेनर्स को राज्य, जिला व प्रखंडस्तर पर प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन होगा। राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए वर्ग 2 से 5 तक के स्कूली बच्चे तीन विषय अंग्रेजी, हिंदी और मैथ के लिए दिनांक 20 जुलाई, 2024 से नामांकन करा सकेंगे। वहीं 20 जुलाई तक शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन होगा। 11 और 12 अप्रैल को मुंबई आयोजित राष्ट्रीय वर्ड चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था, जहां झारखंड के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने भी अंग्रेजी के कठिन शब्दों का सही जवाब दिया था। झारखंड के बच्चों ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब झारखंड के नाम किया था। यह प्रतियोगिता आठ राज्यों के बीच हुई थी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कक्षा 2 कैटेगरी में झारखंड को पहला स्थान, कक्षा तीन कैटेगरी में पांचवां, कक्षा 4 कैटेगरी में चौथा और कक्षा 5 कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। इस प्रतियोगिता में झारखंड के बच्चो ने 0.23% अंकों के साथ बढ़त बनाते हुए तमिलनाडु और मेजबान महाराष्ट्र को हरा कर जीत हाशिल की थी।

क्लस्टर से राज्य स्तर तक होगी प्रतियोगिता राज्यस्तरीय एफएलएन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन क्लस्टर, प्रखंड, जिला और राज्यस्तर पर किया जाएगा। क्लस्टर व प्रखंड स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा। जिलास्तर पर ऑफलाइन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिलास्तर पर चयनित विजेताओं को रांची में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय एफएनएल चैंपियनशिप में प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को राज्यस्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। 27,929 विद्यालयों के 63,611 शिक्षकों ने अबतक कराया पंजीकरण राज्यस्तरीय एफएलएन चैंपियनशिप के लिए अबतक 27,929 विद्यालयों के 63,611 शिक्षकों ने अपना पंजीकरण करावा चुकें है।

जराईकेला के रावंगदा घाटी में तेज रफ्तार कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता। मनोहरपुर

मनोहरपुर प्रखंड की जराईकेला थाना क्षेत्र रावंगदा घाटी में गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इस घटना में कार में सवार तीन लोग भी घायल हो गए। बताया जाता है की राउरकेला की ओर मनोहरपुर की ओर रफ्तार कार (ओडी झ 14 के / 9257) आ रही थी। इसी दौरान कार के चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार रावंगदा घाटी में अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई।इस घटना में सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के राउरकेला ले जाया गया।वहीं घटना की सूचना मिलने पर जराईकेला पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

भोलू हत्याकांड के आरोपी विक्की नंदी ने कोर्ट में किया सरेंडर

जमशेदपुर। कदमा में भोलू कुम्हार हत्याकांड के मुख्य आरोपी विक्की नंदी ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया. पुलिस विक्की की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबाव बना रही थी। वहीं पुलिस विक्की के गैंग के सदस्यों से भी लगातार पूछताछ कर रही थी। पुलिस की गिरफ्तारी के डर से विक्की ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इधर, विक्की के सरेंडर के बाद पुलिस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। विक्की नंदी आदित्यपुर में कई अवैध कारोबार में संलिप्त है।

कोयला चोरों ने सीआईएसएफ को घेरा, पथराव में 12 जवान जख्मी

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

घनुडीह ओपी क्षेत्र की कुजामा कोलियरी की देवप्रभा आउटसोर्सिंग इलाके में गुरुवार को सीआईएसएफ व कोयला चोरों के बीच हिंसक झड़प हो गई. पकड़े गए कोयला चोर को छुड़ाने के लिए सैंकड़ों की संख्या में बस्तीवासियों व कोयला चोरों ने सीआईएसएफ जवानों को घेरकर पत्थरबाजी की। जवानों को इनके घेरे से निकलने के लिए करीब दस राउंड हवाइ फायरिंग करनी पड़ी। पथराव में 12 से अधिक सीआईएसएफ जवान जख्मी हुए हैं। सीआईएसएफ ने मामले की शिकायत घनुडीह ओपी में की है।

बताया गया कि बीसीसीएल लोदना एरिया की कुजामा कोलियरी की देवप्रभा आउटसोर्सिंग से सैकड़ों की संख्या में कोयला चोर बाइक पर बोरे में भरकर कोयला ले जा रहे थे। तभी सीआईएसएफ के अधिकारी उधर से गुजर रहे थे। सीआईएसएफ के अधिकारी और जवान मौके से कोयला चोरों को भगाने लगे।

एक कोयला चोर को सीआईएसएफ ने पकड़ लिया। इसके बाद बालूगद्दा से सैंकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष पहुंच गए। सभी ने सीआईएसएफ को चारों तरफ से घेर लिया और पत्थरबाजी शुरू कर दी।

80 वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा दे सरकार

ग्रामीणों को उनके हक से वंचित करना दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. विजय सिंह

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा

वनग्रामों को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग को लेकर वनग्रामों में रहने वाले ग्रामीण लंबे समय से संघर्षरत हैं. इसके बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वनग्रामों को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग को लेकर गुरुवार को बंदगांव प्रखंड के काड़ेदा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय मैदान में लगभग 70 गांव के ग्रामीणों भारी संख्या में जुटे थे। इसमें ग्रामीणों ने राज्य सरकार से 80 वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग की। ग्रामीणों ने अब तक राजस्व गांव घोषित नहीं करने पर राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जताई। बैठक में मुख्य वक्ता पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि आदिवासियों की पहचान जल, जंगल, जमीन से है।

झारखंड अलग राज्य गठन के 24 साल बाद भी वनग्राम के ग्रामीणों को उनके हक से वंचित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। 80 वनग्रामों को उनका हक अवश्य मिलना चाहिए। इसे लेकर वे जल्द ही वन अधिकार समिति सदस्य के प्रतिनिधियों के साथ वनग्राम के ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त पत्र लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे, ताकि जल्द से जल्द वनग्रामों को राजस्व गांव घोषित किया जाए। बैठक की अध्यक्षता वन अधिकार समिति के सदस्य मानीहंस मुंडा ने की।

बैठक के दौरान वन अधिकार समिति ने जिलाध्यक्ष विलसन सोय ने कहा कि वनग्रामों को राजस्व गांव घोषित नहीं किये जाने से ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
JHARKHAND STATE MID DAY MEAL AUTHORITY (JSMDMA)
SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT
Room No- 04, Ground Floor, MDI Building, Dhurwa, Ranchi-834004
E-mail: mdmjharkhand@gmail.com

Notice Inviting "Expression of Interest" From
Training Agency for the Training of Cook-cum-Helper at district level

Expression of Interest is invited from Training Agencies having 5 (five) years experience with sufficient number of training staff/resource persons for shortlisting for engangment in Training of Cook-cum-Helper(CCH) under Mid Day Meal (PM Poshan) Programme being implemented in the State of Jharkhand by the Jharkhand State Mid Day Meal Authority, Ranchi. The Prescribed format and the Terms of Reference is available in our JSMDMA office and on website https://schooleducation.jharkhand.gov.in/notice

Expression of Interest in prescribed format is to be submitted to **Director, Jharkhand state Mid Day Meal Authority (JSMDMA), School Education and Literacy Department, Room No-04, Ground Floor, MDI Building, Dhurwa, Ranchi-834004** through **Registered/Speed Post only up to 30.07.2024 (5:00 pm).** Expression of Interest received after above mentioned due date and time or incomplete format or with conditional offer will not be entertained/accepted. The meeting of selection committee will be held only after shortlisting of applications. Then selection committee will decide the eligible firms. Final Selection result will be uploaded on Website of this department and communicated individually by the authority by email also. Undersigned has full right to withdraw or cancle or amend part or whole of the E.O.I or work order accordingly. Any type of disputes arising out of this shall be subject to the juridiction of the court of Ranchi under section of I.C.P.C, 1908. Sd/-

(Aditya Ranjan)
Director, JSMDMA
PR 329876 Human Resource Developement(24-25)D

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
शुक्रवार 19 जुलाई, 2024

दिल और दिमाग के बीच जब भी संघर्ष हो, हमें अपने दिल की सुनी चाहिए : स्वामी विवेकानंद

निर्यात बढ़ाकर समृद्धि का प्रयास

केंद्र की नई गठबंधन सरकार वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने के लक्ष्य को सामने रखकर मिशन मोड पर आगे बढ़ रही है। पिछले दिनों नई दिल्ली में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी के आसपास स्थित देशों का संगठन) में भारत ने नए आयाम जोड़े। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए बिम्सटेक के देशों बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आपसी सहयोग बढ़ाने की पहल नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट तथा सागर नीति का ही हिस्सा है। इसी तरह भारत ने रूस सहित मित्र देशों और विभिन्न विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं से कारोबार बढ़ाने की नई कवायद शुरू की है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और ऑस्ट्रिया के दौरे के दौरान द्विपक्षीय वार्ताओं से विदेश व्यापार की नई संभावनाएं आगे बढ़ाई हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के बाद जारी हुए संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, इनोवेशन, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि 2023 में दोनों देशों के बीच लगभग 2.93 अरब रुपये का द्विपक्षीय व्यापार हुआ है। ऑस्ट्रिया के लिए भारत यूरोपीय संघ के बाहर इसके सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदारों में से एक है। पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के राष्ट्रप्रमुखों को बुलाया गया था। हाल में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद तीस्ता नदी के जल प्रबंधन, समुद्री अर्थव्यवस्था और डिजिटल सेक्टर सहित 10 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसी तरह श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मद्देनजर कोलंबो में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की और भारत से दिए गए 60 लाख अमेरिकी डॉलर के अनुदान से निर्मित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि वर्ष 2022 में जब श्रीलंका सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने 3.5 अरब डॉलर की मदद देकर हमें आर्थिक संकट से उबारा। यह भी महत्वपूर्ण है कि हाल में जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश भारत की अहमियत दिखाई दी। भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी। सरकार को आसियान देशों में निर्यात की नई रणनीति अपनानी होगी। साथ ही भारत को ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इस्राइल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्र अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इस पर भी काम करना होगा कि पिछले वर्ष जी-20 में जिस 55 देशों वाले अफ्रीकी संगठन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत ने अहम भूमिका निभाई है, उन देशों में निर्यात बढ़ाने होंगे। उम्मीद है कि पिछले दिनों रूस, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और विभिन्न ?देशों के साथ की गई द्विपक्षीय वाताएं लाभप्रद सिद्ध होंगी। ऐसे में निश्चित रूप से भारत विदेश व्यापार बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से वर्ष 2030 तक माल एवं सेवाओं के दो लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

इन दिनों

छद्म एवं पाखण्डी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल

ललित गर्ग

भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कार्रवाई पाखण्डी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू-टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कार्रवाई इस तरह के कथित धर्मगुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धर्मगुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साईं व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचर्याओं में शामिल था। लाज-शर्म की वजह से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है। जरूरत है ऐसे ही अन्य शीर्ष धर्म संगठनों के सक्रिय होकर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाई करने की। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं के मामले में भोले-भाले एवं अशिक्षित लोगों के जीवन के साथ जो खिलवाड़ हुआ है और जिन बाबाओं ने ये कुकर्म किया है, उन्हें ढूंढकर दंड देना ही चाहिए। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं की परंपरा सदैव से दुष्टों के हाथ में रही है। इसका आरंभ किया था महाभारत में शकुनि ने। हमारे समाज एवं राष्ट्र ऐसे बहुत सारे बाबा रूपी शकुनि हैं, जिन्हें हम समय पर पहचान नहीं पाते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच जब जुए का खेल हुआ, तो शर्त यही थी कि पांसे शकुनि चलेगा। शकुनि ने पांसे भी ऐसे तैयार किए थे कि उसको परिणाम और प्रश्न मालूम थे। आधुनिक बाबा भी ऐसे ही पांसे चलते हुए हुए कइयों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं, कइयों के घर उजाड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों का हुआ है, जो धार्मिक आस्थाओं के प्रति अटूट विश्वास रखते थे, क्योंकि भारत की पहचान सदा से ही साधु-संतों से जुड़ी रही है। लेकिन पिछले एक-दो दशक से कुछ फर्जी बाबाओं ने अपनी काम वासना एवं धनलोलुपता के चलते सबकुछ खंडित कर दिया है। इन बाबा रूपी शकुनियों को दंड देना ही पड़ेगा। आधुनिक बाबाओं की तरह महाभारत का शकुनि कभी किसी से नहीं डरता था, लेकिन वो कहता था, दुर्योधन! मैं इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति से डरता हूं और वो श्रीकृष्ण हैं। तो हमें भी आधुनिक बाबाओं के लिये श्रीकृष्ण जैसी एक सख्त व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। क्योंकि श्रीकृष्ण जब किसी को दंड देते थे तो अपना और पराया कभी नहीं देखते थे। श्रीकृष्ण धर्म में जय और जय में धर्म देखते थे। वर्तमान में धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का जो चरित्र एवं आचरण प्रस्तुत हो रहा है, वह कष्टदायक एवं विनाशकारी है। इसलिये उनके लिये श्रीकृष्ण रूपी अनुशासन-व्यवस्था को सख्ती से लागू करना ही होगा। अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय-समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। ऐसी ही हाल में की गयी जांच में सामने आया कि धनार्जन में लिप्त रहने वाले संतों की कार्यप्रणाली अखाड़ों की रीति-नीति के विपरीत थी। इनमें कुछ के तो आपराधिक लोगों से भी संबंध सामने आए। राजनेताओं से भी उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। हर समुदाय में संतों का अलग ही स्थान रहता आया है। वे जहां विराजते हैं वह स्थान स्वतः ही उच्च हो जाता है। आज भी बड़ी संख्या में संत-महात्मा समाज को दिशा देने के काम में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। पर बदलते दौर में संत-महात्मा-मुल्ला-मौलवियों व पीर-पगारों के छद्म-पाखण्डी वेश में ऐसे लोग भी सामने आने लगे हैं जो धार्मिक कार्यकलापों की बजाय न केवल अर्थार्जन में जुटे रहते हैं बल्कि अंधविश्वास, व्यभिचार और पाखण्ड को बढ़ावा देने में जुटे हैं। छद्म धर्मगुरु और संत लोगों की धार्मिक श्रद्धा एवं अंधभक्ति का फायदा उठाकर उन्हें ठगते हैं। ऐसे लोगों का गाहे-बगाहे सियासी जुड़ाव भी सामने आता रहता है। ऐसे ही लोग संत समाज को बदनाम करते हैं, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था भी डगमगाने लगती है। धर्मगुरुओं के धन के प्रति बढ़ते आकर्षण ने भी अनेक तरह की विसंगतियों एवं विकृतियों को जन्म दिया है। अब तक धर्म और धर्मगुरुओं के इर्द-गिर्द ठाट-बाट और राजा-महाराजाओं जैसी वैभवपूर्ण स्थितियां ही देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ये तथा कथित धर्मगुरु स्वयं व्यापारी बनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों का संचालन कर रहे हैं। एक प्रमुख महिला धर्मगुरु बहुत सारे धार्मिक कार्यों के अलावा अस्पताल, एक टीवी चैनल, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजनेस स्कूल चलाती है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए विश्व धार्मिक सांस्कृतिक सम्मेलन में देखा कि किस तरह से पानी से लेकर खाद्य पदार्थ तक बेचे गए।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

> **गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है।**

आपकी बात

भारत में बढ़ती समस्याओं का कारण कहीं जनसंख्या का उचित प्रबंधन न कर पाना तो नहीं?

डॉ. मनमोहन प्रकाश

भारत की जनसंख्या निरंतर बढ़ रहा है, इस तथ्य से कोई इंकार नहीं कर सकता। इसमें 2011 के जनगणना के आंकड़ों की तुलना में कितनी वृद्धि हुई है यह तो प्रमाणिक रूप से आगामी जनगणना के आंकड़े ही बता सकेंगे। जनसंख्या वृद्धि के बारे में एक सामान्य सिद्धांत है कि यदि देश का क्षेत्रफल बड़ा है, संसाधनों की कोई कमी नहीं है तो जनसंख्या देश के विकास में सहयोगी बन सकती है, उन्नत राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने में मददगार हो सकती है बशर्ते है जनसंख्या प्रोटेक्टिव हो। किन्तु यदि जनसंख्या उपलब्ध संसाधनों के अनुपात से अधिक है तो यही जनसंख्या राष्ट्र के लिए कई समस्याएं भी खड़ी कर सकती है। इस स्थिति में जनसंख्या वृद्धि का सीधे-सीधे मतलब है सभी प्राकृतिक और कृत्रिम संसाधनों में कमी आना, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, मेहंगाई, चोरी, लूटपाट, प्रदूषण आदि का बढ़ना, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विपरीत असर पड़ना, अपराधों और सामाजिक समस्याओं में वृद्धि के साथ जटिलता आना। यह तथ्य भी उतना ही सही है कि यदि बढ़ती जनसंख्या का सही प्रबंधन किया जाय, उन्हें आधुनिक विश्व स्तर की प्रायोगिक, सैद्धांतिक, कौशल, नवाचार, शोध की शिक्षा उपलब्ध कराई जाए , आत्मनिर्भर बनने का पाठ पढ़ाया जाय, उनमें राष्ट्र प्रेम, राष्ट्र सर्वोपरि की भावना जागृत की जाय तो बढ़ती जनसंख्या रोजगार सृजन और विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम भी बन सकती है। देश के विकास और प्रगति में सहायक हो सकती है। यह तभी संभव है जबकि कि देश की नीतियां युवा पीढ़ी केन्द्रित हो, युवाओं की समस्यायों को ध्यान में रख कर तैयार की गई हो, सभी वर्गों को काम-धंधा तथा रोजगार उपलब्ध कराती हो, जीवन के लिए आवश्यक सुख सुविधा इंतजाम कराती हों। वहीं दूसरी ओर यदि नीतियां युवाओं के अनुकूल नहीं है, उनकी आशा, आकांक्षाओं को पूरी करने वाली नहीं है, समस्याओं का समाधान नहीं करती है, रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं तो देश में अराजकता बढ़ सकती है, अपराध बढ़ सकते, लूट-पाट, चोरी चकारी में इजाफा हो सकता है, गरीब -अमीर की खाई और गहरी हो सकती है, रोटी-कपड़ा-मकान की किल्लत बढ़ सकती हैं, चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, प्रदूषण की समस्या और जटिल हो सकती है, पेयजल तथा खाद्य आपूर्ति करना कठिन हो सकता है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संतुलन बिगड़ सकता हैं आदि। आज हमारा देश कई समस्याओं से जूझ रहा है। आये दिन कुछ न कुछ ऐसा देखने सुनने को मिलता है जो देश वासियों को दुःखी करता है फिर चाहे दिन दहाड़े डकैती, हत्या, बलात्कार, छेड़छाड़ आदि के समाचार हो आदिवासी, गरीब, दीन-दुखी को त्रस्त, नीचा, प्रताणित करने की सूचनाएं हो, शराब, नशावृत्ति, व्याभिचार, जुआ, बेरोजगार, महंगाई आदि के बढ़ते आंकड़े हो। सभी भारत में जनसंख्या के उचित प्रबंधन न होने की ओर इशारा करते हैं। अतः शासन, प्रशासन, राजनेताओं, उद्योगपतियों, समाजसेवियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे बढ़ती जनसंख्या के उचित प्रबंधन की ओर ध्यान दे। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्र हित में जनसंख्या को कैसे मैनेज किया जाता है, देश का भविष्य उसी पर टिका है। यदि हम भारत की जनसंख्या का गुणात्मक विश्लेषण करें तो हमारी चिंता और भी बढ़ जाती है क्योंकि हमारे देश में कमाऊ आबादी से ज्यादा आश्रित आबादी है और इसी के कारण उत्पादक आबादी हमेशा दबाव में रहती है। किन्तु सुखद बिंदु यह है कि भारत 2030 तक दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश रहने वाला है। निश्चित ही देश के विकास की दृष्टि से यह एक सकारात्मक पक्ष हो सकता है यदि हम इस उपलब्धि को अवसर में बदलने वाली नीतियां बनाते हैं, युवाओं की पूरी क्षमता का सही दिशा में राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में उपयोग करते हैं। भारत के अधिकांश राज्यों में प्रजनन दर का कम होना भी एक अच्छा संकेत है।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

अर्थव्यवस्था

निजीकरण के इस युग में आज भी सरकारी बैंक क्यों

अश्वनी राणा

निजीकरण के इस युग में आज भी सरकारी बैंकों का अस्तित्व प्रासंगिक बना हुआ है। 19 जुलाई, 1969 को तत्कालीन सरकार ने देश के 14 प्रमुख बैंकों का पहली बार राष्ट्रीयकरण किया था। साल 1969 के बाद 1980 में पुनः 6 बैंक राष्ट्रीयकृत हुए। 19 जुलाई 2024 को बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आर्थिक तौर पर सरकार को लग रहा था कि प्राइवेट बैंक देश के सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया में सहायक नहीं हो रहे थे। उस समय देश के 14 बड़े बैंकों के पास देश की लगभग 80 फीसदी पूंजी थी। इनमें जमा पैसा उन्हीं सेक्टरों में निवेश किया जा रहा था, जहां लाभ के ज्यादा अवसर थे। वहीं सरकार की मंशा कृषि, लघु उद्योग और निर्यात में निवेश करने की थी। दूसरी तरफ एक रिपोर्ट के मुताबिक 1947 से लेकर 1955 तक 360 छोटे-मोटे बैंक डूब गए थे जिनमें लोगों का जमा करोड़ों रुपया डूब गया था। 1969 में राष्ट्रीयकरण के बाद से आज तक भी कई प्राइवेट बैंक डूबने की स्थिति में आए जिन्हें सरकारी बैंकों द्वारा ही संभाला गया। यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक का ताजा उदाहरण हमारे सामने है। लेकिन आज तक कोई सरकारी बैंक नहीं डूबा, क्योंकि इन पर सरकार और रिजर्व बैंक का पूरा नियंत्रण है। 2023-24 में इन्हीं सरकारी बैंकों ने 1.41 लाख करोड़ का लाभ कमाया है और अभी तक चार बैंकों ने 6481 करोड़ लाभांश के रूप में सरकार को दिया है। सरकारी बैंकों को गांवों तक पहुंचने के मकसद से 1975 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई। आज देश में 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की 26 राज्यों और 3 केन्द्रीय शासित प्रदेशों में लगभग 22000 शाखाएं हैं। 1980 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण का दूसरे चरण में छह निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। इसके विपरीत 1991 के आर्थिक सुधार के बाद सरकार बैंकों के निजीकरण की ओर आगे बढ़ी , जिसे 'नई आर्थिक नीति या एलपीजी नीति' के रूप में भी जाना जाता है। 1994 में नए प्राइवेट बैंकों का युग प्रारम्भ हुआ। आज देश में 8 न्यू प्राइवेट जनरेशन बैंक और 13 ओल्ड प्राइवेट जनरेशन बैंक कुल मिलकर 21 प्राइवेट बैंक काम कर रहे हैं। 2018 में सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की स्थापना की जिसका उद्देश्य पोस्ट ऑफिस के नेटवर्क का इस्तेमाल करके बैंकिंग को गांव-गांव तक पहुंचाना था। इसके साथ-साथ और कई प्राइवेट पेमेंट बैंकों की भी शुरूआत हुई।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

> **19 जुलाई 2024 को बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आर्थिक तौर पर सरकार को लग रहा था कि प्राइवेट बैंक देश के सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया में सहायक नहीं हो रहे थे।**

फेसबुक वॉल से



Swami Vivekanand Quotes
Sonam Sharma · 2 h ·

Right

जिंदगी कुल्फी की तरह है, टेस्ट करो या वेस्ट करो पिघल तो रही ही है, इसलिए टेस्ट करना सीखो, वेस्ट तो वैसे भी हो ही रही है..!!

X- से



Anshu Kumar @Anshubhai07 · 15h

दिल्ली एयरपोर्ट पर एक 60 साल के व्यक्ति को हार्ट अटैक आया. लेकिन अच्छी बात ये कि वहां डॉक्टर मौजूद थीं जिन्होंने उन्हें बचा लिया।

आजकल ऐसे हार्ट अटैक बहुत आम हो गए हैं। वीडियो शेयर करने का मकसद इतना ही था कि कभी आपके आस पास कोई ऐसी घटना हो तो उसे इस तरह बचाने की कोशिश की जा Show more

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

'इसलिए' जरूरी है बफर स्टॉक

प्रियंका सौरभ

गेहूं और चने की खुले बाजार में बिक्री से अनाज और दालों की बढ़ती महंगाई को रोकने में मदद मिली है। बढ़ते जलवायु-संचालित आपूर्ति झटकों और मूल्य अस्थिरता के बीच बफर स्टॉक को अन्य प्रमुख खाद्य पदार्थों तक बढ़ाना समझदारी है। मूल्य वृद्धि को कम करने के लिए बफर स्टॉक को चावल, गेहूं और चुनिंदा दालों के अलावा तिलहन, सब्जियों और यहां तक कि दूध पाउडर को भी शामिल किया जाए। भविष्य में बाजार स्थिरीकरण के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बनाने के लिए अधिशेष वर्षों के दौरान खरीद बढ़ाने की वकालत की जाती है। बफर स्टॉकिंग जलवायु परिवर्तन से प्रेरित कृषि अनिश्चितताओं से प्रभावित मूल्य अस्थिरता को कम कर सकता है, जिससे उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को लाभ होगा। दरअसल बफर स्टॉक आवश्यक वस्तुओं के भंडार हैं जो आपूर्ति और मांग में उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करने के लिए बनाए रखे जाते हैं। भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) के दौरान शुरू बफर स्टॉक खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाए गए चावल और गेहूं के बफर स्टॉक प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान इन प्रमुख वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता का समर्थन होता है। बफर स्टॉकिंग खाद्य पदार्थों की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने का एक साधन हो सकता है, मुद्रा बाजार के मुकाबले आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार के समान। जलवायु-संचालित मूल्य अस्थिरता में वृद्धि-जो अंततः न तो उपभोक्ताओं और न ही उत्पादकों की मदद करती है-केवल खाद्य बफर नीति के मामले को मजबूत करती है। आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को स्थिर करने के लिए कमी की अवधि के दौरान बफर स्टॉक जारी किया जाता है, जिससे उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए 2019 में प्याज की कीमत में उछाल के दौरान भारत सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने, कीमतों को नियंत्रित करने और मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बफर स्टॉक जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्याज सस्ता बना रहे। बफर स्टॉक बनाए रखने से सरकार आपूर्ति की कमी के दौरान कीमतों में भारी वृद्धि को रोक सकती है, जिससे बाजार की मांग संतुलित रहती है। उदाहरण के लिए 2020 में सरकार ने कीमतों को स्थिर करने के लिए बफर स्टॉक से दालें जारी कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उत्पादन में कमी के बावजूद दालें उपलब्ध और सस्ती बनी रहें। बफर स्टॉक बाजार में आपूर्ति और मांग की गतिशीलता को विनियमित करके अत्यधिक मूल्य में उतार-चढ़ाव को सुचारु बनाने में मदद करते हैं। बफर स्टॉक कमी के दौरान बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर मुद्रास्फीति को कम करते हैं, जिससे कीमतों में अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सकता है। उदाहरण के लिए 2021 में गेहूं और चावल के स्टॉक को जारी करने से भारत में बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि मुख्य अनाज उपभोक्ताओं के लिए किफायती रहे। बफर स्टॉक स्थिर बाजार सुनिश्चित करके, अधिक आपूर्ति के कारण कीमतों में गिरावट को रोककर और मूल्य स्थिरता प्रदान करके किसानों की सहायता करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

बोधि वृक्ष

हनुमान जी के 10 मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद

6. भेट-द्वारका, गुजरात
भेज-द्वारका से चार मील की दूरी पर मकरध्वज के साथ में भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित है। कहते हैं कि पहले मकरध्वज की मूर्ति छोटी थी परंतु अब दोनों मूर्तियां एक सी ऊंची हो गई हैं। मकरध्वज को हनुमानजी का पुत्र बताया गया है, जिसका जन्म हनुमानजी के पसीने द्वारा एक मछली से हुआ था।

7. बालाजी हनुमान मंदिर, मेहंदीपुर (राजस्थान)
राजस्थान के दौसा जिले के पास दो पहाड़ियों के बीच बसा हुआ मेहंदीपुर है। यह मंदिर जयपुर-बांदीकुई-बस मार्ग पर जयपुर से लगभग 65 किलोमीटर दूर है। यह मंदिर करीब 1 हजार साल पुराना है। यहां चट्टान में हनुमान की आकृति स्वयं उभर आई थी। इसे ही श्री हनुमान जी का स्वरूप माना जाता है।

8. डुल्या मारुति, पूना (महाराष्ट्र)
पूना के गणेशपेठ में बना यह मंदिर काफी प्रसिद्ध है। श्रीडुल्या मारुति का मंदिर संभवतः 350 वर्ष पुराना है। मूल रूप से डुल्या मारुति की मूर्ति एक काले पत्थर पर अंकित की गई है। इस मूर्ति की स्थापना श्रीसमर्थ रामदास स्वामी ने की थी।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

ऑनलाइन Passport बनवाने वाले हो जाएं सावधान! जान लें ये जरूरी बात

तत्पश्चात स्क्रीन पर दिखाई दे रहे स्टेप्स आपको फॉलो करने होंगे और आपको अपनी आवाज रिकॉर्ड करनी होगी और जैसे ही स्क्रीन पर कंटेंट आप पढ़ेंगे तो आपकी आई जेनरेटेड वॉइस रिप्लिकेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। है ना कमाल का फीचर, आपको बता दें कि ट्रूकॉलर का लक्ष्य लिमिटेड अक असिस्टेंट वॉइस के उसे को समाप्त करके आपके पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस को और ज्यादा एनरिच करना इसका मकसद है।

(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

यूपी में बीजेपी क्यों हारी, पीएम मोदी को सौंपी गई 15 पेज की रिपोर्ट

अग्निपथ, पेपर लीक, कार्यकर्ताओं की नाराजगी का जिक्र

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद भाजपा में खूब उठापटक देखने को मिल रही है। इलके साथ ही लखनऊ से दिल्ली तक बैठकों का दौर भी देखा जा रहा है। खराब प्रर्दशन को लेकर लगातार मंथन किया जा रहा है। इन सब के बीच पार्टी की एक रिपोर्ट सामने आई है। इसमें दावा किया गया है कि सरकार के प्रति पार्टी कार्यकर्ताओं का असंतोष, अग्निपथ योजना के प्रति गुस्सा, राजपूत समुदाय की नाराजगी कुछ ऐसे कारण हैं जिसकी वजह से राज्य में पार्टी की लोकसभा चुनाव में हार हुई।

भाजपा ने यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 33 सीटें जीतीं जो कि 2019 और 2014 की संख्या से काफी कम है।

उत्तर प्रदेश भाजपा प्रमुख भूपेन्द्र चौधरी ने यह रिपोर्ट आलाकमान सौंपा है। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों के 40,000 भाजपा कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर तैयार की गई 15 पन्नों की रिपोर्ट पर दिल्ली में भाजपा आलाकमान ने चर्चा की। रिपोर्ट को लेकर चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ लंबी बैठक भी की। बुधवार को उत्तर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और हार के कारणों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की। जानकारी के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने रिपोर्ट में खराब नतीजों के लिए बताए गए कारणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चौधरी ने निराशाजनक प्रदर्शन के कारणों को विस्तार से बताया। भाजपा ने यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 33 सीटें जीतीं, जो कि 2019 और 2014 की संख्या से काफी कम है। सामूहिक रूप से, विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने 43 सीटें जीतीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य के सभी छह क्षेत्रों - पश्चिमी यूपी, ब्रज, कानपुर-बुंदेलखंड, अवध, गोरखपुर और काशी क्षेत्र में भाजपा के वोट शेयर में कम से कम 8 प्रतिशत की कमी आई है। पार्टी का सबसे खराब प्रदर्शन पश्चिम और काशी क्षेत्र में रहा, जहां उसे 28 में से केवल आठ सीटें मिलीं। ब्रज में उसे 13 में से 8 सीटें मिलीं। गोरखपुर में पार्टी को 13 में से सिर्फ छह सीटें मिलीं, जबकि अवध में 16 में से सिर्फ 7 सीटें मिलीं। कानपुर-बुंदेलखंड में, भाजपा अपनी मौजूदा सीटों को फिर से हासिल करने में विफल रही, 10 में से केवल 4 सीटें जीत पाई।

आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से एसटीएफ के दो जवान शहीद

एजेंसी। बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में थाना तर्रेम क्षेत्र अंतर्गत मंडीमरका के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से एसटीएफ के दो कॉन्स्टेबल भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे बलिदान हो गए हैं। वहीं, चार जवान पुरुषोत्तम नाग, कोमल यादव, सियाराम सोरी और संजय कुमार घायल हैं, जिनका मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर दरभा डिवीजन के नक्सली बड़ी संख्या में मौजूद हैं। सूचना पर तीनों जिलों से एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को बुधवार देर शाम अभियान के लिए रवाना किया गया था। जवानों के वापसी के दौरान बुधवार रात्रि 10 बजे थाना तर्रेम एरिया में मंडीमरका के जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आए दो जवान बलिदान हो गये। वहीं, चार जवान घायल हैं। घायल जवानों का उपचार जारी है और उनकी हालत सामान्य है। बलिदानी भरत साहू रायपुर और सत्येर सिंह कांगे नारायणपुर के रहने वाले थे। जगदलपुर पुलिस लाइन में आज गुरुवार दोपहर 1 बजे बलिदानी जवानों को सलामी दी जायेगी।

हाथरस भगदड़ पर सामने आया भोले बाबा का बयान

होनी को कौन टाल सकता है जो आया है उसे जाना ही है

एजेंसी। हाथरस

स्वयंभू धर्मगुरु सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का हाथरस कांड को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। हाथरस में भोले बाबा का ही सत्संग था जहां भगदड़ के बाद 121 भक्तों की मौत हो गई थी। घटना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए बाबा ने कहा कि वह 2 जुलाई की घटना के बाद से उदास हैं, उसे कौन रोक सकता है जो होना ही है। उन्होंने कहा कि 2 जुलाई की घटना के बाद से मैं दुखी और उदास हूं, लेकिन जो होना तय है उसे कौन रोक सकता है। जो आया है उसे एक न एक दिन जाना ही है।

2 जुलाई की घटना के बाद से मैं दुखी और उदास हूं

भोले बाबा ने आगे कहा कि अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह और प्रत्यक्षदर्शियों ने हमें जहरीले स्प्रे के बारे में जो बताया, उसके अनुसार यह सच है कि इसमें जरूर कोई साजिश है। उनके वकील ने बुधवार को बताया कि भोले बाबा कासगंज के बहादुर नगर गांव स्थित अपने आश्रम पहुंच गए हैं। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने कासगंज में संवाददाताओं से कहा, वह अपने आश्रम पहुंच गए हैं और यहीं रहेंगे। वह अपने दूसरे आश्रम से यहां आए हैं। वह कभी किसी के घर, किसी होटल या किसी अन्य देश में नहीं थे।

उत्तर प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के लिए एक एसआईटी और एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। हालाँकि, सिकंदराराऊ पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में बाबा को आरोपी के रूप में उल्लेखित नहीं किया गया था। एसआईटी ने 9 जुलाई को राज्य सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में भगदड़ के पीछे 'बड़ी साजिश' से इनकार नहीं किया है. रिपोर्ट में स्थानीय प्रशासन की ओर से हुई चूक का भी जिक्र किया गया है, जिसके कारण भगदड़ मची।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में घटना के लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया गया है और दावा किया गया है कि उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इंतजाम नहीं किए और प्रशासन की जिम्मेदारी भी तय की है। भोले बाबा के वकील ने 6 जुलाई को दावा किया था कि 'कुछ अज्ञात लोगों' द्वारा 'कुछ जहरीला पदार्थ' छिड़कने से भगदड़ मच गई।

बिहार में सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत

एजेंसी। मोतिहारी

बिहार के मोतिहारी जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर टॉयलेट टैंक का सेंटरिंग खोलने के कारण जहरीली गैस से 4 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। मोतिहारी में नव निर्मित टॉयलेट टैंक का सेंटरिंग खोलने के दौरान टैंक से निकली गैस से चार लोगों की मौत हो गई है, इसके साथ कई लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ गए हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद मरीज को लेकर परिजन जब अनुमंडलीय अस्पताल लाए तो लोगों ने आरोप लगाया कि समय रहते समुचित इलाज नहीं होने से कुछ लोगों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने अस्पताल में जमकर तोड़-फोड़ की और शव रखकर हंगामा किया। बता दें पूरी घटना मोतिहारी के ढाका नगर परिषद क्षेत्र की है। जहां रामचंद्र ठाकुर के घर में टॉइलट का टैंक बना था जिसके अंदर का सेंट्रिंग मजदूर खोल रहे थे। तभी टैंक से निकली गैस से मजदूर बेहोश हो गए, जिसमें सभी की हालत बिगड़ गई और सभी को ढाका अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां 4 लोगो की मौत हो गई। मरने वालों में योगेंद्र यादव, अब्दुल बकर, हुसैन अंसारी और वसी अहमद शामिल हैं। तीन लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ गए हैं, जिनका इलाज जारी है।

दो बाइक की टक्कर में तीन की मौत

मुर्शिदाबाद। मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हुए हैं।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतकों में संदीप मंडल (24), शुभो मंडल (22) और भादु मंडल (21) शामिल हैं। ये सभी रघुनाथगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर महकमा अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया हैं।

आज का राशिफल

मेष
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

वृषभ
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

मिथुन
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय एवं चिंताए संतान को कष्ट व अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभ चिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

कर्क
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

सिंह
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें।

कन्या
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें।

तुला
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

वृश्चिक
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं।

धनु
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकता है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

मकर
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कुम्भ
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

मीन
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

खाई में गिरा वाहन, दो महिलाओं की मौत

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में कोटेश्वर के पास चोपड़ा मार्ग पर गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक परिवार की दो महिलाओं की मृत्यु हो गयी। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) कार्यालय से मिली जाानकारी के अनुसार, चोपड़ा से डूंगरी जा रहा वाहन अचानक अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में गिर गया। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गयी जबकि चार अन्य लोगों को घायल अवस्था में खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक महिलाओं की पहचान कल्पेश्वरी देवी (68) तथा उनकी पोती आरती (24) के रूप में हुई है जबकि उनके पति बुद्धि लाल (70), उनके पुत्र जीतपाल (50), पुत्रवधु देवेश्वरी देवी (45) तथा उनकी एक अन्य पोती पूजा (27) घायलों में शामिल हैं।

नए आपराधिक कानूनों पर ममता सरकार ने बिठाई जांच, गवर्नर बोले

प. बंगाल को बनाना रिपब्लिक में नहीं बदला जा सकता : गवर्नर

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से 1 जुलाई को लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा के लिए सात सदस्यीय समिति के उद्देश्यों पर तत्काल रिपोर्ट देने का आग्रह किया है। इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य को बनाना रिपब्लिक में नहीं बदला जा सकता। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला पैनल जारी अधिसूचना की तारीख से तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल एक राज्य के भीतर एक राज्य नहीं हो सकता है या उसे बनाना रिपब्लिक में तब्दील नहीं किया जा सकता है।

जानें क्या है पूरा मामला

एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि समिति के पास विषय वस्तु पर उनके विचार जानने के लिए अकादमिक विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, अनुसंधान सहायकों और अन्य कानूनी विशेषज्ञों को शामिल करने की शक्ति होगी। इसमें सार्वजनिक परामर्श करने की भी शक्ति होगी। एक अधिकारी ने बताया कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशिम कुमार रॉय की अध्यक्षता वाले पैनल में राज्य के कानून मंत्री मलय घटक और वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य भी शामिल हैं। तीन नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) - ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और साक्ष्य अधिनियम के औपनिवेशिक युग के कानूनों को प्रतिस्थापित कर दिया। 21 जून को बनर्जी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को स्थगित करने का आग्रह किया। उन्होंने नए कानूनों पर संसद में आगे चर्चा की भी मांग की थी।

रील बनाते समय खाई में गिरी महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट, मौत

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में झील पर रील बनाते समय एक महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की दुखद मौत हो गई। अन्वी कामदार (27) अपने दोस्तों के साथ मानगांव तालुका के कुम्भे जलप्रपात में घूमने गई थीं। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गईं।

मिली जानकारी के अनुसार, सीए अन्वी 17 जून को झरने के नजदीक एक छोटे से शंकु के पास सेल्फी ले रही थीं। इसके बाद वह अपने मोबाइल फोन से रील बनाने लगीं। इसी बीच, पहाड़ पर उसका पैर फिसल गया और वह सीधे 350 फीट गहरी खाई में जा गिरीं। अन्वी के साथ मौजूद उसके साथियों ने इस घटना की सूचना तुरंत मानगांव थाने को दी।

हादसे की सूचना मिलते ही वन्य जीव संरक्षण समिति और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। वे कुछ ही मिनटों में अन्वी तक पहुंच गए। बुरी तरह से जख्मी अन्वी की सांसें चल रही थीं।

छत्तीसगढ़ में बिछेगा हाईवे का जाल

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर मुलाकात की।बैठक में राज्य में चल रही सड़क परियोजनाओं और आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर चर्चा हुई।

सख्ती | कल अधिकारियों के सामने होगा फाइनल रिहर्सल

सावन में काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक

12 ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।

एजेंसी। वाराणसी

सावन के महीने में भगवान विश्वनाथ के दर्शन में अव्यवस्था रोकने के लिए मंदिर और वाराणसी प्रशासन ने कमर कस ली है। मंदिर प्रशासन ने सावन के दौरान भगवान विश्वनाथ के वीआईपी और स्पर्श दर्शन पर पूणतः रोक लगा दी है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में आकलन के हिसाब से एक से डेढ़ करोड़ श्रद्धालु आते हैं। इसके लिए सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। लाइन्स की संख्या को बढ़ा दिया गया है। साथ ही पानी, कूलर, ओआरएस घोल देने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोगों की सुविधा के लिए सभी कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। सभी आगंतुक श्रद्धालुओं को सुगम और सुचारू दर्शन हो सके, इसके लिए न्यास पूरा प्रयास करेगा।

उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा सावन की तैयारियों को लेकर हम शुक्रवार को पहला रिहर्सल करेंगे, जिसमें न्यास के अधिकारी आपस में बातचीत करेंगे। इसके पश्चात मंडलायुक्त के निर्देशानुसार 20 जुलाई को सभी अधिकारियों के सामने फाइनल रिहर्सल किया जायेगा। जो कमियां रह जाएंगी, उन्हें 21 जुलाई को फिर से रिहर्सल कर पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद हम 22 जुलाई से सावन के लिये मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल देंगे।

12 ज्योतिलिंगों में से एक काशी विश्वनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। पिछले साल सावन के महीने में एक करोड़ से अधिक लोगों ने काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन किये थे। इस बार सावन का महीना 22 जुलाई से शुरू हो रहा है और पूरे महीने के पांच सोमवारों में मंदिर न्यास को पिछली बार से ज्यादा भक्तों के दर्शन की उम्मीद है।

न्यूज बॉक्स

तथागत राय ने किया शुभेंदु अधिकारी के अल्पसंख्यक मोर्चा वाले बयान का समर्थन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा भाजपा में अल्पसंख्यक मोर्चा की आवश्यकता नहीं है के बयान को पार्टी के पूर्व राज्य अध्यक्ष और पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय का समर्थन मिला है। बुधवार को भाजपा की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में अधिकारी ने यह बयान दिया और 'सबका साथ, सबका विकास' के बजाय नया नारा 'जो हमारे साथ, हम उनके साथ' पेश किया था। गुरुवार सुबह अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल के माध्यम से रॉय ने दो बयान जारी कर विपक्ष के नेता के विचारों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शुभेंदु ने जो मंच पर कहा वह सत्य था। बाकी सब राजनीति है। रॉय ने अपने संदेश में कोलकाता के मेयर और राज्य नगर मामलों और शहरी विकास मंत्री के एक हालिया बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने गैर-मुसलमानों के बीच इस्लाम फैलाने की वकालत की थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बयान की जानकारी होने से इनकार किया था।

मध्य प्रदेश में नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस ने की मांग, विश्वास सारंग के खिलाफ दर्ज हो केस

जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (शहर एवं ग्रामीण)
IANS

भोपाल। मध्य प्रदेश के कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आक्रामक मोड में है। इसी के चलते मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोहन सरकार में कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाने का घेराव किया और कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। दरअसल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने अशोका गार्डन थाने का रुख किया। हालांकि, थाने के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके बाद पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को थाने के बाहर ही रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कथित नर्सिंग घोटाले को लेकर मोहन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ह्वव्यापाम से लेकर अब तक जितनी भी भर्ती परीक्षाएं हुई हैं, उन सब में भ्रष्टाचार हुआ है। इस भ्रष्टाचार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई और यहां भ्रष्टाचार हुआ है, अपात्र तरीके से कॉलेजों को मान्यता देकर उन्होंने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया है।

सीईएससी के सामने 22 जुलाई को प्रदर्शन करेगी भाजपा, अनुमति के लिए पहुंची हाई कोर्ट

कोलकाता। महानगर कोलकाता का दिल कहे जाने वाले धर्मतल्ला इलाका स्थित सीईएससी ऑफिस के सामने 22 जुलाई को विरोध प्रदर्शन की पुलिस से अनुमति न मिलने पर भाजपा ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया है। पार्टी ने निजी बिजली उत्पादन और वितरण कंपनी, सीईएससी लिमिटेड के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी है। जस्टिस राजर्षि भारद्वाज की एकल न्यायाधीश पीठ ने याचिका को स्वीकार कर लिया है और इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। भाजपा नेता तमोघ्नो घोष ने अपनी याचिका में कहा है कि हाल ही में इस कंपनी ने टैरिफ में अत्यधिक वृद्धि की है, जिसके कारण यह प्रदर्शन जनहित में है। कंपनी का कोलकाता में बिजली वितरण में एकाधिकार है लेकिन पुलिस इस प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर रही है। भाजपा की योजना के अनुसार, 22 जुलाई को भाजपा समर्थक विभिन्न हिस्सों से जुलूस निकाल कर निजी बिजली कंपनी के कार्यालय के सामने इकट्ठा होंगे। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने 14 जुलाई को राज्य में चुनाव बाद की हिंसा के खिलाफ राजभवन के सामने धरना-प्रदर्शन करते हुए इस विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। इसके बाद राज्य भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि तुरंत ही कोलकाता पुलिस से प्रदर्शन की अनुमति मांगी गई थी।

मालदा में बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस की गोलीबारी में दो घायल

कोलकाता। बिजली कटौती के विरोध में मालदा के मानिकचक इलाके में गुरुवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुआ। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोलीबारी की, जिसमें दो लोग घायल हो गए। उन्हें मालदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मानिकचक के दस स्थानों पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और उन्हें बंधक बनाने की कोशिश की। इस झड़प में मानिकचक के पुलिस इंस्पेक्टर-इन-चार्ज (आईसी) समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

बिजली कटौती से नाराज थे स्थानीय लोग : पिछले कुछ दिनों से मानिकचक के कई इलाकों में बिजली कटौती हो रही थी, जिसके कारण स्थानीय लोग नाराज थे। इसी नाराजगी के चलते उन्होंने गुरुवार को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।

तृणमूल विधायक का बयान : मानिकचक की तृणमूल विधायक सवित्री मित्रा ने कहा, रपिछले कुछ दिनों से मानिकचक के कुछ इलाकों में रात में बिजली नहीं रहने के कारण समस्या हो रही थी। मैंने कई बार डिविजनल ऑफिसर से समस्या हल करने के लिए कहा था लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

महिला एशिया कप

जीत के साथ शुरूआत करना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी। दाम्बुला

गत चैम्पियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी और अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिये इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूनार्मेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाने का होगा। इस महीने की शुरूआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गए। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किये गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पदार्पण करेंगी।

भारत

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

पाकिस्तान

निदा दार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, ईरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रूबाब, तूबा हसन।

गेंद को योग्यता के अनुसार खेलती हूं: मंधाना

नई दिल्ली। स्टार भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने महिला एशिया कप 2024 की शुरूआत से पहले अपनी मानसिकता पर बात की और कहा कि वह गेंद को सिर्फ उसकी योग्यता के अनुसार खेलती हैं। टी-20 प्रारूप में मंधाना ने 136 मैच और 131 पारियां खेली हैं, जिसमें उन्होंने 28.13 की औसत और 121.83 की स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। भारत शुक्रवार को दांबुला में पाकिस्तान से भिड़ेगी। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान होता है क्योंकि टीम को लक्ष्य मिलता है, जिससे उनके लिए जोखिम का आकलन करना आसान हो जाता है।

भारत का पहला मैच पाकिस्तान से होगा

श्रीलंका दौरा : टीम इंडिया का ऐलान रोहित वन डे व सूर्या टी20 के कप्तान

एजेंसी। नई दिल्ली

श्रीलंका दौरे के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है। जबकि, शुभमन गिल को उपकप्तान की कमान सौंपी गई है। रियान पराग, शिवम दुबे और रिंकू सिंह को टी-20 में मौका दिया गया है। वहीं, वनडे सीरीज में टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। विराट कोहली, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलते नजर आएंगे। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। जिसका पहला मुकाबला 27 जुलाई, दूसरा 28 जुलाई, तीसरा और आखिरी 30 जुलाई को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेली जाएगी। सीरीज का पहला मैच 2 अगस्त को होगा। दूसरा वनडे 4 अगस्त और तीसरा मैच 7 अगस्त को होगा। टीम इंडिया के कोच बनने के बाद यह गौतम गंभीर की पहली सीरीज होगी।

भारत की टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

भारत की वनडे टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

यूरोस्पोर्ट इंडिया ने शिखर धवन को बनाया मोटोजीपी का ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन को नियुक्त किया है। क्रिकेट के मैदान पर अपनी तूफानी उपस्थिति के लिए जाने जाने वाले धवन, यूरोस्पोर्ट इंडिया के नवीनतम अभियान, 'फेस कर रेस कर' के माध्यम से रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर शिखर धवन ने कहा, प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के एंबेसडर के रूप में साझेदारी करना मेरे लिये सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी।

कोहली की ब्रांड वैल्यू में हुआ इजाफा

शाहरुख-रणवीर को छोड़ा पीछे

विराट
कोहली
227.9
मिलियन
डॉलर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट आइकन विराट कोहली बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और रणवीर सिंह को पछाड़कर भारत के सबसे महंगे सेलिब्रिटी बन गए हैं। क्रोल की सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार कोहली की ब्रांड वैल्यू में 29% की वृद्धि हुई है, जो 227.9 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह उल्लेखनीय वृद्धि कोहली को भारत की सबसे मूल्यवान हस्तियों की सूची में शीर्ष स्थान पर ले जाती है। रिपोर्ट सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट के क्षेत्र में दिलचस्प पैटर्न पर प्रकाश डालती है, जो ब्रांडों के साथ सेलिब्रिटीज के जुड़ाव में उल्लेखनीय वृद्धि को दशार्ती है। साल-दर-साल तुलना में शीर्ष 20 हस्तियों ने अपने द्वारा प्राप्त ब्रांड एंडोर्समेंट की संख्या में 14.2% की वृद्धि देखी, यह प्रवृत्ति विज्ञापन उद्देश्यों के लिए टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्मों पर बढ़ते जोर के कारण है। विराट कोहली एंडोर्समेंट परिदृश्य पर हावी हैं, 227.9 मिलियन डॉलर के ब्रांड मूल्य पर कब्जा करते हुए सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

सबसे वेल्यूएबल सेलिब्रिटीज की लिस्ट

रणवीर सिंह - 203.1 मिलियन डॉलर
शाहरुख खान - 120.7 मिलियन डॉलर
अक्षय कुमार - 111.7 मिलियन डॉलर
आलिया भट्ट - 101.1 मिलियन डॉलर

विश्व सुपरबाइक चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय बने क्विंटल

एजेंसी। चेन्नई

राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी' और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस' ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गई। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक

08 दिन काउंट डाउन

लगातार तीन ओलंपिक से सइना नेहवाल व सिंधु दिला रहीं भारत को पदक

साइना नेहवाल - कांस्य पदक, लंदन ओलंपिक 2012
पहवी सिंधू- रजत पदक, रियो ओलंपिक 2016
पहवी सिंधू- कांस्य पदक, रियो ओलंपिक 2020

ओलंपिक के गत तीन सीजन में भारतीय महिला शटलर्स ने शानादार प्रदर्शन करते हुए लगातार पदक जीते हैं। यह सफर 2012 लंदन ओलंपिक में शुरू हुआ, जहां साइना नेहवाल बैडमिंटन में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर होने का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कांस्य पदक जीत राष्ट्र को गौरवान्वित होने का अवसर दिया था। इसके बाद स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अगले दो खेलों में रियो 2016 में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक हासिल कर इस जीत को बरकरार रखा।

साइना नेहवाल

बीजिंग 2008 के क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद साइना नेहवाल ने लंदन ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया। जहां साइना नेहवाल अपने अपने अभियान की शुरूआत दो जीत के साथ की। साइना नेहवाल ने राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में याओ जी को (21-14, 21-16) से हराकर टाइन बाउन के साथ क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया। साइना ने बाउन को दो करीबी सेटों में (21-15, 22-20) से हरा दिया। उन्हें सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन वांग यिहान से 21-13, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। साइना ने दूसरे गेम में वांग शिन के जल्दी हटने से 21-18 से जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस तरह साइना ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गईं।

पीवी सिंधु

पीवी सिंधु के रियो ओलंपिक में प्रवेश करते हुए साइना नेहवाल पर पिछले ओलंपिक की तरह उनके प्रदर्शन पर प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी हुई थीं। जहां वह लौरा सरोसी और मिशेल ली पर शानदार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष 16 के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहीं। इसके बाद सिंधु ने जू-यिंग को मात देते हुए क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया। जहां उन्होंने कड़े मुकाबले में वांग यिहान को 22-20, 21-19 से हराया। सिंधु ने सेमीफाइनल में नोजोमी ओकुहारा को पछाड़ते हुए अपने डेब्यू ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाई। पीवी सिंधु ने फाइनल में कैरोलिना मारिन के खिलाफ शुरूआती सेट जीता, लेकिन अगले दो (21-19, 12-21, 15-21) में हारकर उन्हें सिर्फ रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

व्यापार/लाइफ व साइंस

एलआईसी के शेयर में आई तेजी

एक साल में दिया करीब 80 प्रतिशत का रिटर्न

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एलआईसी) के शेयर में बीते एक वर्ष में बंपर 78 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शेयर में तेजी की वजह सरकारी शेयरों की तरफ निवेशकों के रुझान और कंपनी के प्रदर्शन को माना जा रहा है। शेयर की कीमत गुरुवार दोपहर 12:30 बजे 1,101 रुपये थी, जो कि 18 जुलाई, 2023 को 620 रुपये थी। एलआईसी का प्रदर्शन बीते एक वर्ष में काफी अच्छा रहा है। 2023-24 में कंपनी की आय 8.46 लाख करोड़ रुपये रही, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में 7.84 लाख करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 35,997 करोड़ रुपये से बढ़कर 40,885 करोड़ रुपये हो गया। अन्य इंश्योरेंस सेक्टर के शेयरों की बात करें तो एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने करीब दो प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। इस वर्ष की शुरूआत से अब तक निफ्टी 13 प्रतिशत, बीते छह महीने में 14 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 4.40 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है।

1 **एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस**
पिछले एक वर्ष में करीब 24 प्रतिशत का रिटर्न दिया है

2 **आईसीआईसीआई इंश्योरेंस**
शेयर ने बीते एक वर्ष में 12 प्रतिशत का रिटर्न दिया है

2030 तक हैदराबाद जीसीसी में 3,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी सनोफी हेल्थकेयर

नई दिल्ली। फ्रांसीसी दवा कंपनी सनोफी हेल्थकेयर इंडिया अगले छह साल में हैदराबाद में अपने ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर (जीसीसी) में लगभग 3,600 करोड़ रुपये (40 करोड़ यूरो) का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि इसमें 2025 तक लगभग 900 करोड़ रुपये (10 करोड़ यूरो) का निवेश किया जाएगा। उसकी योजना 2026 तक 1,600 अतिरिक्त नौकरियां सृजित करने की भी है। सनोफी में बिजनेस ऑपरेशंस की कार्यकारी उपाध्यक्ष मैडेलीन रोच ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हैदराबाद जीसीसी का विस्तार कर अगले दो साल में कर्मचारियों की संख्या लगभग 2,600 की जाएगी, जिससे यह सनोफी के चार वैश्विक केंद्रों में सबसे बड़ा हो जाएगा।

भारत में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में फिन टेक की भूमिका अहम : दिलीप

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को दूसरे अंतर्राष्ट्रीय फिनटेक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया गया। भारत को पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में फिनटेक कंपनियों की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है।

भारत वेब 3 एसोसिएशन के चेयरपर्सन दिलीप चिनॉय ने कहा कि पूरे देश में बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के विस्तार के साथ पिछले कई साल से फिनटेक कंपनियों का भी विकास हुआ है। यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) भी एक तरह की फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) है। फिनटेक कंपनियों में लगभग 25 से 30 प्रतिशत तक ग्रोथ हुआ है।

उन्होंने बताया कि फिनटेक कंपनियों के रेगुलेशन को लेकर कुछ चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए ये कंपनियां खुद का नियामक संगठन बनाना चाह रही हैं। बहुत सारी कंपनियां अब फिनटेक में निवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत वेब3 एसोसिएशन में करीब एक हजार कंपनियां हैं।

इनमें से 30 प्रतिशत यानी लगभग 300 फिनटेक में निवेश कर रही हैं। भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में फिनटेक के योगदान के बारे में पूछे जाने पर फिक्की के पूर्व महासचिव ने कहा कि फिनटेक और वेब थ्री इकोसिस्टम देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यदि वेब थ्री को बढ़ावा दिया जाएगा तो यह 2030 तक देश की अर्थव्यवस्था में 1.1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी बजट में उपभोग और विनिर्माण पर ध्यान दिया जाएगा। एक तरह से रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा पर फोकस होगा।

सैनस्टार का आईपीओ आज से खुला, 23 कर सकेंगे निवेश

मुंबई। प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सैनस्टार लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 जुलाई, शुक्रवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। कंपनी के शेयर 26 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होंगे। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 जुलाई को खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम मूल्य दायरा 90-95 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। निवेशक इसमें न्यूनतम 150 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 150 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। सैनस्टार लिमिटेड इस इश्यू के जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 397.10 करोड़ रुपये के 41,800,000 फ्रेश शेयर जारी कर रही है।

सोना 75 हजार पार चांदी ने भी लगाई मजबूत छलांग

नई दिल्ली। घरेलू सरार्फा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना महंगा होकर 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 69 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75,550 रुपये से लेकर 75,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सरार्फा बाजारों में 69,210 रुपये से लेकर 68,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

यूट्यूब ने बदला एआई वीडियोज के नियम

एजेंसी। नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनने वाले वीडियो कंटेंट को लेकर टेक कंपनियां नए-नए नियम ला रही हैं। अब एआई वीडियोज के लिए यूट्यूब ने अपनी गाइडलाइंस में बदलाव किया है। यूट्यूब ने एआई जेनरेटेड कंटेंट को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक कंटेंट क्रिएटर्स को बताना होगा कि उन्होंने जो वीडियो अपलोड की है वह एआई के यूज से बनाया गया है या नहीं। वहीं यूट्यब पर यूजर्स को एआई वाले किसी खास वीडियोज को हटाने के लिए अनुरोध भी कर सकेंगे यानी अगर आपको लगता है कि कोई वीडियो एआई के माध्यम से बनाया गया है और उसके साथ एआई लेबल नहीं है तो आप उसकी शिकायत कर सकते हैं।

आगे यूट्यूब ने कहा कि कई मामलों में केवल लेबल काम नहीं आएगा। ऐसे में आप मिक्स वीडियोज दिखते हैं जो दिशानिदेर्शों का उल्लंघन करने पर क्रिएटर्स को 48 घंटे का समय मिलेगा। इस दौरान वीडियो को हटाना होगा या उसे ट्रिम या ब्लर करना पड़ सकता है।

यूट्यूब वीडियो कंटेंट में पारदर्शिता महत्वपूर्ण

गौरतलब है कि वीडियो कंटेंट में पारदर्शिता महत्वपूर्ण है। बता दें कि जब देश में चुनाव चल रहा है या कोई हिंसा हुई हो या हेल्थ इमरजेंसी हो या फिर हस्तियों से जुड़ा मामला ही क्यों ना हो। यूट्यूब की नई गाइडलाइन जल्द ही लागू की जाएगी। जिसमें क्रिएटर्स को एआई-जनरेटेड सामग्री को स्पष्ट लेबल करना होगा।

यूट्यूब डिस्क्रिप्शन पैनल में प्रमुख लेबल एड होगा

जानकारी के मुताबिक, यूट्यूब वीडियो प्लेयर और डिस्क्रिप्शन पैनल में मुख्य लेबल जोड़ा जाएगा। इसकी मदद से पता चलेगा कि कोई कंटेंट एआई की मदद से बनाया गया है या नहीं। इसका मुख्य उद्देश्य यूजर्स को एआई जेनरेटेड कंटेंट द्वारा गुमराह होने से रोकना है।

10-15 रुपये तक पहुंच सकता है स्विगी और जोमैटो का प्लेटफॉर्म शुल्क

नई दिल्ली। फूड एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म स्विगी और जोमैटो पर सूचीबद्ध कई रेस्तरां का मानना है कि इन कंपनियों द्वारा प्लेटफॉर्म शुल्क में की गई हालिया बढ़ोतरी आगे भी जारी रहने वाली है। कई लोगों का मानना है कि निकट भविष्य में यह शुल्क 10 रुपये से लेकर 15 रुपये तक बढ़ने के आसार हैं और इसलिए उन्होंने इन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म द्वारा लिए जाने वाले अधिक कमीशन में कटौती की मांग की है। स्विगी और जोमैटो ने इस सप्ताह की शुरूआत में मार्जिन बढ़ाने के लिए अपना प्लेटफॉर्म शुल्क 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। नैशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरअक) के उपाध्यक्ष प्रणव रूंगटा, जो क्लाउड किचन श्रृंखला करी मी अप और चाउ मी अप के भी मालिक हैं, ने कहा वैश्विक बाजार की जो स्थिति है, उसकी तर्ज पर प्लेटफॉर्म शुल्क आगे निश्चित रूप से और बढ़ने वाला है। ब्रिटेन जैसे बाजारों में कंपनियां 10 प्रतिशत तक का सुविधा शुल्क लेती हैं।

मनरेगा कर्मचारी तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में शामिल, काम प्रभावित

स्थायीकरण की मांग पर सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध 22 से अनिश्चित कालीन हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रखंड कार्यालय और क्षेत्र में कार्यरत सभी मनरेगाकर्मी गुरुवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं। इससे पहले मंगलवार को उन्होंने बीडीओ को संबोधित संयुक्त हस्ताक्षरित मांग पत्र की प्रति कार्यालय सहायक मनीष सिंह को सौंपा था। इसमें बताया है कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर मनरेगाकर्मियों के स्थायीकरण के लिए वादा निभाओ, स्थायी करो, सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत राज्य भर से मनरेगा कर्मचारी इसमें भाग ले रहे हैं। 18,19 और 20 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल के बाद सभी 22 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसमें इस प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी शामिल हैं। जिसमें मो. आबेदीन अंसारी बीपीओ, अविनाश कुमार, एई,जगत प्रसाद मेहता,आज से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल है। इसमें मोहम्मदगंज प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी शामिल होंगे। मोहम्मद आबेदीन अंसारी, बीपीओ, अविनाश कुमार एई, जगत प्रसाद मेहता लेखा सहायक, उपेंद्र पासवान कंप्यूटर सहायक, प्रभंजन कुमार, राहुल कुमार, जेई, ग्राम रोजगार सेवक नजमा खातून, अजीत पाठक, शमशाद अहमद, राजीव कुमार, जनेश्वर राम, संजय बैठा और नरेंद्र कुमार बैठा इस हड़ताल में शामिल रहेंगे। बताया गया कि इनके हड़ताल पर चले जाने से अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान के साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना, मेढ़बंधी, टीसीबी, बिरसा सिंचाई कूप योजना और वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान जैसी योजनाओं के काम प्रभावित हो गए हैं। जिनमें मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

अभिजीत कलेक्शन प्रतिष्ठान में चोरी समान के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

चोरी की घटना सीसीटीवी में हुई कैद

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित अभिजीत कलेक्शन प्रतिष्ठान में बुधवार की देर रात चोरी हो गई। जिसका पता तब चला जब गुरुवार की सुबह अभिजीत गुप्ता दुकान का ताला खोले। जहां उन्होंने पाया कि दुकान का दूसरा दरवाजा टूटा हुआ है एवं सामान बिखरा पड़ा हुआ है। जिसके बाद उन्होंने आसपास के दुकानदारों को इसकी सूचना दी व दुकान में लगे सीसीटीवी के माध्यम से चोरी की वारदात की पड़ताल की। जहां उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति के द्वारा दुकान में घुसकर लगभग आधा दर्जन से अधिक झोले में भरकर सामान को ले जाया जा रहा है। चोरी की वारदात पूरी तरह सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसके बाद मुक्तभोगी दुकानदार के द्वारा मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस को दी गई। वहीं चोरी की वारदात में शामिल व्यक्ति की पहचान भी दुकानदारों के द्वारा की गई। जिसके बाद पुलिस ने पांकी के अंबेडकर चौक निवासी टिया पासवान व्यक्ति के घर से चोरी का सामान बरामद किया। चोरी की घटना में संलिप्त व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। इधर इस घटना के उद्भेदन होने से व्यवसाईयों ने राहत की सांस ली है।

वज्रपात से क्षतिग्रस्त मंदिर के निर्माण के लिए मंत्री ने किया सहयोग

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

मेराल प्रखंड के अटौला स्थित शिव मंदिर का गुंबद वज्रपात से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके निर्माण के लिए गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर समिति को सहयोग राशि प्रदान किया। मंत्री श्री ठाकुर ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना किया। वहां समिति के लोगों ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से अकसर नुकसान पहुंचते रहता है। यहां के लोगों ने इस बात की जानकारी दी। मैंने बिना देर किये मंदिर के क्षतिग्रस्त भाग का निर्माण कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मंदिर के क्षतिग्रस्त भाग का बेहतर तरीके से निर्माण किया जाए। वे पूरा सहयोग करेंगे। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, रेखा चौबे, दीपमाला, पियुष तिवारी, सौरभ दुबे, अंकित तिवारी, राजीव तिवारी, उमा तिवारी, कईल तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

छह पंचायत में ही हुआ अबुआ आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

नौ पंचायत वाले प्रखंड डंडई में निर्धारित समय के अनुसार गुरुवार को मात्र 6 पंचायत में ही अबुआ आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन हुआ। जबकि अन्य पंचायत तस रार ,लवाही ओर डंडाई पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन नहीं हो सका।

उक्त पंचायतों में लावा ही और तस रार पंचायत सचिवालय पर पदाधिकारी और पर्यवेक्षकों को नहीं पहुंचने के कारण आयोजित होने वाला ग्राम सभा को स्थगित कर दिया गया। जबकि डंडई पंचायत के ग्रामीणों को उस बारे में जानकारी नहीं मिलने की स्थिति में पाधिकारियों के द्वारा यहां के ग्राम सभा को स्थगित कर दिया गया। उक्त पंचायत में ग्राम सभा को लेकर कल के लिए निर्धारित कर दी गई । डंडई पंचायत के पंचायत सचिव नरेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित तिथि के अनुसार ग्राम सभा का आयोजन के लिए मैं गुरुवार को अहले सुबह अपने पंचायत सचिवालय पर पहुंच गया था। लेकिन एक-एक कर पंचायत सचिवालय पर पहुंचे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि हम लोगों को ग्राम सभा के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उसके बाद पंचायत के मुखिया धनवंती देवी से राय मशविरा के बाद आज की ग्रामसभा को रद्द कर यहां का ग्राम सभा के लिए कल की तिथि निर्धारित कर दी गई ।

वहीं सभी लोगों को शुक्रवार को ग्राम सभा में भाग लेने को लेकर पंचायत सचिवालय पर बुलाया गया है । उधर लवाही और तस रार पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी ग्राम सभा की जानकारी पाकर ही अपने-अपने पंचायत सचिवालय पर पहुंचे थे ।

धुरकी में पूर्व मुखिया की ब्रेन हेमरेज से मौत

धुरकी। धुरकी थाना अंतर्गत मिरचैया गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक और पूर्व मुखिया 85 वर्षीय रामबदन राम की मौत बुधवार को ब्रेन हेमरेज से हो गई। परिजनों ने बताया कि राम बदन राम की मंगलवार को ब्रेन हेमरेज होने तबीयत बिगड़ गई थी। उनका इलाज वाराणसी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के क्रम में ही उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलने पर मुखिया सुगनी राम, आनंद गिरि, शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद, राजेंद्र यादव, सुरेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, धीरेंद्र यादव, उदय साह, मंदीप साह सहित अन्य लोगों ने संवेदना व्यक्त किया।

माता हीरामणि देवी कांवरिया सेवा समिति का दूसरा जत्था देवघर रवाना

मणी देवी निःशुल्क काँवरिया सेवा शिवि
पुदना, डालटनगंज, पलामू (झारखण्ड)
सन् 1998 से निरंतर सेवा में
सेवादल का दुसरा जत्था रवाना
शिविर स्थान- नावाडीह, देवघर
निःशुल्क सेवा शिविर एवं भव्य भण्डारा
ा का मार्ग भक्ति के मार्ग से भी ऊँचा है।

नवीन मेल संवददाता

मेदिनीनगर। माता हीरामणि देवी निःशुल्क कावरिया सेवा शिविर की 56 सदस्यीय दूसरी सेवादल शक्तिपुंज एक्सप्रेस से देवघर के लिए गुरुवार को रवाना किया गया। सेवादल का पहला जत्था 14 जुलाई को रवाना किया गया था। इसे रवाना करने में पलामू के वरिष्ठ नेता, मंत्री, प्रशासनिक पदाधिकारी, शहर के कई गणमान्य लोग शामिल थे। सेवा शिविर का स्थान नावाडीह, देवघर है। इस सेवा शिविर टीम द्वारा निःशुल्क सेवा में विश्राम की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार के लिए दवाइयां, एंबुलेंस की सुविधा, शर्बत, डाक बम की सेवा, गर्म पानी की सुविधा, मसाज की सुविधा, चाय, बिस्कुट, शुद्ध भोजन की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संध्या आरती की सुविधा उपलब्ध है। दूसरे जत्थे को रवाना करने में अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंचन अग्रवाल, माता हीरामणि सेवा टीम से प्रदीप, प्रमोद, अजय, मनीष, राजू, राकेश (टुन्नू), व्यास, सुरेश, रामचंद्र, संजीव, मोहित, अभी, मनोज, पंकज, राहुल व शहर के गणमान्य लोग शामिल थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया अभियान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान डीटीओ ने 3 वाहनों को जब्त कर टीओपी 2 थाना परिसर को सौंप दिया गया। जब्त सभी वाहनों पर दंड शुल्क लगाया गया है। वाहनों पर गिट्टी लोड था। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से वाहन से जुड़े सभी कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही नियमानुसार वाहनों का संचालन करने की अपील की। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के अलावा कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

चनकार कस्तूरी कर्बला इंतजामिया कमेटी का सम्मान समारोह आयोजित

हजरत हुसैन साहब की शहादत से प्रेरणा लें : आलोक सिंह

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम चनकार कस्तुरी कर्बला पर इंतजामिया कमिटी के तत्वावधान में मुहर्रम कमिटी के लाइसेंसधारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मोहम्मदीन अंसारी एवं संचालन मो. जुबैर अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह मौजूद थे। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष व जेएमएम के युवा नेता आलोक कुमार सिंह ने कहा है कि हमें हजरत हुसैन साहब की शहादत से प्रेरणा लेकर हक, इंसाफ के लिए खड़ा रहना चाहिए और जनसेवा का कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि संजय यादव ने कहा कि हुसैन साहब की याद में मुस्लिम ही नहीं हिन्दू भी ताजिया बनाते हैं और यादे हुसैन मनाते हैं।

युवा समाजसेवी ने क्षेत्र के विभिन्न गांव का भ्रमण कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिले

मोहम्मदगंज। जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने मुहर्रम के शुभ अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिला। अखाड़ों, जलसा और जुलूस में शिरकत किया। उन्होंने कहा कि हमें कर्बला के शहीदों से जुल्म के खिलाफ जंग की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन विश्व इतिहास में त्याग और हक पर चलने के प्रतीक हैं। मुहर्रम के मौके पर हमें उनके उसूलों पर चलने की सबक लेनी चाहिए। इस दौरान जिला पार्षद प्रतिनिधि के साथ रामबांध पंचायत के मुखिया अबूनसर सिद्दीकी सहित कई लोग शामिल थे। मोहर्रम पर्व पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) के सौजन्य से शरबत, पानी, सोनपापड़ी, मुरब्बा का व्यवस्था किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए भी इस मोहर्रम पर्व पर ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के तरफ से मुस्लिम भाई-बहनों के साथ तमाम लोगों के बीच शरबत, पानी, सोनपापड़ी तथा मुरब्बा का इंतजाम किया गया। जहां बुधवार को विश्रामपुर, जतरो-बंजारी, सुखनदी, आदर के साथ - साथ नावाबजार में किया गया। वहीं आज बीम मोड़, रेहला डंडिला एवं शुक्र बाजार में किया गया। इस दौरान निजामुद्दीन अंसारी, मजबूद्दीन, बिनोद पासवान, शिवनारायण गुप्ता रामराज राम, आकाश गुप्ता व अन्य लोगों ने भी साथ दिया।

अहमदाबाद में संदेहास्पद स्थिति में मजदूर की मौत, हत्या का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

वनसानी के मनसाही खाड़ी टोला निवासी राजकुमार भुइयां की 15 जुलाई को अहमदाबाद मे संदेहास्पद स्थिति मे मौत हो गई। उसका शव गुरुवार की सुबह गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। वह चार माह पूर्व अहमदाबाद के महिसाना झरोही में सड़क निर्माण के लिए पत्नी सहित बाल-बच्चों के साथ गया था। उधर उसकी पत्नी ने पति की हत्या का आरोप लगाया है। मजदूर का शव आने की सूचना पर प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, विधायक प्रतिनिधि चंदन कुमार ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर पासवान, बसपा नेता पंकज कुमार चौबे, पूर्व मुखिया सुखाड़ी भुइयां, पंचायत स्वयंसेवक निरंजन कुमार पाठक सहित अन्य मृतक के घर पहुंचकर परिजनों का ढांढ़स बंधाया। बीडीओ ने मृतक की पत्नी को श्राद्धकर्म के लिए पांच हजार रुपये का आर्थिक सहयोग करते हुए सरकारी प्रावधान के मुताबिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

गलत जांच रिपोर्ट देकर मरीजों के जान से खेल रहे पैथोलॉजी सेंटर

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

जिलांतर्गत जिला मुख्यालय से लेकर सुदूरवर्ती प्रखंडों तक पैथोलॉजी जांच केंद्र कुकुरमुत्ते की तरह खुले हुए हैं। उक्त जांच केंद्रों में से अधिसंख्य में प्रशिक्षित कर्मी नहीं हैं। उनकी रिपोर्ट कई बार संदेहास्पद स्थिति बना देती है। कई मर्तबा तो चिकित्सकों ने रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए उनपर कार्रवाई भी की है। उसके बाद भी अवैध तरीके से चल रहे पैथोलॉजी जांच केंद्र बेधड़क चल रहे हैं। पैथोलॉजी सेंटर गलत रिपोर्ट देकर मरीजों के जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

जिले के नर्सिंग होम, हॉस्पीटल, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब को एक कानून के दायरे में लाने के लिए सरकार ने नर्सिंग होम एक्ट बनाया है। उसके बाद भी स्थिति यह है कि स्वास्थ्य विभाग, जिसके पास एक्ट का पालन करवाने का जिम्मा है, वही लापरवाही बरत रहा है। एक अनुमान के मुताबिक सिर्फ जिला मुख्यालय शहर में ही 55 पैथोलॉजी लैब हैं।

उनमें से मात्र 6 को ही लाइसेंस जारी हो सका है। बाकी नर्सिंग होम एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। उसके बाद भी एक्ट का उल्लंघन होने पर भी पैथोलॉजी जांच केंद्रों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। यह स्थिति सिर्फ शहर ही नहीं पूरे जिले की है। बगैर रजिस्ट्रेशन कराए की धड़ल्ले से पैथोलॉजी जांच केंद्र चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय में मुख्य सड़क से लेकर तंग गलियों तक में पैथोलॉजी सेंटर संचालित हैं। उक्त पैथोलॉजी सेंटर्स पर टेक्निशियन और डॉक्टरों के नाम के बड़े-बड़े बोर्ड भी लगे हैं। बेहतर जांच करने का दावा करने वाले इन पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का इलाज कई बार जान के लिए खतरा बनने की आशंका बनी रहती है। हकीकत में जहां-तहां चल रहे इन पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच रिपोर्ट पर अस्पतालों में तैनात डॉक्टर भी संदेह जताते रहे हैं। डॉक्टर पैथोलॉजी सबंधी जांच रिपोर्ट से असमंजस में पड़ जाते हैं। उसके बाद स्वास्थ्य महकमा आंखें बंद कर चुप्पी साधे हुए है।

पैथोलॉजी सेंटर का सच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से छुपा नहीं है। ज्यादातर पैथोलॉजी सेंटर पर बिना टेक्निशियन के जांच की जाती है। जांच करने वाले चिकित्सीय उपकरण को भी हैरान कर देने वाली है। पैथोलॉजी सेंटर की आड़ में जांच के नाम पर मरीजों से पैसा वसूलने का खेल किया जाता है। पिछले दिनों भवनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी पैथोलॉजी जांच पर सवाल खड़ा किया गया था।

न्यूज | बॉक्स

छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण

केतार। कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को मध्य विद्यालय परती-कुशवानी के 2023-24 में अध्यनरत 37 छात्र- छात्राओं के बीच निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ विकास कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा की कल्याण विभाग द्वारा 18 मध्य विद्यालय के छात्रों के 600 साइकिल प्राप्त हुआ है। सभी विद्यालयों के छात्रों को बारी-बारी से प्रखंड कार्यालय बुलाकर साइकिल वितरण किया जायेगा। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की सरकार की साइकिल वितरण योजना महत्वकांक्षी योजना है। छात्रों को साइकिल मिलने से विद्यालय आने-जाने में आसानी होगी। उन्हें पैदल विद्यालय नहीं जाना पड़ेगा। जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा की छात्रों को साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जिज्ञासा आयेगी।

या हुसैन-या अली के नारों से गुंजा क्षेत्र युवाओं ने बिखेरा कला का जौहर

विश्रामपुर। रेहला में गुरुवार को मुहर्रम का विशाल जुलूस निकला। जुलूस में शामिल डंडिला कला, गोदरमा व घोरडीहा का ताजिया आकर्षण का केंद्र बना रहा। गोदरमा, घोरडीहा, डंडिला कला, गुरहा, सबौना, भोलाटाडी, कुड़ी, कामता सहित कई गांवो के ताजिया व सिपड़ का मिलान रेहला शुक्रबाजार में हुआ। जुलूस में शामिल लोग इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद का नारा लगा रहे थे। इसके अलावा या हुसैन-या अली के नारों से रेहला गूंज रहा था। मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक झंडा के साथ तिरंगा झंडा भी लहरा रहे थे। मुहर्रम का जलूस डंडिला कला चौक से शुरू होकर बी मोड़, महाबीर चौक, थान चौक होते हुये शुक्रबाजार पहुंचा। जहां युवाओं ने अपना कला का जादू बिखेरा। शुक्रबाजार परिसर में ही पगड़ी-पोशी का कार्यक्रम भी हुआ। जिसमे कमेटी के लोगो ने स्थानीय गण्यमान लोगो को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। जुलूस के सफल संचालन में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के लोग लगे रहे। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का भी व्यापक इंतजाम रेहला पुलिस के द्वारा किया गया था। जुलूस में कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, मुरब्बा और शीतल पेय जल व्यवस्था किया गया था।

मोहर्रम के मौके पर पारंपरिक खेलकुद का आयोजन

मोहम्मदगंज। 10 वीं मोहर्रम के मौके पर इस साल भी बुधवार की शाम लटपौरी पंचायत के सबनवां में नौजवान कमेटी की तरफ से पारंपरिक खेलकुद का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाबाजों को पुरस्कृत, सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान ने बखूबी किया। मंच पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, प्रखंड 20-सूत्री समिति अध्यक्ष ज़ियाउदिन खान, थाना प्रभारी अमिनुल्लाह खान, मुखिया उमेश राम, पूर्व मुखिया उषा देवी के अलावा विवेक विशाल बंटी, शाहबाज खान, इबरार खान, दुलारे खान, रईस खान, सलाम खान, सरफराज खान और कमेटी सदर सादिक खान सहित अन्य कई गणमान्य लोग विराजमान थे। काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

शांति सौहार्द के साथ मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम

छतरपुर। छतरपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से मोहर्रम का जुलूस बुधवार को पूरे शहर छत्तरपुर में निकाला गया। लगभग सभी जुलूस छतरपुर थाने परिसर में आकर एक सभा में तब्दील होकर अस्त्र-शस्त्र लाठी डंडे तलवार गड़ासे से प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी करतब दिखाकर बड़े शांति का परिचय देते हुए मुहर्रम का त्योहार संपन्न किया। साथ ही या अली या हुसैन के नारो से पूरा छतरपुर शहर गुंजायमान रहा। इसमें विभिन्न कमिटियों का अपना अहम योगदान रहा, खाटीन, मसीहानी, खेंदरा, अर्जूनडीह, रामगढ़, बसनाराज, छतरपुर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम के द्वारा ताजिया को देख प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्राइज से पुरस्कृत किया गया।

पेज एक का शेष

सीबीआई और राज्य...

एमपी-एमएलए के कितने मामलों में रिहाई के बाद ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विट्टल अपील दायर की गई है। क्या इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है। इस पर निदेशक अभियोजन कोर्ट को स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए थे।

कंस्ट्रक्शन सेक्टर में...

(गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) से छूट वाले अनौपचारिक सूक्ष्म इकाइयों में मिल रही है। एमएसएमई में पिछले साल जुलाई के मुकाबले नौकरियों में 66 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किए जाने के कारण कंस्ट्रक्शन सेक्टर में रोजगार के अवसर में काफी इजाफा हुआ है।

नीट पेपर लीक...

संबंधित छात्रों के कमरों को सील कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार को पटना और हजारीबाग (झारखंड) से दो प्रमुख आरोपितों पंकज कुमार उर्फ आदित्य और राजू सिंह को पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया था। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि एम्स के छात्रों ने हजारीबाग से प्राप्त प्रश्नों को हल करने में नालंदा के संजीव कुमार सिंह उर्फ लूटन मुखिया के नेतृत्व वाले ह्यसॉल्वर गैंगह्व के सदस्यों की मदद की थी। झारखंड के बोकारो निवासी पंकज कुमार को 5 मई को आयोजित परीक्षा से पहले हजारीबाग में एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के ट्रंक से प्रश्नपत्र चुराने के आरोप में पटना में गिरफ्तार किया गया था। पंकज उर्फ आदित्य नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), जमशेदपुर से 2017 बैच का सिविल इंजीनियर है। दूसरे आरोपित राजू सिंह को कटकमदाग थाना अंतर्गत हजारीबाग के रामनगर इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया गया। उस पर प्रश्नपत्र लीक करने में पंकज की मदद करने का आरोप है। राजू सिंह पेपर लीक केस में झारखंड के हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया चौथा व्यक्ति है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह गुरुवार को सीबीआई ने बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले मुख्य आरोपितों में से एक राकेश रंजन उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया था। रॉकी पर गिरोह के लिए पटना और रांची से सॉल्वर की व्यवस्था करने का आरोप है। वह संजीव कुमार सिंह उर्फ लूटन मुखिया उर्फ संजीव मुखिया के नेतृत्व वाले गिरोह के सरगना का भरोसेमंद सदस्य बताया जाता है। रॉकी की गिरफ्तारी से पहले सीबीआई ने उसके नालंदा स्थित आवास पर छापा मारा था, लेकिन वह नहीं मिला। पिछले सप्ताह शुक्रवार को पटना हाई कोर्ट ने 13 आरोपितों को हिरासत में लेने की अनुमति दी थी, जिन्हें मामला केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने से पहले पटना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अब तक सीबीआई ने पेपर लीक मामले में सात राज्यों से 42 लोगों को गिरफ्तार किया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

ब्रीफ न्यूज

हिंसक प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश में भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

ढाका। बांग्लादेश में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को एक एडवाइजरी जारी की जिसमें देश भर में चल रहे बड़े पैमाने पर छात्र विरोध प्रदर्शनों के बीच भारतीय छात्रों और नागरिकों से सतर्क रहने को कहा गया है। बांग्लादेश में छात्रों के विरोध प्रदर्शन में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। एडवाइजरी में कहा गया है, "बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए भारतीय समुदाय के सदस्यों और बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय छात्रों, नागरिकों को यात्रा से बचने और अपने रहने की जगह से बाहर कम निकलने की सलाह दी जाती है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन कोविड 19 से संक्रमित, खुद को किया आइसोलेट



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावी सरगर्मियों के बीच जो बाइडेन कोविड-19 संक्रमित हो गए हैं। हालांकि लक्षण हल्के बताए जा रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने बुधवार को एक बयान में कहा, "आज लास वेगास में अपने पहले कार्यक्रम के बाद, राष्ट्रपति बाइडेन का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया। उन्होंने आगे कहा, " वो वैक्सिनेटेड हैं और उन्होंने बूस्टर खुराक भी ली है तथा उनमें हल्के लक्षण हैं।

रूस के साथ संबंधों को लेकर भारत पर दबाव अनुचित : विदेश मंत्री लावरोव

संयुक्त राष्ट्र। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने वाली "एक महान शक्ति" है और मॉस्को के साथ उसके संबंधों को लेकर उस पर "पूरी तरह से अनुचित" दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "भारत एक महान शक्ति है, अपने राष्ट्रीय हितों को खुद तय करता है, अपने दोस्त खुद चुनता है, और हम जानते हैं कि भारत पर पूरी तरह से अनुचित दबाव डाला जा रहा है।

गोंडा में हुई ट्रेन दुर्घटना की सरकार को लेनी होगी जिम्मेदारी : खरगे

देशभर में सभी रेल मार्गों पर कवच एंटी-कोलिजन सिस्टम को तत्काल लगाया जाय

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तरप्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतर गई है। इस घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताते हुए मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यूपी में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे मोदी सरकार ने व्यवस्थित तरीके से रेल सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं तथा हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ भी हैं। उन्होंने कहा हमारी एक ही मांग है कि रेलवे सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भारत भर में सभी रेल मार्गों पर कवच एंटी-कोलिजन सिस्टम को तत्काल लगाया जाय। उन्होंने आगे लिखा, यह घटना सियालदह-अगरतला कंचनजंगा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर में 11 लोगों की जान जाने के एक महीने बाद हुई है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त का यह बयान कि ऐसी दुर्घटनाएं 'होने ही वाली थी' सुरक्षा प्रोटोकॉल में गंभीर खामियों को रेखांकित करता है। चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाले विवरण सामने आए हैं। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारकों में स्वचालित सिग्नल की विफलता, कई स्तरों पर परिचालन कुप्रबंधन और लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर के बीच संचार के लिए वॉकी-टॉकी जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता शामिल है।

एक्शन में सीएम योगी

इधर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचने और तुरंत राहत उपायों में तेजी लाने का निर्देश दिया। यूपी के सीएम ने जिला प्रशासन को घायलों का उचित इलाज करने का आदेश दिया है। उधर, गोंडा रेल हादसे के बाद कई गाड़ियों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है। 15653 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मुहर्रम पर लहराया गया फिलिस्तीन का झंडा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराया गया। इसका वीडियो वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर अपलोड किया है। उन्होंने पूरी घटना की जांच की मांग करते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक और जिला पुलिस अधिक्षक से हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।इस घटना के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। उन्होंने लिखा है, बेरहामपुर, मुर्शिदाबाद जिला में धार्मिक जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडा फहराया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के 'जय फिलिस्तीन' नारे से प्रेरित है, जो उन्होंने लोकसभा में अपने शपथ ग्रहण के दौरान दिया था। अधिकारी ने मुर्शिदाबाद के एसपी और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को टैग करते हुए आग्रह किया कि इस मामले की तुरंत जांच की जाए और यदि इस घटना की पुष्टि होती है।

क्या हिंदुओं का बेचा गया 'मीट' दाल-चावल बन जाएगा : पवन

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश प्रशासन ने कावड़ यात्रा को लेकर एक नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक, अब कावड़ यात्रा के रास्ते में आने वाली दुकान और रेस्टोरेंट के मालिक को अपने नाम का बोर्ड लगाना होगा, जिससे किसी कांवड़िया को कोई भ्रम नहीं हो। इसी बीच यूपी पुलिस के इस फैसले पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का बयान सामने आया है। पवन खेड़ा ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा?

पीएम के लिए विपक्ष जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहा, वह चिंताजनक है

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विपक्ष द्वारा प्रयोग किए जा रहे हिंसा और हत्या जैसे शब्दों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने विपक्षी नेताओं को राजनीतिक गरिमा को बनाए रखने की नसीहत देते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को अपने शब्दों और अपनी कथनी में संजीदापन और संयम रखना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आज विपक्ष जिस तरह के शब्दों का चयन प्रधानमंत्री मोदी के लिए कर रहा है, वह बहुत ही चिंताजनक है। वैष्णव ने एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी द्वारा लिखे गए लेख का हवाला देते हुए कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का प्रयोग करने का सीधा प्रभाव समाज पर पड़ता है। इससे समाज में एक तरह का अनावश्यक तनाव पैदा होता है, जो हिंसा के व्यवहार को उत्साहित करता है।

इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस के बयानों की आलोचना की थी। त्रिवेदी ने हाल ही में अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले का जिक्र करते हुए यह आरोप लगाया था कि भारत में कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा का प्रयोग कर देश में ऐसा ही माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

विवादित प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा गिरफ्तार

एजेंसी

मुंबई । विवादित प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को किसान धमकी प्रकरण में पुणे ग्रामीण पुलिस की टीम ने रायगढ़ जिले के महाड इलाके से गुरुवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मनोरमा को पुणे स्थित पौड पुलिस स्टेशन में लाकर उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। मां मनोरमा खेडकर और पिता दिलीप खेडकर सहित सात लोगों के विरुद्ध पौड पुलिस स्टेशन में किसानों को पिस्तौल लहराकर धमकाने का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद मनोरमा खेडकर दिलीप खेडकर फरार हो गए थे। इनकी तलाश के लिए तीन टीमें गठित की थीं। तीनों टीमें दोनों की तलाश कर रही थीं। इनमें से एक टीम को मनोरमा के रायगढ़ जिले के महाड में छुपे होने की जानकारी मिली थी। इस मामले में अहमदनगर जिले के भालगांव के निवासियों ने अहमदनगर जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर इस घटना के दूसरे पहलू की भी छानबीन करने की मांग की है।

एजुकेशन/करियर

रजनीश । आर्किटेक्ट एक स्किल्ड प्रोफेशनल होता है जो इमारतों की डिजाइनिंग से लेकर उनके निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आर्किटेक्ट, कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट के सभी चरणों जैसे क्लाइंट के साथ प्रिलिमिनरी विचार-विमर्श से लेकर पूरे स्ट्रक्चर की अंतिम डिलीवरी तक शामिल होते हैं। आर्किटेक्ट बनने के लिए विशिष्ट स्किल्स की आवश्यकता होती है जैसे डिजाइनिंग, मैनेजमेंट, सुपरविज़न और ग्राहकों और बिल्डर्स के साथ कम्यूनिकेट करना।

आर्किटेक्ट में बना सकते है अपना करियर

आर्किटेक्ट के प्रकार

- **लैंडस्केप आर्किटेक्ट:** लैंडस्केप आर्किटेक्ट, आकर्षित और फंक्शनल सार्वजनिक पार्क, उद्यान, खेल के मैदान, आवासीय क्षेत्र, कॉलेज और सार्वजनिक स्थान के इंफ्रास्ट्रक्चर डिज़ाइन करते हैं।
- **रिसर्च आर्किटेक्ट:** एक रिसर्च आर्किटेक्ट, थ्योरेटिकल और एडवाइजरी कार्य में एक्सपर्ट होता है। वे काम के बीच आए जटिल समस्याओं के लिए समाधान की सिफारिश करते हैं। साथ ही इंजीनियर के साथ मिलकर काम करते हैं और विकास, परीक्षण और डिजाइनिंग जैसे विभिन्न कार्यों के लिए तकनीकी निर्देश प्रदान करते हैं।
- **रीस्टोरेशन आर्किटेक्ट:** रीस्टोरेशन आर्किटेक्ट एक आर्किटेक्चरल प्रोफेशनल हैं जो ऐतिहासिक इमारतों और स्मारकों के संरक्षण के स्पेशलिस्ट हैं और और वे इन इमारतों और स्मारक को खराब होने से बचाने के लिए उन्हें बदलने या पुनर्स्थापित करें करने का काम करते हैं।
- **एक्सट्रीम आर्किटेक्ट:** एक्सट्रीम आर्किटेक्ट, पर्यावरण के अनुकूल इमारतों की संरचना डिजाइन करते हैं।

कार्य

- प्रोजेक्ट के आइडियाज, उद्देश्य, आवश्यकताओं और बजट पर चर्चा करना और कुछ मामलों में साइट चुनने में मदद करना।
- डिज़ाइन के बारे में अन्य प्रोफेशनल्स से परामर्श करना।
- क्लाइंट्स को उनके प्रोजेक्ट की प्रैक्टिकैलिटी पर सलाह देते हुए, बिल्डिंग और उसके यूजर्स की जरूरतों का आकलन करना।
- फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डिजाइन प्रस्ताव तैयार करना और क्लाइंट्स को प्रेजेंट करना।
- स्थानीय पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का आकलन करना।
- डिज़ाइन और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में IT का उपयोग करना।
- फाइनेंशियल मैनेजमेंट और डेडलाइन का ध्यान रखना।
- डिटेल्ड कार्यों, ड्रॉइंग्स और स्पेसिफिकेशन पर ध्यान देना।
- आवश्यक मटीरिअलों के नेचर और क्वालिटी का परीक्षण करना।
- टेंडर आवेदन और प्रेजेंटेशन तैयार करना।
- ठेकेदारों और अन्य प्रोफेशनल्स के साथ बातचीत करना।
- कंट्रोल विभागों की योजना और निर्माण के लिए आवेदन तैयार करना।
- कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए टेंडर दस्तावेजों को तैयार करना।
- प्रोग्रेस की जांच के लिए नियमित रूप से साइट का दौरा करना और यह सुनिश्चित करना कि प्रोजेक्ट सही समय और बजट पर चल रहा है।
- कंस्ट्रक्शन के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान करना।

भारतीय संस्थान

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, रुड़की
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, कालीकट
- जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय
- मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- अन्ना विश्वविद्यालय

विश्व की संथान

- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- हार्वर्ड विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैल्टेक)
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- ईटीएच ज्यूरिख – स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल)
- शिकागो विश्वविद्यालय

आर्किटेक्चर कोर्सेज

आर्किटेक्चर कोर्सेज बड़े पैमाने पर स्किल डेवलपमेंट पर केंद्रित है जो एक आर्किटेक्ट बनने के लिए आवश्यक हैं। आर्किटेक्चर कोर्सेज में विभिन्न नए और अनोखे आइडियाज और अन्य एनालिटिकल स्किल्स का उपयोग करके निर्माण प्रक्रिया, हवाई अड्डा टर्मिनल, राजमार्ग निर्माण, मॉल और अन्य सिविल कंस्ट्रक्शन के बारे में सिखाया जाता है। आर्किटेक्चर में बैचलर्स, मास्टर्स और ऑनलाइन कोर्सेज की लिस्ट नीचे दी गई है।

बैचलर्स डिग्री कोर्सेज

- बीआर्क
- बैचलर इन इंजीनियरिंग एंड आर्टिटेक डिजाइन
- बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन लेंडस्केप आर्टिटेक्चर
- बीएससी इन आर्टिटेक्चर टेक्नोलॉजी एंड कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट

मास्टर्स डिग्री कोर्सेज

- एमआर्क इन कंजरववेशन एंड रिस्टोनेशन
- एमआर्क इन आर्टिटेक्चरल हिस्ट्री एंड थियोरी
- एम आर्क इन लेंडस्केप डिजाइन
- मास्टर इन अर्बन प्लालिंग
- एमटेक इन कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट
- एमटेक इन बिलडिंग एनेर्जी पर्फोर्मेंस

जॉब अलर्ट

1. जम्मू और कश्मीर सेवा चयन बोर्ड ने जम्मू कश्मीर पुलिस गृह विभाग में कांस्टेवल के पद पर रिक्तियां निकाली है।

भरती करता	जेकेएसएसबी
पद का नाम	पुलिस कांस्टेवल
पदों कि संख्या	4002
आवेदन प्रक्रिया	ओनलाइन
आवेदन की तिथि	30 जुलाई से 29 अगस्त 2024
योग्ता	12वीं
आयु	18 से 28 वर्ष
आवेदन शुल्क	सामान्य, ओबीसी के लिए 700, एससी वन, एसटी टू और इडब्ल्यूएस के 600
सलेक्शन प्रक्रिया	लिखित परीक्षा साररीक परीक्षा और मेडिकल

नोट - अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट jkssb.nic.in.

2. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने नॉन एग्जीक्यूटिव के लिए रिक्तियां निकाली है।

भरतीकरता	आईओसीएल
पद कानाम	नॉन एग्जीक्यूटिव
पदो कि संख्या	467
आवेदन प्रक्रिया	ऑनलाइन
आवेदन कि तिथि	22 जुलाई से 21 अगस्त 2024
योग्ता	फूल टाइम डिप्लोमा
आयु	18 से 26 वर्ष
आवेदन शुल्क	सामान्य, ओबीसी एनसीएल ईडब्ल्यू एस के लिए 300 और एसटी एससी पीडब्ल्यूडी और महिला के लिए नीशुल्क
चयन प्रक्रिया	कंप्यूटर टेस्ट माध्यम से

नोट - अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट iocl.com पर जा के देखे